✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 291 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 21 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



समृद्धि यात्रा के दौरान औरंगाबाद में प्रस्तावित योजनाओं से सीएम नीतीश कुमार को अवगत कराती जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले आरबीआई गवर्नर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को उनके पटना स्थित सरकारी आवास (कार्यालय) पर मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, इस दौरान बिहार के सर्वांगीण विकास एवं आर्थिक प्रगति पर सकारात्मक चर्चा की गई।

### सीएम की समृद्धि यात्रा का पांचवां चरण 23 से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का पांचवां चरण 23 मार्च से शुरू होगा। शुक्रवार को उनके पांचवें चरण के कार्यक्रमों की घोषणा की गई। पांचवें चरण में मुख्यमंत्री की 23 से 26 मार्च तक यात्रा होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 23 मार्च को जहानाबाद और अरवल, 24 मार्च को कैमूर और रोहतास तथा 25 को भोजपुर और बक्सर, 26 को नालंदा और पटना जिलों का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री संबंधित जिले में विकास योजनाओं का शिलान्यास, शुभारंभ एवं उद्घाटन करेंगे।

### ठनका की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। इस दौरान जिले के वजीरगंज और डुमरिया में शुक्रवार शाम वज्रपात यानी ठनका की चपेट में आने से दो लोगों की जान चली गई। वजीरगंज के कोल्हना गांव में 50 वर्षीय किसान एवं डुमरिया में भी खेत में काम कर रहे एक किसान ने आकाशीय बिजली की चपेट में आने के बाद दम तोड़ दिया।

## मुख्यमंत्री ने औरंगाबाद को दी 678 करोड़ की योजनाओं की सौगात

# सभी विकास योजनाओं का काम समय सीमा के अंदर कराएं पूरा : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में औरंगाबाद जिले के बारून नगर पंचायत के वार्ड नंबर-03 में आयोजित जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत टर्न की के आधार पर औरंगाबाद (24,935 परिवारों), डिहरी एवं सासाराम शहरों के लिए पेयजल उपलब्ध कराने के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेयजल आपूर्ति कार्य की प्रगति की मुख्यमंत्री को जानकारी दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विकासात्मक योजनाओं एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन कर उनके क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। इन योजनाओं में देव नगर पंचायत में रिंग रोड का निर्माण, विशुनपुर कैनाल का निर्माण, राष्ट्रीय उच्च पथ पर ट्रामा सेंटर का निर्माण, औरंगाबाद शहर में अदरी नदी पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्य, मदनपुर प्रखंड के (शेष पृष्ठ 11 पर)

## 12 हजार रुपये रिश्वत लेते बीपीआरओ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ऩगरनौसा(नालंदा)।** नालंदा में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (एसयूभी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अनुष्का कुमारी को 12 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार खपुरा निवासी अजय कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। अजय कुमार ने बताया कि पंचायत समिति द्वारा गांव में छठ घाट सीढ़ी निर्माण को लेकर योजना अनुशंसित किया गया था। बीपीआरओ द्वारा अनुशंसित योजना को खोलने के लिए एवं सरकारी कार्य को सुचारू रूप से शुरू करने और फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायत मिलने पर सत्यापन के बाद विजिलेंस ने एक विशेष टीम का गठन किया। योजना के मुताबिक जैसे ही अजय कुमार रिश्वत की राशि लेकर अधिकारी के पास पहुंचे और पैसे दिया, पहले से घात लगाकर बैठी टीम ने उन्हें दबोच लिया। दोपहर तीन बजे के पास एक बार फिर विजलेंस की टीम नगरनौसा प्रखंड आवासीय परिसर पहुंच बीपीआरओ के क्वार्टर की जांच किया। विजलेंस टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राकेश कुमार कर रहे थे।

## शिक्षकों के ट्रांसफर पर बनेगी नई नीति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शिक्षा विभाग ने राज्य के प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर विभागीय स्तर पर शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित किया। इस कमेटी में शिक्षा विभाग के सचिव अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक को सदस्य सचिव तथा प्राथमिक शिक्षा निदेशक, आरडीडी सहरसा अमित कुमार, राज्य परियोजना निदेशक रविशंकर सिंह और माध्यमिक शिक्षा उप निदेशक अब्दुस सलाम अंसारी को सदस्य बनाया गया है। यह कमेटी शिक्षकों के स्थानांतरण से संबंधित नीति, नियमावली, मानक मंडल तैयार करने के साथ ही विद्यालयों में समानुपातिकरण करने हेतु प्रतिवेदन/नियमावली 15 दिनों में तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराएगी।






# रामनवमी व चैती छठ की तैयारियां तेज, देव चैती छठ मेला के लिए 30 लाख मंजूर

## सामाजिक आयोजनों में बेहतर व्यवस्था और पारदर्शिता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता : उपमुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने विभिन्न धार्मिक आयोजनों एवं मेलों के सुचारु संचालन और बेहतर व्यवस्था के लिए बड़ी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। शुक्रवार को कुल एक करोड़ 63 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य सरकार आस्था एवं परंपरा के बड़े धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को सुरक्षित, व्यवस्थित और जनहितकारी बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ऐसे आयोजनों में किसी तरह की कमी नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में स्थानीय सक्रिय लोगों को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे आयोजनों में निखार आ जाता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना नगर क्षेत्र में रामनवमी शोभा यात्रा के आयोजन के लिए 50 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त पटना जिले के दुल्हिन बाजार स्थित उलार धाम सूर्य मंदिर में चैती छठ मेला के लिए 6 लाख रुपये, देशभर में प्रसिद्ध औरंगाबाद के प्रसिद्ध देव चैती छठ मेला के लिए 30 लाख रुपये, दरभंगा राम दरबार चौक महावीर मंदिर रामनवमी मेला के लिए 05 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। सीताकुंड मेला, मुंगेर के लिए 21 लाख, मुजफ्फरपुर श्रावणी मेला का 05 लाख, बांका श्रावणी मेला का 31 लाख तथा अररिया जिले के बाबा सुन्दरनाथ धाम में सम्पन्न हुए महाशिवरात्रि मेला का बकाया 15 लाख रुपये की राशि की भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उपरोक्त सभी आयोजनों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और यातायात प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृत राशि का उपयोग केवल निर्धारित मदों में ही किया जाए और किसी भी प्रकार का विचलन न हो। उन्होंने यह भी कहा कि सभी संबंधित समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता एवं अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि राशि का व्यय पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए तथा समय पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र विभाग को उपलब्ध कराया जाए। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित और यादगार बने। प्रशासनिक स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि समय पर राशि की निकासी और व्यय सुनिश्चित किया जाए, ताकि आयोजन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

# भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1, अणे मार्ग स्थित उनके सरकारी आवास पर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई जिसमें राज्य की आर्थिक स्थिति, वित्तीय प्रबंधन और विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सामान्य चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि इसे औपचारिक शिष्टाचार मुलाकात के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस मुलाकात को प्रशासनिक और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक देश की मौद्रिक नीतियों और बैंकिंग व्यवस्था का प्रमुख संस्थान है। ऐसे में राज्य सरकार और आरबीआई के बीच संवाद से वित्तीय गतिविधियों और योजनाओं के बेहतर समन्वय की संभावनाएं बढ़ती हैं। भेंट के दौरान दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई और राज्य के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। यह मुलाकात राज्य और केंद्र के वित्तीय तंत्र के बीच सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है।

# एमनेस्टी पॉलिसी 2025 का लाभ उठाने हेतु शीघ्र करें 31 मार्च तक आवेदन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार ने राज्य के सभी पात्र औद्योगिक आवंटियों से एमनेस्टी पॉलिसी 2025 का लाभ उठाने हेतु शीघ्र आवेदन करने की अपील की है। प्राधिकार ने स्पष्ट किया है कि एमनेस्टी पॉलिसी, 2025 के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2026 निर्धारित है। यह नीति बंद पड़ी एवं रद्द की गई औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। यह नीति उन सभी आवंटियों के लिए लागू होगी जो स्वेच्छा से इसमें सम्मिलित होकर निर्धारित लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। इस नीति का उद्देश्य औद्योगिक भूखण्डों पर लंबित विवादों और मुकदमों को समाप्त करना, भूमि के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करना तथा बंद पड़ी इकाइयों को पुनर्जीवित कर औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया को गति देना है। उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आइडीए कुंदन कुमार ने कहा एमनेस्टी पॉलिसी 2025 उद्योगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। सभी पात्र आवंटी 31 मार्च, 2026 की समयसीमा से पहले आवेदन कर इस नीति का लाभ उठाएं। यह पहल न केवल लंबित विवादों के समाधान में सहायक होगी, बल्कि राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति भी प्रदान करेगी। प्राधिकार ने स्पष्ट किया है कि यह योजना एक वन-टाइम अवसर के रूप में लाई गई है जिसके माध्यम से आवंटी लंबित विवादों एवं मुकदमों से बाहर निकलकर पुनः अपने उद्योग को स्थापित कर सकते हैं जिन इकाइयों के भूखण्ड पर तृतीय पक्ष अधिकार सृजित नहीं हुए हैं वे इस नीति का लाभ ले सकेंगी। बियाडा द्वारा यह भी बताया गया है कि आवेदन प्राप्त होने के बाद तीन कार्य दिवस में प्रारंभिक स्वीकृति तथा सभी औपचारिकताओं की पूर्ति के उपरांत सात कार्य दिवस में अंतिम स्वीकृति प्रदान की जा रही है। अतः इच्छुक आवंटी बिना विलंब आवेदन कर इस प्रक्रिया का लाभ उठाएं। निर्धारित शर्तों के अनुसार समयबद्ध तरीके से ट्रायल एवं वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने पर इकाइयों को औद्योगिक गतिविधियों में पुनः स्थापित होने का अवसर मिलेगा।

# नीतीश कुमार का औरंगाबाद दौरा ऐतिहासिक, सफल और अत्यंत प्रभावी : सुशील सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के औरंगाबाद दौरे को पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने ऐतिहासिक, सफल और अत्यंत प्रभावी बताया है। पूर्व सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिले में 678 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर विकास को नई गति दी है। इनमें कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं जिनकी घोषणा पहले प्रगति यात्रा के दौरान की गई थी। देव में रिंग रोड, फोर लेन प्रगति पथ और परैया-गुरुवा-रफीगंज सड़क निर्माण जैसी बड़ी परियोजनाएं जिले के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी और विकास को नई दिशा देंगी। उन्होंने कहा कि बारुन प्रखंड के मुंशी बीघा गांव में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री की नीतियों और कार्यों पर जनता का भरोसा बढ़ा है। जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी सीधे लोगों तक पहुंचाई जो सराहनीय पहल है। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के कारण औरंगाबाद सहित पूरे बिहार में तेजी से परिवर्तन दिखाई दे रहा है। समृद्धि यात्रा के माध्यम से सरकार ने यह संदेश दिया है कि विकास की धारा को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उसकी प्राथमिकता है। पूर्व सांसद ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी इसी गति से विकास कार्य जारी रहेंगे और बिहार विकसित राज्य की दिशा में और तेजी से आगे बढ़ेगा।

# उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति : राम कृपाल यादव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में उर्वरकों की आपूर्ति को लेकर सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक कीमत पर बिक्री के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति लागू कर दी है। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने स्पष्ट कहा कि राज्य के किसी भी जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और किसानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2025-26 में 20 मार्च 2026 तक अनियमितताओं के खिलाफ 115 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है जबकि 449 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के लिए मुख्यालय स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है जो शिकायतों के आधार पर लगातार छापेमारी कर रहा है। राज्य में वर्तमान उर्वरक भंडार की स्थिति बताते हुए मंत्री ने कहा कि यूरिया 2.45 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 1.46 लाख मीट्रिक टन, एनपीके 2.05 लाख मीट्रिक टन, एमओपी 0.41 लाख मीट्रिक टन और एसएसपी 1.03 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्रखंडवार आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों का उप-आवंटन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी क्षेत्र में कमी न हो। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि उर्वरक प्रतिष्ठानों में पॉस मशीन पर दर्ज स्टॉक और भौतिक स्टॉक का नियमित सत्यापन किया जाए। किसी भी तरह की गड़बड़ी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सभी जिलों में जांच दल गठित कर नियमित निरीक्षण और छापेमारी तेज करने को कहा गया है। खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती जिलों में निगरानी बढ़ाने और सशस्त्र सीमा बल के साथ समन्वय स्थापित कर उर्वरक तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी स्तर पर अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बिहार दिवस की पूर्व संध्या पर 'बिहार महोत्सव' का आयोजन आज : डॉ. आनंद रंजन झा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर/वैशाली।** बिहार दिवस की पूर्व संध्या पर आज क्षेत्र में 'बिहार महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है। कार्यक्रम का संयोजन कवयित्री वर्षा ठाकुर द्वारा किया जा रहा है जिसमें विभिन्न स्थानों से आमंत्रित कवि, कलाकार एवं विशिष्ट अतिथि अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में काव्य पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं बिहार की समृद्ध परंपरा की झलक देखने को मिलेगी। आयोजकों के अनुसार इस महोत्सव का उद्देश्य बिहार की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित एवं प्रचारित करना तथा युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ना है। इस अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा (वैशाली) के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की कामना करते हुए संयोजक वर्षा ठाकुर सहित सभी आमंत्रित कवियों, कलाकारों एवं अतिथियों के प्रति अग्रिम आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। बिहार दिवस को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और आज आयोजित होने वाला 'बिहार महोत्सव' कार्यक्रम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने की संभावना है क्योंकि इस काव्य और कला के मंच पर उपस्थित होंगे पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी जी (दिल्ली), दिव्यांश दुष्यंत (उत्तराखंड), विकास बैरागी गुरु (मध्य प्रदेश), प्रियंका मिश्रा (कटनी, मध्य प्रदेश), शिवम सांबरा (लखनऊ) एवं अन्य जाने माने हस्तियां।

# डॉ. प्रेम कुमार ने दी ईद-उल-फितर पर मुस्लिम समाज को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने ईद-उल-फितर के मौके पर समस्त मुस्लिम समाज को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। ईद रमजान महीने की सख्त इबादत के बाद खुशी, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। इस दिन ईद के नमाज के बाद मुसलमान भाई एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद देते हैं। इस्लामिक कैलेंडर के नौवें महीने में 29 या 30 रोजे रखने के बाद आखिरी रोजे के दिन इफ्तारी के बाद चांद का दीदार होता है और अगले दिन दसवें महीने यानी 'शव्वाल' की पहली तारीख को 'मीठी ईद' का त्योहार मनाया जाता है। इसे 'ईद-उल-फितर' या 'रमजान ईद' के नाम से भी जाना जाता है। इस्लामी मान्यता के अनुसार ईद-उल-फितर की शुरुआत पैगंबर मुहम्मद ने मक्का से मदीना प्रवास के बाद की थी और पहली बार 624 ईस्वी में मनाई गई थी।

# मुख्यमंत्री के आगमन से रफीगंज सहित पूरे दक्षिण बिहार के लिए खुले संभावनाओं के द्वार : प्रमोद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के औरंगाबाद दौरे को रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह ने ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाला बताया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल औरंगाबाद जिले बल्कि रफीगंज विधानसभा क्षेत्र और पूरे दक्षिण बिहार के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलने वाली है। विधायक ने कहा कि 678 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। विशेष रूप से सड़क और आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाएं क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति देंगी। परैया-गुरुवा-रफीगंज सड़क निर्माण जैसी योजनाएं स्थानीय लोगों के लिए वरदान साबित होंगी और आवागमन के साथ व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रमोद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की योजनाओं और कार्यशैली के कारण बिहार में विकास की एक नई सोच विकसित हुई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो बदलाव दिख रहा है, वह मुख्यमंत्री के नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, क्योंकि उनकी योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि समृद्धि यात्रा ने आम लोगों में विकास को लेकर नई उम्मीद जगाई है। मुख्यमंत्री द्वारा सीधे जनता से संवाद करना और योजनाओं की समीक्षा करना यह दर्शाता है कि सरकार जमीनी स्तर पर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक प्रमोद सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि औरंगाबाद सहित दक्षिण बिहार के विकास के लिए यह दौरा मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में क्षेत्र और तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा।

# विश्व गौरैया दिवसः जू का मोबाइल ऐप और वेबसाइट लांच, डिजिटल सुविधाओं से जुड़ेंगे पर्यटक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व गौरैया दिवस के मौके पर राजधानी पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान में पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री प्रमोद कुमार ने लोगों से अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने की अपील की है। मंत्री ने प्राकृतिक शैक्षणिक लाइब्रेरी का अवलोकन किया जहां गौरैया से संबंधित तस्वीरें, पेंटिंग, घोंसले और विभिन्न कलाकृतियां प्रदर्शित की गई थीं। उन्होंने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 'वसुदैव कुटुंबकम' की भावना हमें यह सिखाती है कि इस धरती पर हर जीव का समान अधिकार है।

# विश्व गौरैया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## संजय कुमार की पुस्तक 'आई लव स्पैरो' का हुआ लोकार्पण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हमारी गौरैया एवं एनवायरमेंट वॉरियर्स ने पटना के एस के पार्क में गौरैया फोटो और घोंसला की प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर अतिथि प्रो. संतोष कुमार, पूर्व प्राचार्य, बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज, पटना और प्रो. नित्यानंद मौर्य, सिविल विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने गौरैयाविद संजय कुमार की पुस्तक 'आई लव स्पैरो' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में गौरैया की घर वापसी करवाने वाले 11 लोगों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया जिनमें प्रो. श्यामानंद प्रसाद, सगुना मोड़, नवीन कुमार, मित्रमंडल कॉलोनी, डॉ. पूनम रंजन, आनंदपुरी, अमित कुमार, चांदपुर बेला, पुष्पलता मोहन, आसियाना ई. संजू कुमारी, रुकनपुरा, दिग्विजय कुमार, डॉ. निशान्धिता राज, प्रेमकला डिवाइज सरिस्ताबाद, मो. अशरफ अली, दीघा और आशा प्रसाद, अम्बेडकर पथ शामिल है। गौरैया जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्रो. संतोष कुमार, पूर्व प्राचार्य, बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज, पटना ने कहा कि घर आंगन की गौरैया आज बहुत कम दिखती है, लेकिन लोगों के प्रयास से कई घरों में गौरैया की घर वापसी हुई है। यह समाज के लिए प्रेरणादायक है। गौरैया प्रो. नित्यानंद मौर्य, सिविल विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने कहा कि गौरैया की घर वापसी की जवाबदेही हर घर और व्यक्ति की है क्योंकि हमने ही उसे अपने से दूर किया है। इस अवसर पर एनवायरमेंट वॉरियर्स के निदेशक निशांत रंजन ने बताया कि गौरैया संरक्षण अभियान सालों भर चलाया जाता है ताकि लोगों के बीच संदेश पहुंचता रहे।

# आधुनिको भव संस्कृतं वद एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज का नववर्ष समारोह सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय नववर्ष का आरंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। इसे सृष्टि के प्रारंभ का द्योतक माना जाता है। हमारे व्रत-त्योहार, विवाह, गृह-प्रवेश एवं सभी शुभ कार्य हिन्दू पंचांग के अनुसार सम्पन्न होते हैं, इसलिए सभी भारतवासियों को पंचांग के माह तिथि की समझ आवश्यक है। ये सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने सीता-राम स्मृति दशदिवसात्मक अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में नववर्ष समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अभियान के प्रधान संरक्षक एवं सदस्य (प्रशासकीय) राज्य लोक सेवा न्यायाधिकरण उत्तर प्रदेश के डा. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि हमें एक जनवरी की तरह भारतीय नववर्ष को मनाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व संयुक्त निदेशक, पेंशन उत्तर प्रदेश के धर्मेंद्र पति त्रिपाठी, राष्ट्रीय संयोजिका प्रो. रागिनी वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान, राजकीय महाविद्यालय गुलजारबाग पटना के संस्कृत विभागाध्यक्षा प्रो. रंजु कुमारी, एल एम टी महाविद्यालय सहरसा के संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ दीप्ति कुमारी, महंथ केशव संस्कृत महाविद्यालय फतुहा के संस्कृत सह आचार्या डॉ नीरा कुमारी, डॉ रागनी कुमारी, तारा विश्वकर्मा, डॉ विश्वजीत रुद्रप्राल, वन्दना पटेरिया, अमिता शर्मा, देवेश प्रकाश, उमा हनोते, प्रो. मीनाक्षी प्रसाद आदि वक्ताओं ने भी भारतीय नववर्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# महाप्रबंधक ने किया मोकामा-बरौनी-समस्तीपुर-दरभंगा-लौकहा बाजार रेलखंड का निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज मोकामा-बरौनी- समस्तीपुर-दरभंगा-सकरी-झंझारपुर-लौकहा बाजार रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के मध्य स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक सहित संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति हमेशा चौकसी बरतने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम महाप्रबंधक द्वारा दिनकरग्राम सिमरिया स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं, सुरक्षा, सरंक्षा आदि से जुड़े विविध पहलुओं का गहन जायजा लिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर अमित सरन तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। महाप्रबंधक द्वारा लौकहा बाजार स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया एवं यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया।

# अब पैक्स बनेंगे गांवों के 'वन-स्टॉप सेंटर', आत्मनिर्भरता पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के पैक्सों को सशक्त करने के लिए शहर के होटल पनाश कौटिल्य में चल रही दो दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को सम्पन्न हो गई। इस मौके पर नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले पैक्स और अन्य समूह सरकारी सहयोग लें, लेकिन खुद को आत्मनिर्भर बनाएं। अपने आप को इतना विकसित करें कि लोग आपसे सहयोग मांगें। इस कार्यशाला को नीति आयोग ने पूर्वी भारत में किसान संगठनों का सशक्तिकरण विषय पर आयोजित किया था। इसे सहकारिता विभाग और डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (आरपीसीयू), पूसा के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसमें प्रो. रमेश चंद ने कहा कि इस कार्यशाला में बिहार सहित 9 राज्यों से आए पैक्स अध्यक्षों और अधिकारियों से पैक्स की चुनौतियों और सफल कार्यों को सुना है। सहकारिता अब एक कामयाब मॉडल बन चुका है, इससे देश-विदेश के लोग प्रेरणा ले रहे हैं।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा अब घर के नजदीक, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने पर जोर : मंगल पाण्डेय

## राज्य के 51 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पॉलीक्लिनिक सेवा हो रही संचालित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेशवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। इस दिशा में राज्य के शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने के लिए पॉली क्लिनिक व्यवस्था लागू की गई है जिससे आम लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा अब उनके घर के नजदीक ही उपलब्ध हो रही है। इस पहल से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आम जन को समय पर सुलभ एवं बेहतर इलाज की सुविधा मिल रही है। श्री पांडेय ने कहा कि वर्तमान में राज्य में 148 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) संचालित हैं जिनमें से 51 केंद्रों पर पॉलीक्लिनिक सेवाएं शुरू की गई हैं। जुलाई 2025 से प्रारंभ इस पहल के तहत फरवरी 2026 तक कुल 1,81,239 मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं। पॉलीक्लिनिक केंद्रों पर सामान्य चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। रोटेशन एवं साप्ताहिक रोस्टर के आधार पर जनरल मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग, त्वचा रोग, कान-नाक-गला (ईएमटी) तथा नेत्र-रोग के विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा मरीजों को परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जा रहा है।

# डिहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी पर राज्य निर्वाचन आयोग सख्त, डीएम को जांच का आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद डिहरी डालमियानगर के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। उनके खिलाफ पद के दुरुपयोग, कार्य में लापरवाही और मनमाने रवैये को लेकर मामला अब राज्य निर्वाचन आयोग तक पहुंच गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस मामले की शुरुआत वार्ड संख्या 6 के पार्षद रितेश कुमार द्वारा दिए गए परिवाद पत्र से हुई। पार्षद ने आयोग को भेजी शिकायत में आरोप लगाया है कि कार्यपालक पदाधिकारी नगर पालिका अधिनियम की अनदेखी करते हुए कार्य कर रहे हैं। शिकायत के अनुसार बीते करीब 8 महीनों से साधारण बोर्ड की बैठक नहीं कराई गई जो नियमों का सीधा उल्लंघन है। इसके अलावा नगर क्षेत्र में सामग्री की खरीद में निर्धारित दर से अधिक भुगतान, मनचाहे संवेदकों के माध्यम से कार्य कराना तथा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पार्षदों का कहना है कि कार्यपालक पदाधिकारी का रवैया तानाशाहीपूर्ण है जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अन्य पार्षदों ने भी इस मुद्दे पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे हालात में सरकार की योजनाएं आम जनता तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रही हैं। पार्षदों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे जन आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें अब तक कोई आधिकारिक पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। पत्र मिलने के बाद ही वे इस संबंध में विस्तृत जानकारी देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्य नियमों के अनुरूप ही किए जा रहे हैं। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में कितनी तत्परता दिखाता है और आरोपों पर क्या कार्रवाई होती है।

## औरंगाबाद के पूर्व सांसद ने कुलदेवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन दावथ स्थित मां आशावारी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगे थे और दोपहर तक यह सिलसिला जारी रहा। इस अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील सिंह ने मां आशावरी की पूजा-अर्चना की और प्रखंड क्षेत्र में नौ दिवसीय पूजा अनुष्ठान का शुभारंभ किया। मंदिर में मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों की गूंज से वातावरण पूरी तरह से पूजामय हो गया था। भक्तजन माता भगवती की आराधना में लिहाफ थे और मंदिर परिसर उनकी भक्ति से सराबोर था। नवरात्र के इस पहले दिन लोगों ने बढ़-चढ़कर दान-दक्षिणा भी दी। पूजा-अर्चना के बाद पूर्व सांसद सुशील सिंह ने कहा कि मां आशावरी की कृपा से क्षेत्र में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहेगी। उन्होंने भक्तों से आह्वान किया कि वे नवरात्र के दौरान माता की पूजा-अर्चना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने जीवन को सुखी बनाएं। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और भक्तों के लिए विशेष इंदोबारा की व्यवस्था की गई थी। पुलिस-प्रशासन भी मुस्तैद रहा। ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। कुल मिलाकर, चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां आशावारी मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

## कैमूर में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत नहीं, अफवाहों पर न दें ध्यान: डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर घरेलू गैस की किल्लत को लेकर फैल रही अफवाहों पर विराम लगाते हुए कैमूर जिलाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि जिले में एलपीजी सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने आम जनता से अपील किया कि वे किसी भी प्रकार की घबराहट में न आएं। जिलाधिकारी ने आंकड़ों के साथ जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में 8000 से अधिक गैस सिलेंडर उपलब्ध थे। बड़े पैमाने पर वितरण होने के बावजूद अभी भी 4000 से अधिक सिलेंडरों का स्टॉक शेष है। आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखने के लिए नियम तय किए गए हैं। शहरी क्षेत्रों (अर्बन) में उपभोक्ता बुकिंग के 25 दिनों के बाद और ग्रामीण इलाकों में 45 दिनों के अंतराल पर सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिलाधिकारी ने बताया कि आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न लाइन होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। हालांकि जांच के दौरान अधिकांश स्थानों पर खाना पकाने के लिए लकड़ी और कोयले का उपयोग होता पाया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि घरेलू गैस का दुरुपयोग पाया गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षा कुमारी ने गणित ओलंपियाड में प्राप्त किया प्रथम स्थान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार दिवस के उपलक्ष में सासाराम डायट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में काराकाट की छात्रा शिक्षा कुमारी ने गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रखंड का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग रोहतास के बैनर तले किया गया था जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम में तीन तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें गणित ओलंपियाड, क्विज प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता शामिल थी। शिक्षा कुमारी ने गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से मध्य विद्यालय गोडारी, काराकाट रोहतास का नाम भी रोशन हुआ है। विद्यालय परिवार की तरफ से प्रधानाध्यापक लालमोहर राम ने शिक्षा कुमारी की उज्ज्वल भविष्य की कामना की और ढेर सारी बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा कुमारी की इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है और आगे भी ऐसे ही छात्र-छात्राएं विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

## ईद को लेकर प्रशासन अलर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** ईद को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। अनुमंडल पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी ने सभी दंडाधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक की जिसमें उन्हें ईद के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी निर्देश दिए गए। जिले के विभिन्न प्रखंडों में जहां मुस्लिम आबादी है वहां दंडाधिकारियों को पुलिस बल के साथ तैनात किया गया है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाएं और किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि पर नजर रखें। इसके अलावा उन्हें यह भी निर्देश दिया गया है कि वे स्थानीय लोगों के साथ संपर्क में रहें और उनकी किसी भी समस्या का तुरंत समाधान करें। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी दंडाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखें।

## शांति समिति की बैठक में सुरक्षा के सख्त निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** दरिहट थाना परिसर में शुक्रवार को थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधि पूजा कमिटी एवं गणमान्य लोगों के साथ ईद-उल-फितर चैती छठ एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को सौहार्द एवं आपसी भाईचारा के साथ पर्व मनाने की सलाह दी एवं स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान भड़काऊ नारे न लगाएं, भ्रामक खबरों एवं अफवाहों से दूर रहे, शांति व्यवस्था भंग करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, डीजे बजाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं, निर्धारित रूट चार्ट के अन्तर्गत ही जुलूस ले जाया जाएगा एवं समयावधि तक जुलूस की समाप्ति करनी होगी। बिना लाइसेंस के जुलूस नहीं निकाली जाएगी। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। आए हुए जनप्रतिनिधियों ने पूजा कमिटी के सदस्यों से पर्व को शांतिपूर्ण मनाने का आश्वासन दिया। मौके पर एसआई कुंदन कुमार, जिला परिषद सदस्य नथुनी पासवान, रंजीत यादव, सुभाष कुमार उर्फ मिठू सिंह, कृष्णा पासवान, मंटू पाल, हरिद्वार प्रसाद, मनोज गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, मिथिलेश राम, अजीत कुमार, असगर अनवर, कलमा अंसारी आदि मौजूद रहे।

## डालमियानगर थाना में शांति समिति की बैठक, ईद व रामनवमी शांतिपूर्ण मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना परिसर में शुक्रवार को आगामी ईद एवं रामनवमी को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रवि रंजन गुप्ता ने की। बैठक में थानाध्यक्ष ने सभी समुदायों के लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए दोनों पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि रामनवमी व ईद के अवसर पर डीजे बजाने तथा हथियारों के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। डीजे संचालकों एवं जुलूस समिति के सदस्यों को इसका कड़ाई से पालन करना होगा अन्यथा विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि रामनवमी जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के धारदार हथियारों का प्रदर्शन पूरी तरह वर्जित रहेगा। जुलूस केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट पर ही निकाला जाएगा तथा इसके लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। साथ ही सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि त्योहारों के दौरान संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जाएगी। शोभायात्रा में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। ईद के दिन मस्जिदों के पास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्य ललित सिन्हा ने विधि-व्यवस्था से जुड़े कई मुद्दे उठाए जिनमें कालाबाजारी, माप-तौल में गड़बड़ी, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना तथा कंपनी क्षेत्र में ट्रैक्टर संचालन पर रोक लगाने की मांग शामिल थी। इस पर थानाध्यक्ष ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मथुरी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि आशुतोष सिंह, ललित सिन्हा, पारस दुबे, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजू यादव, वार्ड पार्षद चंदन यादव, राहुल पासवान, धर्मवीर सिंह, मो. यूनुस, हेमंत कुमार, ललन यादव, रिसालत हुसैन, सुरेंद्र कुमार, विजेंद्र कुमार, सरपंच मोजीब अंसारी, हातीम अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# तीन माह बाद खुला दहेज हत्या का राज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। इस्लामपुर थाना क्षेत्र में दहेज हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसका खुलासा घटना के करीब तीन माह बाद हुआ। पुलिस ने लापता विवाहिता सीमा कुमारी का शव उसके पति की निशानदेही पर गड्ढे से बरामद किया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

पुलिस के अनुसार, मृतका के पति अशोक कुमार ने पूछताछ के दौरान हत्या की साजिश का खुलासा किया। उसने बताया कि हत्या के बाद शव को इस्लामपुर के तेतरिया बनैली खंधा के समीप एक गड्ढे में दफना दिया गया था। शुक्रवार को पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

मृतका के पिता प्रवीण कुमार ने बताया कि उनकी पुत्री की शादी चार वर्ष पूर्व इस्लामपुर थाना क्षेत्र के सकरी पंचायत अंतर्गत चमर बिगहा मकसूदपुर गांव निवासी अशोक कुमार के साथ हुई थी। विवाह में करीब 15 लाख रुपये नकद, सोने की चेन और अंगूठी दी गई थी, बावजूद इसके ससुराल पक्ष की मांगें खत्म नहीं हुईं। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही सीमा कुमारी को अतिरिक्त पांच लाख रुपये के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता था। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। घटना का खुलासा तब हुआ जब 21 दिसंबर 2025 को एक ग्रामीण ने मोबाइल के माध्यम से हत्या की सूचना दी। परिजन जब ससुराल पहुंचे तो घर के सभी सदस्य फरार मिले और सीमा का कोई सुराग नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि हत्या के बाद शव को ठिकाने लगा दिया गया है। इसके बाद मृतका के भाई राघव कुमार सिंह ने 23 दिसंबर 2025 को इस्लामपुर थाना में दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था।

इस्लामपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस के दबाव में आरोपी पति अशोक कुमार ने हिलसा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। रिमांड पर लेकर सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली और शव छिपाने की जगह बताई। पुलिस इस मामले में अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# जैविक खेती से समृद्ध होंगे ग्रामीण : अरविंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। ग्राम निर्माण मंडल, सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा द्वारा शुक्रवार को महुडर पंचायत के झरनवा गांव में किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। डी.के.ए. ऑस्ट्रिया के सहयोग से संचालित 'जैविक पद्धति से सब्जी खेती परियोजना' के तहत आयोजित इस मेले में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि यह परियोजना महुडर और पहाड़पुर पंचायत के 10 गांवों (दनियां,रानीगदर, झरनमा, करमाटांड़, भिखोमोह,रजवरिया,झिलार,कपसिया) के 400 किसानों के जीवन में बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य किसानों को रसायन मुक्त खेती से जोड़कर उनकी आय और मिट्टी की सेहत सुधारना है। मेले में लाभुक किसानों ने अपने-अपने खेतों में उपजाई गई जैविक सब्जियों और उत्पादों का स्टाल लगाया। किसानों ने एक-दूसरे के उत्पादों को देखकर तकनीक और पैदावार बढ़ाने के गुर सीखे। बेहतर उत्पादन करने वाले किसानों को कृषि औजारों से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। परियोजना समन्वयक धीरेंद्र कुमार मन्नू ने बताया कि सितंबर 2025 में करमाटांड़ में शुरू की गई साप्ताहिक हाट की नींव अब रंग ला रही है,जिससे किसानों को उनके उत्पादों का सही मूल्य बाजार गांव में ही मिल रहा है। कृषि वैज्ञानिक अंगद कुमार ने किसानों को जैविक खाद तैयार करने और कीट प्रबंधन की विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. भारत भूषण शर्मा ने 'स्वस्थ जीवन के लिए जैविक पद्धति' को अपनाने पर जोर देते हुए किसानों की सराहना की। इस अवसर पर परियोजना क्षेत्र के 115 सक्रिय किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सफल किसानों के बीच कृषि यंत्रों का वितरण किया गया,जिससे उनके चेहरे खिल उठे।






# जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति सुचारू







**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शुक्रवार को गैस उठाव एवं वितरण से संबंधित एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा राजकुमार सिन्हा द्वारा बताया गया कि एच०पी०सी०एल०, बी०पी०सी०एल० एवं आई०ओ०सी०एल० के प्रबंधकों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार जिले में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। जिले में गैस सिलेंडरों की किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा सभी एजेंसियों द्वारा डोर-स्टेप डिलीवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए गैस एजेंसियों के नियमित निरीक्षण एवं गैस सिलेंडरों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आमजनों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसमें कर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी की गई है।

जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या – 06324-212122 है।

इसके साथ ही जानकारी दी गई कि वर्तमान परिस्थिति में नवादा जिला अंतर्गत एल०पी०जी० गैस एजेंसियों, विक्रेताओं एवं पेट्रोल पम्पों पर आम नागरिकों की भीड़ बढ़ने की संभावना है, जिससे अव्यवस्था अथवा विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। साथ ही ऐसी स्थिति में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा एल०पी०जी० गैस सिलेंडरों अथवा पेट्रोलियम पदार्थों की जमाखोरी एवं कालाबाजारी किए जाने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। अतएव, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने तथा गैस एजेंसियों, विक्रेताओं एवं पेट्रोल पम्पों के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं रजौली द्वारा प्रत्येक प्रखंड के लिए धावा दल का गठन किया गया है। इस धावा दल में संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं संबंधित थाना के थानाध्यक्ष को शामिल किया गया है। आज धावा दल द्वारा विभिन्न प्रखंडों में अवस्थित गैस एजेंसियों के गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया।

# 45 दिव्यांगजनों को मिली बैटरी चालित ट्राई साइकिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना 'सम्बल' के तहत समाज कल्याण विभाग की ओर से शुक्रवार को बिहारशरीफ मुख्यालय में बैटरी चालित तिपहिया साइकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार और नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 45 चयनित दिव्यांगजनों को बैटरी चालित साइकिल की चाबियां सौंपी गईं, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और आत्मनिर्भरता की झलक साफ दिखाई दी। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार की प्राथमिकता दिव्यांगजनों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी दिव्यांग व्यक्ति खुद को समाज या परिवार पर बोझ न समझे, बल्कि सम्मानपूर्वक जीवन जी सके। मंत्री ने योजनाओं में किए गए महत्वपूर्ण बदलावों की जानकारी देते हुए बताया कि पहले इस योजना के तहत केवल 10 हजार मोटराइज्ड साइकिल देने की सीमा थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। साथ ही दिव्यांगता की पात्रता भी 60 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठा सकें। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी।

# पकरीबरावां एवं धमौल थाना में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। ईद, चैती छठ एवं रामनवमी पर्व को लेकर पकरीबरावां एवं धमौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। दोनों स्थानों पर आयोजित बैठकों में पुलिस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। धमौल थाना में आयोजित बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि सभी पर्वों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा गया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिन्हा, सचिव अजीत भारती, सरपंच धर्मेंद्र यादव, कैसर मंसूरी, मोइन आलम सहित अन्य थे। वहीं, पकरीबरावां थाना में आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष रंजन चौधरी, एसआई सौरभ कुमार, विकास कुमार, एएसआई ओम प्रकाश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि पर्वों के दौरान घातक हथियार, डीजे, अश्लील गाना, किसी विशेष धर्म से संबंधित आपत्तिजनक गीत या नारे तथा राजनीतिक भड़काऊ गानों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी जुलूस को निकालने से पूर्व लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा तथा जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाएगा। नियमों के उल्लंघन या अफवाह फैलाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठकों में सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली, पेयजल एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। जाम की समस्या से निपटने के लिए देवी स्थान के पास टोटो वाहनों को निर्धारित स्थान पर खड़ा करने तथा सिकंदरा व नवादा की ओर से आने वाली बसों को तय स्थानों पर रोकने का सुझाव दिया गया। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव का निर्देश दिया गया। साथ ही चैती दुर्गा पूजा का विसर्जन 28 मार्च तक संपन्न कराने तथा 29 मार्च को रामनवमी जुलूस को निर्धारित मार्ग—राम जानकी ठाकुरबाड़ी से मोहन बीघा, खपूरा मोड़, वारिसलीगंज मोड़ एवं राइस मोड़ होते हुए देवी स्थान तक निकालने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह, मुखिया विनय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अनिल यादव, अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान, कोषाध्यक्ष लवली टेलर, सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार, जावेद हुसैन, शेरु मलिक, लक्ष्मण चौहान, दिनेश यादव, अंजुम खान, अब्दुल क्यूम, पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार, शंभु पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद व विधायक विभा देवी के छोटे पुत्र की सड़क हादसे में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा के विधायक विधायक विभा देवी एवं पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद के छोटे पुत्र अखिलेश यादव का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। बताया गया कि अपने आवास पथरा इंग्लिश के समीप हीं अपने थार वाहन से दुर्घटना से दुर्घटना हो गए। जिसके बाद उन्हें नवादा के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया ,जहां से उसे पटना रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद उनके पैतृक आवास से एक होनहार युवा और राजनीति के कद्दावर परिवार के चश्म-ओ-चिराग अखिलेश कुमार को आज नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार घर के पास हीं उनके दादा जेहल प्रसाद के समाधि स्थल प्रांगण में किया गया।



पूर्व राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद यादव और विधायक विभा देवी के छोटे पुत्र के अंतिम संस्कार में जनसैलाब इस कदर उमड़ा कि हर रास्ता छोटा पड़ गया। सड़क हादसे में उनकी आकस्मिक मृत्यु ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। जैसे ही अखिलेश कुमार का पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास पहुंचा, वहां कोहराम मच गया। मां (विधायक विभा देवी) और पिता सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। अंतिम दर्शन के लिए नवादा ही नहीं, बल्कि पड़ोसी जिलों से भी हजारों की संख्या में समर्थक, पार्टी कार्यकर्ता और आम लोग पहुंचे। अंतिम यात्रा के दौरान 'अखिलेश कुमार अमर रहें' के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। बाजार से लेकर गलियों तक, लोग अपने चहेते युवा नेता के अंतिम दर्शन के लिए छतों और सड़कों पर खड़े दिखे।

**राजनीतिक दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि** : दाह संस्कार के समय जिले के कई वर्तमान और पूर्व विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। विधायक विमल राजवंशी, पूर्व विधायक मोहम्मद कामरान, पूर्व विधायक प्रकाशवीर, सतीश कुमार मंटन, जिला परिषद नीतीश कुमार, अशोक महतो, पूर्व विधायक कौशल यादव, विनय यादव, मथुरा यादव, अरविंद चंद्रवंशी, शोभा देवी, धर्मेंद्र चौधरी, विनोद यादव, राजू सिंहा, दीपक कुमार, शंभू विश्वकर्मा, प्रमोद चंद्रवंशी, अरविंद गुप्ता, विनोद चौधरी, जितेंद्र चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, अजीत यादव, सुधा शर्मा, रेणु सिंह, विमल सिंह सभी ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

## एक नजर

### माता के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' की हुई विशेष पूजा

**कौआकोल**। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर कौआकोल प्रखंड मुख्यालय स्थित स्थानीय दुर्गा मण्डप में श्रद्धा और उल्लास का माहौल बना हुआ है। नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को माता दुर्गा के द्वितीय स्वरूप 'माँ ब्रह्मचारिणी' की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। सुबह से ही दुर्गा मण्डप में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। मंदिर परिसर शंखध्वनि और 'जय माता दी' के जयकारों से गुंजायमान रहा। मुख्य पुजारी पण्डित धर्मेंद्र भूषण पाठक द्वारा माता का विशेष अभिषेक कर उन्हें श्वेत वस्त्र, सुगंधित पुष्प और अक्षत अर्पित किए गए। माता को विशेष रूप से चीनी, मिश्री और पंचामृत का भोग लगाया गया, जो उनके इस स्वरूप को अत्यंत प्रिय है। पूजा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि मां ब्रह्मचारिणी तपस्या, त्याग और सदाचार की अधिष्ठात्री देवी हैं। उनकी उपासना से भक्तों के जीवन में संयम और आत्मविश्वास की वृद्धि होती है।

### विधायक पुत्र के निधन पर जताया शोक

**नवादा**। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता श्याम सुन्दर शरण ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व राज्यमंत्री राजवल्लभ प्रसाद जी एवं नवादा की माननीय विधायक विभा देवी जी के छोटे सुपुत्र अखिलेश यादव जी का सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन अत्यंत पीड़ादायक और हृदय विदारक है। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में इस तरह का दुखद हादसा पूरे समाज को स्तब्ध कर देने वाला है। यह अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं।

### विश्व गौरैया दिवस पर राजगीर में बच्चों ने बनाए इको-फ्रेंडली घोंसले

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले में विलुप्त हो रही गौरैया के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजगीर जू सफारी के तत्वावधान में नगर के मध्य विद्यालय, राजगीर में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को गौरैया के पारिस्थितिक महत्व और उनकी घटती संख्या के कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर आयोजित 'गौरैया घोंसला निर्माण प्रतियोगिता' कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें बच्चों ने गत्ते, जूट, सूखी घास और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों से सुंदर और सुरक्षित घोंसले बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

# 31 मार्च तक जीवन प्रमाणीकरण अनिवार्य अन्यथा पेंशन होगा बंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। प्रभारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा अमरनाथ कुमार ने जानकारी दी कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा संचालित केंद्र एवं राज्य प्रायोजित कुल 6 पेंशन योजनाओं के तहत पात्र पेंशनधारियों को प्रतिमाह 1100 की राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृत पेंशनधारियों को चिन्हित कर ई-लाभार्थी पोर्टल के डेटाबेस को अद्यतन करने तथा पात्र लाभार्थियों को निर्बाध पेंशन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से 22 दिसंबर 2025 से निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। राज्य स्तर पर अब तक 84 लाख से अधिक पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण किया जा चुका है। वहीं, नवादा जिले में कुल 2,93,506 पेंशनधारियों में से अब तक केवल 1,85,574 पेंशनधारियों ने ही अपना जीवन प्रमाणीकरण कराया है, जबकि शेष 1,07,932 पेंशनधारियों द्वारा अभी तक यह प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि जीवन प्रमाणीकरण कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इस तिथि के पश्चात केवल उन्हीं पेंशनधारियों का पेंशन जारी रखा जाएगा, जिनका जीवन प्रमाणीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका होगा। जिन पेंशनधारियों द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराया जाएगा, उनका पेंशन भुगतान स्थगित कर दिया जाएगा।

# नालंदा कॉलेज एनएसएस के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राष्ट्रीय सेवा योजना नालंदा कॉलेज के द्वारा गुरुवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कॉलेज परिसर में किया गया। 26 मार्च तक चलने वाले इस विशेष शिविर में भाग लेने के लिए 50 छात्रों का चयन किया गया इसके साथ ही नालंदा महिला कॉलेज के सात छात्राओं को भी विशेष रूप से इसमें शामिल किया गया है। प्राचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। दिन की शुरुआत भव्य तैयारियों एवं आकर्षक सजावट के साथ की गई, जिसमें सभी एनएसएस स्वयंसेवकों ने पूर्ण मनोयोग, अनुशासन एवं उत्साह के साथ अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। प्रभारी प्राचार्य के रूप में उपस्थित वरिष्ठ प्रोफेसर, प्रो. आर पी कछवे ने छात्रों को सामुदायिक सेवा के लिए एकजुट होकर काम करने के लिए प्रेरित किया एवं शिविर में मिली सीख को जीवन में आगे ले जाने का आह्वान किया। विशेष शिविर के बारे में विस्तार से बताते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बिनीत लाल ने कहा कि जिले में लंबे समय बाद इस तरह के शिविर का आयोजन किया गया है जिसके लिए भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय ने वित्तीय सहायता के साथ ही दिशानिर्देश जारी किया है। सातों दिन के लिए अलग कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया है जिसमें सामाजिक विषयों पर सत्र, गोद लिए गाँव में जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान, आस पास के क्षेत्रों में रैली के माध्यम से आम जनता तक पहुंच शामिल है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शिविरों से सेवा, सहानुभूति और अनुशासन का विकास होता है। अतिथि वक्ता के रूप में जिले के प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि एनएसएस हमारे भीतर त्याग, सेवा और समर्पण का भाव पैदा करता है, जिससे हम आंतरिक रूप से समृद्ध बनते हैं। यही समृद्धि हमें दूसरों के प्रति सहानुभूति और कर्तव्य भाव सिखाती है। अतिथि के रूप में मौजूद जिला भू अर्जन पदाधिकारी डॉ. साकेत सुमन ने कहा कि जीवन में केवल सफल होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका सार्थक होना भी आवश्यक है, जिस पर एनएसएस बल देता है। उन्होंने स्वयंसेवकों के चेहरों पर दिख रही दीप्ति और विश्वास को शिविर की सफलता का प्रमाण बताया।

# सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान–जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा शंभू शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 30 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गई। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा तथा सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज
(NAAC ACCREDITED 'B' GRADE)
Upgraded to a Model College by MHRD. Govt. of India
अंगीभूत इकाई–मगध विश्वविद्यालय, बोधगया
औरंगाबाद 824102 (बिहार)

TENDER INVITATION NOTICE

Sealed quotations are invited from registered contractors/service providers / firms who can undertake the below assignments as required by the college as per the detailed specifications which can be ascertained from the college during working hours and can be downloaded from college website https://ssinhacollege.ac.in.

(a) Upgradation of PG/UG Laboratories with latest Lab Equipment, Chemicals and Glassware as per new CBCS Syllabus.
(b) Upgradation of Laboratories to Virtual Laboratories.
(c) Creation MOOC Studies for Vocational Courses.
(d) Creation of Psychology and Geography Laboratories.
(e) Creation of Smart Classes.
(f) Interior work and Furniture Fixture Supply.
(g) Supply of Sports Goods and Equipment.
(h) Supply of NSS, NCC and Yoga Dress and Equipment.
(1) Library Digitalisation with Hardware, Software, Barcoding and Shelving.

Interested and eligible firms are requested to submit their quotations separately for Technical Bid and Financial Bid as per the Schedule of Expression of Interest to the undersigned within 21 days from the date of notice.

Principal
S. Sinha College, Aurangabad

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया जिले में शुक्रवार को 'समृद्धि यात्रा' के क्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का मां मंगला गौरी की पावन धरती पर स्वागत किया। इस दौरान गया जिले के मायापुर और टनकुप्पा में आयोजित विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रमों में भाग लिया गया। कार्यक्रम में कुल 377 करोड़ रुपये की लागत से 140 योजनाओं का शिलान्यास तथा 367 करोड़ रुपये की लागत से 553 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, मंत्री विजय चौधरी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य एक करोड़ युवाओं और महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर विकसित बिहार का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, सड़क, बिजली और सुरक्षा के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर काम हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वहीं बिहार भी विकसित और आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि गया को केंद्र सरकार द्वारा दो कॉरिडोर की सौगात मिली है, साथ ही रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार किया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से भी ओवरब्रिज निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। समृद्धि यात्रा के तहत गया जिले को मिली इन सौगातों के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई दी और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को धन्यवाद दिया।



## गया सहित बिहार में नियमित अमीनों का काला बिल्ला लगा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर गया जिला सहित बिहार के सभी जिलों में नियमित अमीनों द्वारा 20 मार्च को काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्य को प्रभावित किए बिना अमीनों ने सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास किया।

प्रदर्शन के दौरान नियमित अमीन ब्रजमोहन कुमार, अक्षय कुमार, आनंद कुमार, विपिन कुमार एवं शालिनी कुमारी ने संयुक्त रूप से बताया कि पूर्व में अमीन संवर्ग नियमावली 2025 के तहत ग्रेड-1 अमीन एवं प्रधान अमीन के पद पर पदोन्नति की व्यवस्था किए जाने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में एक अमीन नियुक्ति से लेकर सेवानिवृत्ति तक उसी पद पर कार्यरत रहता है, जो उचित नहीं है।

अमीनों ने अपनी प्रमुख मांगों में कार्यों के अनुरूप वेतनमान लेवल -6,निर्धारण, समयबद्ध पदोन्नति, गृह जिला अथवा नजदीकी जिले में पदस्थापन तथा अन्य लंबित सेवा-संबंधी मांगों को शामिल किया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे आगे और व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। हालांकि फिलहाल सभी जिलों में विरोध पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा।

## गुरुआ-तेतरिया रोड पर बैरिकेडिंग तोड़ी, बड़े वाहनों का आवागमन फिर से शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** गुरुआ मिडिल स्कूल से तेतरिया गांव जाने वाली ग्रामीण सड़क पर भारी वाहनों के आवागमन के कारण गुरुआ बाजार में लगातार जाम की समस्या बनी हुई थी। इस समस्या को देखते हुए करीब एक सप्ताह पहले शेरघाटी के अनुमंडलीय पदाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर लोहे की स्थायी बैरिकेडिंग लगाई गई थी, ताकि जाम की स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके। इसके तहत गुरुआ मिडिल स्कूल के पास तेतरिया मोड़ पर लोहे की बैरिकेडिंग स्थापित की गई थी, लेकिन हैरानी की बात है कि बैरिकेडिंग लगाए जाने के महज दो दिन बाद ही अज्ञात लोगों द्वारा इसे तोड़कर हटा दिया गया जिसके बाद एक बार फिर बड़े वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बालू माफिया प्रशासन के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं और नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

## अवैध गैस रीफिलिंग पर डीएम ने कार्रवाई का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** डीएम शशांक शुभंकर ने प्रेसवार्ता में बताया कि गैस सिलेंडर को लेकर पैनिक होने की जरूरत नहीं है। पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस की आपूर्ति की जा रही है। जिला प्रशासन गैस वितरक एजेंसियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई संकट नहीं है। अफवाह में नहीं आए। उन्होंने बताया कि गया जिले में कुल 72 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं जिनके माध्यम से लगभग 7 लाख 83 हजार 374 उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाती है। बढ़ती शिकायतों को देखते हुए प्रशासन ने निगरानी व्यवस्था को और सख्त कर दिया है।

इसी कड़ी में 23 विशेष टीमों का गठन किया गया है जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर रही हैं। इन टीमों का उद्देश्य गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाना है। प्रतिदिन गैस वितरकों से अपटू डेट रिपोर्ट लिया जा रहा है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने एक अहम फैसला लेते हुए फिलहाल कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर अस्थायी रोक लगा दी है। यह कदम घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से उठाया गया है। गैस वितरण को व्यवस्थित करने के लिए नए दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को 45 दिनों के अंतराल पर जबकि शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों के बाद ही नया सिलेंडर दिया जाएगा। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी अशोक कुमार चौधरी को गैस की ओवर रेटिंग, रिफिलिंग और अवैध रूप से ब्लैक मार्केटिंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। डीएम ने कहा कि घरेलू गैस को कामर्शियल रूप में इस्तेमाल करने पर धावा दल द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

## आठ माह से मानदेय बकाया, आशा कार्यकर्ताओं का सीएचसी पर धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रांगण में आशा कार्यकर्ता, आशा फैसिलेटर एवं वैक्सीन कुरियर ने आठ माह से लंबित मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर रोषपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.मो.नद्दीम अख्तर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की गई। जानकारी के अनुसार कोंच प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से पहुंची दर्जनों आशा कार्यकर्ताओं, फैसिलेटरों एवं वैक्सीन कुरियर का मानदेय पिछले आठ महीनों से लंबित है। भुगतान नहीं होने से नाराज कर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य द्वार पर धरना देकर अपनी नाराजगी जताई। प्रखंड अध्यक्ष अरूणा राय ने कहा कि सभी आशा कार्यकर्ता, फैसिलेटर और वैक्सीन कुरियर ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, लेकिन समय पर मानदेय नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## शिवेश राम के राज्यसभा निर्वाचन पर सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शिवेश राम के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री को भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा द्वारा अंगवस्त्र एवं विष्णु चरण चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान शिवेश राम ने हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत, समर्पण और विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो भरोसा उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि राज्यसभा में पहुंचकर वे बिहार की जनता की आवाज को मजबूती से उठाएंगे और राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि शिवेश राम एक कुशल संगठनकर्ता हैं जिन्होंने लंबे समय तक पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ अब राष्ट्रीय स्तर पर भी मिलेगा। डॉ. मिश्रा ने विश्वास जताया कि राज्यसभा में उनकी उपस्थिति से बिहार के जनहित से जुड़े मुद्दों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। साथ ही उन्होंने शिवेश राम को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

## अंतरराज्यीय अटैची लिफ्टर गैंग का भंडाफोड़, छह शातिर गिरफ्तार

### दीक्षा भूमि एक्सप्रेस में चोरी की वारदात का खुलासा, आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई सफल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेल मंडल अंतर्गत गया-धनबाद रेल सेक्शन पर ट्रेन संख्या 11045 दीक्षा भूमि एक्सप्रेस में यात्री के ट्रॉली बैग से सोने के जेवरात चोरी की घटना का आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने सफल खुलासा किया है। इस मामले में छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद राजकीय रेल थाना गोमो में मामला दर्ज किया गया था। पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण में छह संदिग्धों की पहचान हुई जो पारसनाथ स्टेशन पर भीड़ बनाकर चोरी करते नजर आए।



**होटल में छापेमारी कर दबोचे गए आरोपी**

जांच के दौरान गोमो स्टेशन और आसपास के होटलों में तलाशी अभियान चलाया गया। एक होटल संचालक की मदद से आरोपियों की पहचान हुई जिसने बताया कि ये सभी पहले भी वहां आ चुके हैं। 17 मार्च को सूचना मिलने पर टीम ने गोमो पुरानी बाजार स्थित एक होटल में छापेमारी कर सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित यात्री ने भी उनकी पहचान की पुष्टि की।

आरोपियों के पास से अटैची खोलने के औजार, पुलिस की वर्दी, मोबाइल फोन, नकदी और अन्य सामान बरामद किए गए।

**हरियाणा का कुख्यात सहसी गैंग, पूरे देश में फैला नेटवर्क**

पूछताछ में खुलासा हुआ कि ये सभी हरियाणा के भिवानी, हिसार और रोहतक जिलों के कुख्यात 'सहसी गैंग' से जुड़े हैं जिसके करीब 150 सदस्य देश भर में सक्रिय हैं। ये गिरोह ट्रेन में यात्रियों की मदद का दिखावा कर भीड़ बनाकर बड़ी सफाई से उनके बैग से कीमती सामान चोरी कर लेते हैं। गिरफ्तार आरोपियों में अजय कुमार, राजेश कुमार, महेंद्र सिंह, जगदीश, कुलदीप सिंह और राजीव कुमार शामिल हैं। आरपीएफ अधिकारियों ने इस सफलता को बड़ी उपलब्धि बताते हुए टीम के सदस्यों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## आशा बहाली में दर्जनों ग्रामीणों ने लगाया गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** मण्डई गांव में आशा कार्यकर्ता की बहाली को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को आवेदन देकर जांच की मांग की है। दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने चयन प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे नियमों के विरुद्ध बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि आशा कार्यकर्ता का चयन बिना ग्राम सभा या आम सभा आयोजित किए बैगर गुप्त तरीके से किया गया जबकि नियमों के अनुसार ऐसी बहाली प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से ग्राम सभा के माध्यम से होना चाहिए था, लेकिन इस मामले में न तो किसी प्रकार की पूर्व सूचना दी गई और न ही ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वार्ड के निवासी श्रवण कुमार चिकित्सा प्रभारी को लिखित आवेदन देकर बहाली को तत्काल रद्द करने की मांग की है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि यह नियुक्ति नौडीहा पंचायत के मुखिया और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से की गई है।

## गया से आस्था, सफलता और विश्व शांति का दिव्य संदेश

### गोल इंस्टीच्यूट के संस्थापक बिपिन सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों की सफलता के लिए शतचंडी महायज्ञ का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले के पवित्र महाचक गांव में एक अद्भुत आध्यात्मिक और भावनात्मक आयोजन का शुभारंभ हुआ है जहां गोल इंस्टीच्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों की सफलता और विश्व शांति के लिए भव्य शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दिव्य आयोजन की शुरुआत 19 मार्च को अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य कलश यात्रा के माध्यम से हुई जिसने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। हजारों श्रद्धालुओं ने इस कलश यात्रा में भाग लेकर अपनी आस्था का अनुपम परिचय दिया। विशेष रूप से हजारों महिलाओं की गरिमामयी सहभागिता ने इस यात्रा को और भी दिव्य एवं भव्य बना दिया। सिर पर कलश, चेहरे पर श्रद्धा और मन में भक्ति लिए महिलाओं का यह दृश्य हर किसी के हृदय को भावुक कर गया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला एक सशक्त संदेश बनकर उभरा है। इस महायज्ञ के माध्यम से जहां एक ओर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की जा रही है, वहीं दूसरी ओर विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए सामूहिक प्रार्थना की जा रही है। गोल के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह शतचंडी महायज्ञ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और संपूर्ण विश्व में शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार का एक विनम्र प्रयास है जब शिक्षा और आध्यात्म का संगम होता है, तब सफलता केवल लक्ष्य नहीं बल्कि एक साधना बन जाती है। इस यज्ञ के माध्यम से हम अपने सभी छात्रों के लिए शक्ति, ज्ञान और सफलता की कामना करते हैं। साथ ही विश्व के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शांति और समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। महाचक और आसपास के सभी गांवों के लोगों ने जिस श्रद्धा और एकता के साथ इसमें भाग लिया है, वह वास्तव में ' गोल परिवार' की भावना को साकार करता है।



## मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कराई गांव में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि हृदयानंद यादव के फर्द बयान के आधार पर कांड संख्या 70/26 दर्ज किया गया है जिसमें कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त विजय यादव, सुखल यादव और अंकित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि वादी बाजार से जानवर का दाना खरीदकर अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में आरोपितों द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।



## कोंच में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, भव्य कलश यात्रा के साथ जलाहरण संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच बाजार में शुक्रवार को भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध महावीर ठाकुरबाड़ी सह बालाजी मंदिर प्रांगण से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ ही महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। कलश यात्रा ठाकुरबाड़ी से प्रारंभ होकर बाजार का भ्रमण करते हुए कोचेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। बैकुंठवासी स्वामी धरणीधराचार्य जी महाराज की कृपा पात्र श्री श्री 108 श्री पुरुषोत्तम आचार्य जी महाराज के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में दर्जनों घोड़े एवं रथ शामिल रहे। जयघोष के साथ हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा आगे बढ़ाते हुए कोंच सूर्य मंदिर स्थित तालाब पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं का विधिवत जलाहरण कराया गया। इसके बाद सभी श्रद्धालु पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे जहां मंडप प्रवेश की रस्म संपन्न कराई गई। आयोजन समिति के सदस्य गिरजेश शर्मा, रंजीत कुमार, नरेश शर्मा, मुरारी शर्मा, बलिंदर शर्मा, बृजेश शर्मा एवं मनीष शर्मा ने बताया कि सप्ताह ज्ञान यज्ञ 20 मार्च से प्रारंभ होकर 26 मार्च को संपन्न होगा। प्रतिदिन संध्या समय श्री पुरुषोत्तम आचार्य जी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन किया जाएगा। रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन होगा जिसमें लोक गायक सुमंत कुमार सहित कई कलाकार भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे। साथ ही रासलीला का भी आयोजन किया गया है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने एवं महाप्रसाद की समुचित व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई है। भीड़ नियंत्रण के लिए स्थानीय स्तर पर अलग कमेटी का गठन किया गया है।


URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PARISHAD AURANGABAD
Invitation for Bids under SBD
Govt. of Bihar

Invite Re-Tender vide NIT No. 15/2025–26

The Executive Officer, Aurangabad Nagar Parishad, Bihar invites online Tender in SBD Mode basis from eligible firms/contractors of repute for the following work:

| | |
|---|---|
| Tender Publication Date | 16.03.2026 |
| Start of Bid/Downloading of RFP Document. | From 25.03.2026 (10:00 AM) www.eproc2.bihar.gov.in |
| Last Date of Online Bid Submission | 11.04.2026 Till 5:00 PM. |
| Period during which hard copies of documents shall be physically submitted. | 15.04.2026 Till 1:00 PM At Nagar Parishad office, Aurangabad |
| Time & date of online opening of documents. (Mandatory documents) Technical bid | 15.04.2026 Till 3:00 PM |
| Time & date of online opening of Financial bid | After decision of Technical Bid. |

| Sl. No. | Name of the Work | Estimated Project Cost (In Rs.) | Bid Security/ EMD (2%) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Tender Processing Fee |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Ram Janki Park in Aurangabad Municipal Council under AMRUT 2.0 in Bihar. | 239,69,325.00 | 4,79,500.00 | 10,000.00 | As per EPROC 2.0 |
| Periods of Bids Validity | | 120 Days | | | |

The bid forms and other detail scan be seen& downloaded from the website portal https://www.eproc2.bihar.gov.in.

- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e internet payment gateway (Credit/Debit Card), Net banking, NEFT /RTGS in favour of **Executive officer , Nagar Parishad Aurangabad.**
- "Bids along with necessary online payments must be submitted through e -Procurement portal eproc2.bihar.gov.in before the date and time specified in the NIT. The depar tment doesn't take any responsibility for the delay/Non Submission of Tender/Non Reconciliation of online Payment caused due to Non-availability of Internet Connection, Network Traffic/Holidays or any other reason. "
- The SBD Maybe Postponed, modified or Cancelled at any time due to administrative reasons and No Claim shall be entertained on this account.

**Executive Officer**
**Nagar Parishad**
**Aurangabad**

**Chairman**
**Nagar Parishad**
**Aurangabad**

PR- 026792 (B & C) 2025-26

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



बिहार सरकार

**कार्यालय नगर परिषद्, औरंगाबाद**

**पुर्नअति अल्पकालीन आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत **वित्तीय वर्ष 2026–27** के लिए निम्नांकित सैरातो की बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा **दिनांक–28.03.2026 को अप0 1:00 बजे** से नगर परिषद् औरंगाबाद के सभाकक्ष में निम्नांकित नियम एवं शर्तो के अधीन किया जाएगा :–

संबंधित डाक की विवरणी, जमा राशि एवं अग्रधन उनके सम्मुख निम्नरूपेण अंकित है:–

| सैरात सं0 | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | औरंगाबाद बस स्टैण्ड एवं टेम्पो स्टैण्ड से दैनिक शुल्क की वसूली। | 82,80,000.00 | 8,30,000.00 |
| 2. | रामाबांध बस स्टैण्ड एवं दानी बिगहा बस स्टैण्ड को छोड़कर और NH से गुजरनेवाले वाहनो को छोड़कर शहर में प्रवेश करनेवाले मालवाहक टेम्पो एवं अन्य वाहनों से दैनिक चुंगी कर की वसूली एवं गीतिका होटल के सामने चारपहिया वाहन और कारगिल चौक के पास दो पहिया वाहन, राजा नारायण सिंह पार्क के उत्तर और धरनीधर मोड (गया ज्वेलर्स) के पास बने वाहन पार्किंग से पार्किंग शुल्क की वसूली। | 35,20,000.00 | 3,55,000.00 |

1. वसूली नगर परिषद् औरंगाबाद द्वारा निर्धारित निम्नांकित दर पर ही करना होगा :–
2. **सैरात सं0–1 के लिए निर्धारित दर :–**

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | टेम्पो/टोटो | 15.00 रू0 दैनिक |
| 2. | छोटी बस/407/709 | 60.00 रू0 दैनिक |
| 3. | बडी बस | 80.00 रू0 दैनिक |

**सैरात सं0–2 के लिए निर्धारित दर :–**

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | मालवाहक टेम्पो | 20.00 रू0 दैनिक |
| 2. | ट्रैक्टर/चार चक्का टेम्पो | 40.00 रू0 दैनिक |
| 3. | छोटी बस/ट्रक/407/709 | 60.00 रू0 दैनिक |
| 4. | बडी बस | 80.00 रू0 दैनिक |
| 5. | दस चक्का ट्रक | 100.00 रू0 दैनिक |
| 6. | चारपहिया वाहन से पार्किंग शुल्क | 20.00 रू0 |
| 7. | दो पहिया से पार्किंग शुल्क | 5.00 रू0 |

विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के सूचनापट्ट या https://www.aurangabad.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद् औरंगाबाद**
PR- 026913 ( B & C ) 2025-26

**मुख्य पार्षद**
**नगर परिषद् औरंगाबाद**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

संपादकीय

# अपने गिरेबां में झांके अमेरिका

अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ़) की रिपोर्ट को भारत सरकार ने पक्षपाती बताते हुए, इसे सिरे से खारिज कर दिया है। यूएससीआईआरएफ एक अर्द्ध सरकारी संस्था है, जो दुनिया भर के देशों में अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति को लेकर रिपोर्ट जारी करती है। उसकी ताजा रिपोर्ट में इस बार भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। यूएससीआईआरएफ़ ने अपनी रिपोर्ट में अमेरिकी विदेश मंत्रालय से भारत को विशेष चिंता वाले देश (सीपीसी) के रूप में नामित करने की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति निरंतर ख़राब हो रही है। यूएससीआईआरएफ़ ने रॉ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर धार्मिक स्वतंत्रता उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अमेरिका को दोनो संगठनों पर लक्षित प्रतिबंध लगाने चाहिए। अपनी सिफ़ारिशों में यूएससीआईआरएफ़ ने कहा कि रॉ और आरएसएस से जुड़े लोगों और संस्थानों की संपत्तियां फ्रीज़ की जाएं और उनके अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाई जाए। साथ ही अमेरिका भारत को दी जाने वाली सुरक्षा सहायता और द्विपक्षीय कारोबार को धार्मिक स्वतंत्रता में सुधारों से जोड़े और हथियार निर्यात नियंत्रण अधिनियम के तहत भारत को हथियारों की बिक्री पर रोक भी लगाए। हालांकि इन सिफारिशों को अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने स्वीकार नहीं किया है। दरअसल यूएससीआईआरएफ़ (यूनाइटेड स्टेट्स कमिशन ऑन इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडम) एक स्वतंत्र आयोग और सरकारी एजेंसी है जिसमें अमेरिका की दोनों बड़े राजनीतिक दलों रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के लोग शामिल हैं। इस आयोग की स्थापना साल 1998 में अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत की गई थी। यह संघीय सरकारी एजेंसी अमेरिका के विदेश मंत्रालय से अलग है और स्वतंत्र रूप से काम करती है। यूएससीआईआरएफ़ हर साल अपनी वार्षिक धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट तैयार करती है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक स्वतंत्रता बढ़ाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति, विदेश मंत्रालय और कांग्रेस को नीतिगत सिफ़ारिशें देती है। यह आयोग उन देशों की पहचान करता है, जहां धार्मिक स्वतंत्रता का निरंतर, गंभीर और व्यवस्थित उल्लंघन होता है। आयोग की सिफ़ारिशों पर अमेरिका का विदेश मंत्रालय ऐसे देशों को विशेष चिंता वाले देश (सीपीसी) और विशेष निगरानी सूची (एसडब्ल्यूएल) में वर्गीकृत करता है। इस रिपोर्ट में भारत के अलावा म्यांमार, क्यूबा, चीन, इरीट्रिया, ईरान, निकारागुआ, नाइजीरिया, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान, रूस, सऊदी अरब, ताजिकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को फिर से सीपीसी में शामिल करने की सिफ़ारिश की गई है। इस बार यूएससीआईआरएफ़ ने भारत, अफ़गानिस्तान, लीबिया, सीरिया और वियतनाम को भी इस सूची में शामिल करने की मांग की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हिंदुत्ववादी समूह क़ानून के डर के बिना ईसाइयों और मुसलमानों पर हमले कर रहे हैं। इस पर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट स्पष्ट रूप से पक्षपाती और प्रेरित है। उधर आरएसएस ने इस रिपोर्ट के बारे में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। ऐसा नहीं है कि इस रिपोर्ट में भारत के बारे में जो बातें कहीं गई हैं, वह पूरी तरह गलत हैं। लेकिन सवाल यह है कि भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी का यह अधिकार अमेरिका को दिया किसने? खुद अमेरिका के भीतर अल्पसंख्यकों और खासकर अश्वेत तथा एशियाई समुदायों की हालत क्या है, यह बात किसी से छिपी नहीं हैं। अलबत्ता भारत में विपक्षी कांग्रेस को जरूर इस रिपोर्ट के बहाने आरएसएस पर हमला करने का मौका मिल गया है। भारत सरकार को चाहिए कि रिपोर्ट को खारिज करने के साथ साथ इसको लेकर अमेरिका से अपना कड़ा प्रतिरोध भी दर्ज कराए और कहे कि पहले अमेरिका अपने गिरेबां में झांके।

# मरीजों की जान का जिम्मेदार कौन?

**अस्पतालों को सामान्यतः उपचार और आशा के पवित्र स्थान के रूप में देखा जाता है। यह वे स्थान होते हैं जहाँ लोग अपने जीवन की रक्षा और स्वास्थ्य लाभ की उम्मीद के साथ डॉक्टरों, नर्सों और आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था पर भरोसा करते हैं। चाहे अस्पताल सरकारी हों या निजी, बीमार और असहाय मरीजों के लिए वे अंतिम आश्रय बन जाते हैं। लेकिन जब यही अस्पताल लापरवाही और असावधानी के कारण आग जैसी दुर्घटनाओं का शिकार बन जाते हैं और मरीजों की जान चली जाती है, तब एक गंभीर नैतिक और प्रशासनिक प्रश्न सामने आता है कि आख़िर इसकी जिम्मेदारी किसकी है? पिछले कुछ वर्षों में भारत के कई शहरों- दिल्ली, कोलकाता, झांसी, अहमदाबाद, जयपुर और ओडिशा के कटक में अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर गंभीर कमियाँ मौजूद हैं। इन घटनाओं में अनेक निर्दोष लोगों की जान गई और यह भी सामने आया कि आग से सुरक्षा के नियम कई बार केवल कागज़ों तक ही सीमित रह जाते हैं।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

अस्पताल एक अत्यंत जटिल वातावरण होते हैं। यहाँ ऑक्सीजन सिलेंडर, अनेक प्रकार के विद्युत उपकरण, ज्वलनशील रसायन और लगातार चलने वाली बिजली की व्यवस्था होती है। विशेष रूप से गहन चिकित्सा कक्ष यानी आईसीयू जैसे स्थान अत्यंत संवेदनशील होते हैं, जहाँ गंभीर रूप से बीमार मरीज जीवन रक्षक उपकरणों पर निर्भर रहते हैं और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत बाहर निकल पाना उनके लिए संभव नहीं होता। इसलिए अस्पतालों में आग से सुरक्षा के कठोर मानकों का पालन करना बेहद जरूरी है। इसमें अग्नि अलार्म, स्प्रिंकलर, अग्निशामक यंत्र और स्पष्ट रूप से चिन्हित आपातकालीन निकास द्वार जैसी व्यवस्थाएँ शामिल होती हैं। लेकिन कई दुर्घटनाओं की जाँच में यह सामने आया है कि ये व्यवस्थाएँ अक्सर केवल औपचारिकता बनकर रह जाती हैं। कहीं अग्निशामक यंत्र काम नहीं करते, कहीं आपातकालीन रास्ते अवरुद्ध होते हैं, तो कहीं विद्युत तारें पुरानी और असुरक्षित होती हैं। ऐसी लापरवाही अस्पतालों को सुरक्षा के स्थान के बजाय संभावित खतरे के केंद्र में बदल देती है।

ओडिशा के कटक स्थित एक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई आग की घटना इसी प्रकार की लापरवाही का उदाहरण है। खबरों के अनुसार देर रात अस्पताल के एक संवेदनशील उपचार क्षेत्र में अचानक आग लग गई, जिससे वहाँ अफरा-तफरी मच गई। पहले से गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज अचानक ऐसी आपदा में फँस गए जिसके लिए अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह तैयार नहीं थी। इस घटना में कई मरीजों की जान चली गई और कई स्वास्थ्यकर्मी बचाव कार्य के दौरान घायल हो गए। इस घटना को और चिंताजनक इसलिए बनाता है कि कुछ ही समय पहले राज्य सरकार ने सभी चिकित्सा संस्थानों को आग से सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या उन निर्देशों का सही ढंग से पालन नहीं हुआ या उनकी निगरानी





में कमी रह गई।

दरअसल अस्पतालों में आग की घटनाएँ अब अपवाद नहीं रहीं, बल्कि एक चिंताजनक प्रवृत्ति बनती जा रही हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में बार-बार होने वाली ऐसी घटनाएँ यह दर्शाती हैं कि सुरक्षा मानकों के पालन में गंभीर कमियाँ हैं। कई बार अस्पतालों के प्रशासक अस्पताल के विस्तार और अधिक मरीजों को भर्ती करने पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन सुरक्षा के बुनियादी ढाँचे को मजबूत बनाने पर उतना ध्यान नहीं देते। निजी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रतिस्पर्धी माहौल में कुछ संस्थान खर्च बचाने के लिए सुरक्षा उपकरणों के रखरखाव को टाल देते हैं। दूसरी ओर छोटे शहरों और कस्बों में कई अस्पताल ऐसे भी होते हैं जो बिना वैध लाइसेंस या सुरक्षा प्रमाणपत्र के ही संचालित होते रहते हैं। कई बार अग्निशमन सुरक्षा प्रमाणपत्र की अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी अस्पताल चलते रहते हैं और प्रशासन की ओर से उन पर कठोर कार्रवाई नहीं की जाती।

इसलिए जवाबदेही का प्रश्न केवल अस्पताल प्रबंधन तक सीमित नहीं है। इसमें सरकारी नियामक संस्थाएँ, नगर प्रशासन और अग्निशमन विभाग भी समान रूप से जिम्मेदार होते हैं। कानून के अनुसार अस्पतालों में समय-समय पर अग्नि सुरक्षा निरीक्षण होना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि अस्पताल में आपातकालीन निकास मार्ग, सुरक्षित विद्युत व्यवस्था और कार्यरत अग्नि अलार्म मौजूद हों। लेकिन इन नियमों की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि उनका पालन कितनी ईमानदारी और कठोरता से कराया जाता है। यदि निरीक्षण केवल कागज़ों पर किए जाएँ या अधिकारियों की लापरवाही के कारण उल्लंघनों को नजरअंदाज कर दिया जाए, तो ऐसे नियमों का कोई अर्थ नहीं रह जाता।

अस्पतालों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार रहना भी है। कई बार बुनियादी सुविधाएँ होने के बावजूद कर्मचारियों को आपदा से निपटने का पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं दिया जाता। डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों को आग लगने जैसी परिस्थितियों में तुरंत कार्रवाई करने, मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने और आग पर नियंत्रण पाने के तरीकों का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। इसके लिए नियमित रूप से सुरक्षा अभ्यास और मॉक ड्रिल आयोजित करना आवश्यक है। दुर्भाग्य से कई अस्पतालों में ऐसी ड्रिल शायद ही कभी होती हैं, जिसके कारण दुर्घटना के समय भ्रम और घबराहट की स्थिति पैदा हो जाती है।

इन घटनाओं में सबसे अधिक असहाय स्थिति मरीजों की होती है। कई मरीज वृद्ध या गंभीर रूप से बीमार होते हैं और जीवन रक्षक उपकरणों पर निर्भर रहते हैं। उनके परिवारजन पूरे विश्वास के साथ उन्हें अस्पताल में भर्ती कराते हैं कि यहाँ उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होगी। लेकिन जब लापरवाही के कारण वही अस्पताल उनके लिए खतरे का स्थान बन जाता है, तो यह केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था की नैतिक विफलता भी होती है। चिकित्सा का मूल उद्देश्य केवल उपचार देना ही नहीं बल्कि मरीजों की समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। आज के समय में स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते व्यवसायीकरण ने भी इस समस्या को जटिल बना दिया है। कई बार आर्थिक लाभ और विस्तार की होड़ में सुरक्षा के मूलभूत मानकों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जाता। अस्पताल आधुनिक तकनीक और सुविधाएँ तो स्थापित करते हैं, लेकिन बुनियादी सुरक्षा व्यवस्थाओं की अनदेखी हो जाती है। यह स्थिति बताती है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐसी सशक्त प्रशासनिक व्यवस्था की आवश्यकता है जो मरीजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। इसके समाधान के लिए कुछ ठोस कदम उठाने आवश्यक हैं। अस्पतालों में नियमित अग्नि सुरक्षा ऑडिट होना चाहिए और सुरक्षा नियमों का पालन न करने वाले संस्थानों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। आधुनिक तकनीक आधारित अग्नि सुरक्षा प्रणाली और सुरक्षित विद्युत व्यवस्था को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। साथ ही अस्पताल कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और आपदा प्रबंधन अभ्यास भी जरूरी हैं। सुरक्षा निरीक्षण से संबंधित रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए ताकि मरीज और उनके परिवार बेहतर निर्णय ले सकें।

अभी भी नीतियों और उनके क्रियान्वयन के बीच बड़ा अंतर मौजूद है। जब उपचार के प्रतीक अस्पताल ही त्रासदी के स्थल बन जाते हैं, तब समाज को गंभीर आत्ममंथन करने की आवश्यकता होती है। जवाबदेही केवल दुर्घटना के बाद जांच तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि दुर्घटना से पहले ही सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। यदि अस्पतालों को सचमुच सुरक्षित स्थान बनाना है, तो प्रशासन, चिकित्सा संस्थानों और समाज, सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि मरीजों की सुरक्षा किसी भी परिस्थिति में उपेक्षित न हो। तभी स्वास्थ्य संस्थानों पर लोगों का विश्वास मजबूत बना रह सकेगा।

अध्यात्म

## सन्त की दूरदर्शिता

एक सन्त के पास 30 सेवक रहते थे। एक सेवक ने गुरुजी के आगे प्रार्थना की - महाराज जी! मेरी बहन की शादी है तो आज एक महीना रह गया है तो मैं दस दिन के लिए वहाँ जाऊँगा। कृपा करें ! आप भी साथ चले तो अच्छी बात है। गुरु जी ने कहा - बेटा देखो टाइम बताएगा। नहीं तो तेरे को तो हम जानें ही देंगे। उस सेवक ने बीच-बीच में इशारा गुरु जी की तरफ किया कि गुरुजी कुछ ना कुछ मेरी मदद कर दें। आखिर वह दिन नजदीक आगया सेवक ने कहा, गुरुजी कल सुबह जाऊँगा मैं। गुरु जी ने कहा - ठीक है बेटा! सुबह हो गई जब सेवक जाने लगा तो गुरु जी ने उसे 5 किलो अनार दिए और कहा - ले जा बेटा भगवान तेरी बहन की शादी खूब धूमधाम से करें दुनिया याद करें कि ऐसी शादी तो हमने कभी देखी ही नहीं और साथ में दो सेवक भेज दिये जाओ तुम शादी पूरी करके आ जाना। जब सेवक घर से निकले 100 किलोमीटर गए तो जिसकी बहन की शादी थी वह सेवक दूसरों से बोला - गुरु जी को पता ही था कि मेरी बहन की शादी है, और हमारे पास कुछ भी नहीं है, फिर भी गुरु जी ने मेरी मदद नहीं की। दो-तीन दिन के बाद वह अपने घर पहुँच गया। उसका घर राजस्थान रेतीली इलाके में था वहाँ कोई फसल नहीं होती थी। वहाँ के राजा की लड़की बीमार हो गई तो वैद्यजी ने बताया कि, इस लड़की को अनार के साथ यह दवाई दी जाएगी तो यह लड़की ठीक हो जाएगी। राजा ने मुनादी करवा रखी थी कि, अगर किसी के पास आनार है तो राजा उसे बहुत ही इनाम देंगे। इधर मुनादी वाले ने आवाज लगाई, अगर किसी के पास अनार है तो जल्दी आ जाओ, राजा को अनारों की सख्त जरूरत है। जब यह आवाज उन सेवकों के कानों में पड़ी तो वह सेवक उस मुनादी वाले के पास गए और कहा कि हमारे पास अनार है, चलो राजा जी के पास। राजाजी को अनार दिए गए अनार का जूस निकाला गया और लड़की को दवाई दी गई तो लड़की ठीक-ठाक हो गई। राजा जी ने पूछा - तुम कहाँ से आए हो, तो उसने सारी हकीकत बता दी। राजा ने कहा - ठीक है तुम्हारी बहन की शादी मैं करूँगा। राजा जी ने हुकुम दिया कि - ऐसी शादी होनी चाहिए जिसे देखकर लोग यह कहे कि यह राजा की लड़की की शादी है। सब बारातियों को सोने चांदी गहने के उपहार दिए गए बारात की सेवा बहुत अच्छी हुई लड़की को बहुत सारा धन दिया गया। लड़की के मां-बाप को बहुत ही जमीन जायदाद व आलीशान मकान और बहुत सारे रुपए पैसे दिए गए। लड़की भी राजी खुशी विदा होकर चली गई। सेवक सोचने लगे कि, गुरु की महिमा गुरु ही जाने। हम ना जाने क्या-क्या सोच रहे थे गुरु जी के बारे में। गुरु जी के वचन थे जा बेटा तेरी बहन की शादी ऐसी होगी कि दुनिया देखेगी। सन्त वचन हमेशा सच होते हैं। सन्तों के वचन के अन्दर ताकत होती है लेकिन हम नहीं समझते। जो भी वह वचन निकालते हैं वह सिद्ध हो जाता है। हमें सन्तों के वचनों के ऊपर अमल करना चाहिए और विश्वास करना चाहिए ना जाने सन्त मौज में आकर क्या दे दें और रंक से राजा बना दे।

# विधानसभा चुनाव गैर-भाजपा पार्टियों के लिए अधिक महत्वपूर्ण

**कांग्रेस पार्टी के भीतर असंतोष और गुटबाजी से जूझ रही है, जिसने वस्तुतः अपने दिग्गज नेता शशि थरूर को हाशिए पर धकेल दिया है। पार्टी में मुख्यमंत्री पद के कुछ अन्य दावेदार भी हैं। भाजपा का राज्य में बहुत अधिक प्रभाव नहीं है लेकिन वह विधानसभा में अपनी वर्तमान एकमात्र सीट से अपनी संख्या में सुधार करना चाहेगी। पार्टी ने तब सबको चौंका दिया था, जब पिछले चुनावों में पहली बार उसने एकमात्र लोकसभा सीट जीती थी। भाजपा और उसके नेता एक 'वैल-ऑयल्ड' इलैक्शन मशीन (सुव्यवस्थित चुनावी मशीन) होने का श्रेय पाने के हकदार हैं। वे अपनी रणनीति बहुत पहले से तैयार करते हैं और चुनाव जीतने के लिए जो भी आवश्यक हो, वह करते हैं। हालांकि, इस प्रक्रिया में असम के सरमा जैसे इसके कुछ नेता अति कर देते हैं। चुनावी बयानबाजी के मामले में पार्टी को संयम बरतने की जरूरत है।**

**विपिन पब्बी**

राष्ट्र का ध्यान अब 4 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनावों की ओर केंद्रित हो गया है, जहां प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के लिए दाव बहुत ऊंचे हैं लेकिन गैर-भाजपा और क्षेत्रीय दलों के लिए यह और भी अधिक महत्वपूर्ण है। पिछले लोकसभा चुनावों में एक झटके के बाद, जिसमें भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. ने सत्ता तो बरकरार रखी लेकिन कम अंतर के साथ, सत्ताधारी दल अब विधानसभा चुनावों में जीत की लहर पर सवार है। इसकी पहली सफलता हरियाणा में मिली अप्रत्याशित जीत थी, जहां कांग्रेस को चुनाव जीतने के लिए पसंदीदा माना जा रहा था। इसके बाद पार्टी ने महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।

जाहिर है कि पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और केरल के विधानसभा चुनावों में वह पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ उतर रही है। यद्यपि वह चुनाव वाले अन्य राज्यों में भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी लेकिन उसने अपना सबसे बड़ा दांव पश्चिम बंगाल पर लगाया है, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार चौथे कार्यकाल की तलाश में हैं। दिलचस्प बात यह है कि पिछले 60 वर्षों में इस राज्य पर केवल 2 दलों का शासन रहा है। पहले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की सरकार और उसके बाद ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस। भाजपा पश्चिम बंगाल में अपनी सरकार बनाने के लिए बेताब रही है और लंबे समय से इसकी तैयारी कर रही है। कांग्रेस, जो कभी मुख्य विपक्षी दल हुआ करती थी, अब हाशिए पर सिमट गई है। वामपंथी दल भी पूरी तरह पस्त हो चुके हैं।

हालांकि, भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी सीटों की संख्या बढ़ाने में असमर्थ रही थी। टी.एम.सी. ने 28 सीटें जीतीं जबकि भाजपा की संख्या घटकर 12 रह गई। अब वह उम्मीद कर रही है कि हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार में अपनी वापसी की तरह, वह विधानसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी। 'दीदी' के रूप में भाजपा को एक कठिन और आक्रामक प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा। राज्य में भाजपा के लिए अपने वोट शेयर या सीटों की संख्या में वृद्धि भी एक सकारात्मक परिणाम होगा। असम एक और राज्य है जहां भाजपा अपने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ आक्रामक अभियान चला रही है, जो खुले तौर पर अपने सांप्रदायिक एजैंडे को हवा दे रहे हैं। निर्वाचन क्षेत्रों के विवादास्पद परिसीमन के बाद राज्य में यह पहला चुनाव है, जिसने निर्वाचन क्षेत्रों की जनसांख्यिकीय प्रकृति को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है। सरमा भाजपा नीत सरकार के कार्यकाल के दौरान किसी विकास या प्रगति के लिए नहीं, बल्कि अवैध मुस्लिम प्रवासियों के मुद्दे पर वोट मांग रहे हैं, जिन्हें वे 'मियां' कहते हैं। राज्य में कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे और नेतृत्व को देखते हुए, यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा, यदि वह राज्य में भाजपा को सत्ता से बेदखल कर सके।



तमिलनाडु एक और राज्य है जहां क्षेत्रीय दलों का दबदबा है और राष्ट्रीय दल इन पार्टियों के सहारे चलने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ द्रमुक (डी.एम.के.) अपने दूसरे कार्यकाल की तलाश में है और उसने पिछले लोकसभा चुनावों में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। अन्नाद्रमुक (ए.आई.ए.डी.एम.के.) के नेतृत्व वाले विपक्ष के पास स्टालिन जैसा कोई करिश्माई नेता नहीं है लेकिन इसे कद्दावर चुनाव रणनीतिकार अमित शाह द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। इसके बावजूद, विपक्षी दलों के लिए स्टालिन की राह में रोड़े अटकाना एक कठिन कार्य होगा। केरल में, वामपंथी देश में अपनी एकमात्र सरकार के अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसे भ्रष्टाचार के आरोपों और विकास की कमी सहित गंभीर प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डैमोक्रेटिक फ्रंट (यू.डी.एफ.) इसका मुख्य प्रतिद्वंद्वी बना हुआ है, हालांकि भाजपा राज्य में अपना आधार बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

कांग्रेस पार्टी के भीतर असंतोष और गुटबाजी से जूझ रही है, जिसने वस्तुतः अपने दिग्गज नेता शशि थरूर को हाशिए पर धकेल दिया है। पार्टी में मुख्यमंत्री पद के कुछ अन्य दावेदार भी हैं। भाजपा का राज्य में बहुत अधिक प्रभाव नहीं है लेकिन वह विधानसभा में अपनी वर्तमान एकमात्र सीट से अपनी संख्या में सुधार करना चाहेगी। पार्टी ने तब सबको चौंका दिया था, जब पिछले चुनावों में पहली बार उसने एकमात्र लोकसभा सीट जीती थी। भाजपा और उसके नेता एक 'वैल-ऑयल्ड' इलैक्शन मशीन (सुव्यवस्थित चुनावी मशीन) होने का श्रेय पाने के हकदार हैं। वे अपनी रणनीति बहुत पहले से तैयार करते हैं और चुनाव जीतने के लिए जो भी आवश्यक हो, वह करते हैं। हालांकि, इस प्रक्रिया में असम के सरमा जैसे इसके कुछ नेता अति कर देते हैं। चुनावी बयानबाजी के मामले में पार्टी को संयम बरतने की जरूरत है।

कुल मिलाकर, जहां भाजपा अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए उत्सुक होगी, वहीं 'इंडियन नैशनल डिवैल्पमैंटल इंक्लूसिव एलायंस' (इंडिया) के लिए दाव अधिक ऊंचे हैं, क्योंकि यदि गठबंधन सहयोगी अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो उसके पास खोने के लिए बहुत कुछ है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपका मन अत्यन्त शान्त रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में यश एवं सम्मान प्राप्त होगा। फिल्म कारोबार से जुड़े लोगों को उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है।

**वृषभ**
आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। परिवार में आपके अधिकार बढ़ेंगे। कार्यकुशलता के कारण कार्यक्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन**
धर्म-कर्म में आप रुचि लेंगे। महिला जातकों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मित्रों से असहयोग मिलने के कारण परेशानी होगी।

**कर्क**
आईटी के क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा महत्वपूर्ण कार्य मिल सकता है। व्यापार में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं। कमीशन सम्बन्धी कार्यों से धन लाभ होगा।

**सिंह**
राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में मान बढ़ेगा। कारोबार की बाधाओं को निपटाने में व्यस्त रहेंगे। जॉब में आपके उत्तरदायित्व बढ़ेगे।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में विरोधियों की बढ़ोत्तरी होगी। अटके हुये कार्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है।

**तुला**
सहकर्मी आपसे अत्यधिक अपेक्षा रखेंगे। बेवजह क्रोध के कारण आपको कठिनाई झेलनी पड़ेगी। सम्पत्ति में निवेश करने वालों को अच्छी डील मिल सकती है।

**वृश्चिक**
शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ प्राप्त होगा। मार्केटिंग के क्षेत्र में नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। नयी जॉब शुरू करने के लिये बेहतरीन दिन है।

**धनु**
अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से आपके काम हो जायेंगे। आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मकर**
बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन अवश्य लें। आपके विचारों का लोग आदर करेंगे। बैंकिंग और फाइनेन्स से जुड़े लोग कार्यक्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले हैं।

**कुंभ**
जीवनसाथी का मूड खराब हो सकता है। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। पारिवारिक कलह से छुटकारा मिलेगा। तनाव से बचने के लिये अच्छी नींद अवश्य लें।

**मीन**
अपनी कार्यक्षमता को सिद्ध करने का दबाव रहेगा। आपको उधार वापस लौटाना पड़ सकता है। जिसके कारण आपके कुछ काम रुक भी सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जदयू नेता की पत्नी के निधन पर जताया शोक

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी जद यू के वरिष्ठ नेता राणा उदय सिंह मुन्ना के आवास पर गुरुवार की देर रात मुंगेर सांसद सह केंद्रीय पंचायती राज सह पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।सांसद ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा उनके असामयिक निधन को अपूर्णीय क्षति बताया। और इस दुःख की घड़ी में हरसंभव साथ खड़े रहने की बात कही।उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एनडीए के कई नेता सहित दर्जनों राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों ने कहा कि दिवंगत एक धर्मपरायण और सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाली महिला थी। विदित हो कि जद यू नेता मुन्ना जी की पत्नी 52 वर्षीय कविता सिंह बीमार हाल में करीब एक वर्ष से मुंबई के एक निजी अस्पताल में इलाजरत थी। जिनका मंगलवार को निधन हो गया था।



### तीन छात्रों को मारपीट कर किया जख्मी

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सबनिमा में सरकारी स्कूल के तीन छात्रों के साथ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है।विद्यालय प्रबंधन द्वारा तत्काल इसकी सूचना अथमलगोला थाना को दी गई।इस संबंध में उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षक परशुराम कुमार ने थाना पुलिस को लिखित आवेदन दिया है। जिसके अनुसार शुक्रवार को विद्यालय के निमार्णाधीन दीवार को पार कर कुछ अज्ञात व्यक्ति विद्यालय परिसर में प्रवेश कर गए। और सबनिमा निवासी नवम वर्ग के तीन छात्रों अमन कुमार,दीप रंजन कुमार और आकाश कुमार को मारपीट कर जख्मी कर दिया। जिसमें तीनों छात्रों के सर में चोट आई है। जिनका तत्काल स्थानीय चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया है। उन्होंने बताया कि थाना पुलिस को सूचना देते हुए घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि थाना पुलिस ने पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी ली है। प्राप्त आवेदन के आधार पर विधि सम्मत करवाई की जाएगी।



### तीन दिनों से गायब शिक्षक के परिजन परेशान

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मलाही गांव निवासी शिक्षक मोहन कुमार भोजपुर जिला के उच्च विद्यालय बिहिया में पदस्थापित थे। विद्यालय के ही विनय कुमार नामक शिक्षक से उनकी लगातार अनबन चल रही थी। पिछले 17 मार्च को विनय कुमार के द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था और उठा लेने की बात कही गई थी 18 मार्च को शिक्षक मोहन कुमार विद्यालय परिसर से ही अचानक गायब हो गए। इस दौरान उनका मोबाइल और सामान विद्यालय में ही रहा परिजनों की जब शाम तक बात नहीं हुई तो इसकी जानकारी मोहन कुमार की पत्नी ने बिहिया थाना पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए खोजबीन करने की मांग की है। शिक्षक के अचानक लापता होने से पूरा परिवार अनहोनी की घटना से दहशत में है।

### चिकन पॉक्स से बीमार किशोर पटना रेफर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतेहपुर पंचायत अंतर्गत हरौली गांव निवासी अखिलेश कुमार के 16 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार पिछले एक सप्ताह से चिकन पॉक्स नामक बीमारी से बीमार चल रहे थे। अचानक शुक्रवार को जब उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई तो जल्दबाजी में परिजनों के द्वारा बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया है। चिकित्सकों ने किशोर की हालत गंभीर बताई है।

### दनियावां में दस एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर चालू

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत उपकेंद्र दनियावां में दस एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर को चालू कर दिया गया।जिससे इस विद्युत उप केंद्र की क्षमता दस से पंद्रह एमवीए की हो गई।अब आने वाली गर्मी में उपभोक्ताओं को लोड शेडिंग से नहीं गुजरना होगा।कनीय अभियंता क्राउन विकास ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड के विभिन्न भागों में लगातार बिजली की बढ़ती जरूरत को लेकर क्षमता में वृद्धि आवश्यक थी।जिसे लेकर विभाग की ओर से एक दस एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित कर चालू कर दिया गया है।



### 90 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक्साइज पुलिस ने मसौढी थाना क्षेत्र के चूल्हाईचक गांव के समीप एक सीएनजी ऑटो में पॉलिथीन में भरकर ले जा रहे देसी शराब के साथ सप्लायर को गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार आरोपी का नाम जेपी कुमार ,पिता कृष्णा यादव, वजीरगंज, कल्पा जहानाबाद का निवासी है।ऑटो मै 10 बड़े-बड़े पॉलिथीन में देसी शराब को भरकर धनीचक से जहानाबाद जा रहा था ।उसी दरमियान गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए एक्साइज पुलिस ने चुलाईचक गांव का समीप उसे घेर कर छापेमारी करते हुए 10 बड़े पॉलिथीन में 90 लीटर देसी शराब को जप्त किया गया है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि उस इलाके से लगातार देसी शराब की ढुलाई की जाने की खबर मिल रही थी और लगातार वहां पर कार्रवाई भी की जा रही है।



### कक्षा 1 से 8 तक की परीक्षा का मूल्यांकन कार्य शुरू

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड के कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर पर गुरुवार से मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ। विभागीय निर्देश के आलोक में शुरू हुआ यह मूल्यांकन कार्य 24 मार्च तक किया जाएगा। इसके बाद आगामी 30 मार्च को शिक्षक-अभिभावक बैठक कर परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा। मूल्यांकन कार्य कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के संचालकों व समन्वयकों की देखरेख में कराया जा रहा है। प्रखंड स्तरीय अफसरों द्वारा इस दौरान मूल्यांकन प्रक्रिया का निरीक्षण भी किया जा रहा है। ताकि कार्य पारदर्शी व त्रुटिरहित ढंग से हो सके। गौरतलब हो कि पिछले 12 मार्च से 19 मार्च तक प्रखंड के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा एक से 8 तक के छात्रों की परीक्षा हुई थी। परीक्षा के बाद अब मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्रीकुमार के आलावा अनिरुद्ध चौधरी, संजय कुमार समेत अन्य मूल्यांकन कार्य में सक्रिय योगदान दे रहे है।

### दीवाल पर गोइठा ठोकने से मना किया तो मारपीट कर किया जख्मी, छह नामजद

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढा थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में दीवाल पर गोईठा ठोकने को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट हो गई है जहां पर कई लोग जख्मी हो गए हैं। इस मामले में पीड़ित ने छह लोगों पर नामजद आरोपी बनाते हुए मारपीट छिनतई की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाने में दिए गए आवेदन में विक्की कुमार पिता विद्याभूषण प्रसाद बीबीपुर ने लिखा है हमारे घर की दीवाल के पीछे इंद्रमणि देवी पति रामाधार प्रसाद गोईठा को गोईठा ठोकने के लिए मना किया गया तो वहां से वह चली गई है उसके बाद पूरे घर परिवार मिलकर आए और फिर मारपीट करने लगे हैं वही जब हमारी मां इसका विरोध की तो गीता कुमारी सोनम कुमारी ने मिलकर मारपीट करते हुए सोने का चेन छीन लिया, एवं सेवन कुमारी और राहुल कुमार ने लोहे के रोड निकालकर मारपीट कर जख्मी कर दिया है।मसौढी थाने में मारपीट छिनतई का मामला का आवेदन थाने मे दिया गया है।

# तिनेरी गांव में वित्तीय साक्षरता कैंप: ग्रामीणों को बैंक योजनाओं के प्रति किया जागरूक

### समाज के हर व्यक्ति तक बैंकिंग सेवा पहुंचाने का संकल्प



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नाबार्ड के द्वारा कोऑपरेटिव बैंक के तत्वाधान में मसौढी प्रखंड के तिनेरी गांव में वित्तीय साक्षरता केंद्र का एक कैंप आयोजित किया। इस कैंप के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कोऑपरेटिव बैंक से आए लेखपाल आदित्य कुमार ने बताया कि वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना तथा विभिन्न बैंकिंग एवं सरकार प्रायोजित योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में नाबार्ड की प्रतिनिधि एवं कोऑपरेटिव बैंक के लेखपाल आदित्य कुमार दिलीप कुमार इसके अलावा कोऑपरेटिव के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी मुखिया रीना कुमारी एवं अन्य लोग शामिल रहे हैं।शिविर में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी प्रमुख सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इन योजनाओं के लाभ, पात्रता मानदंड और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया कि इन योजनाओं का लाभ उठाकर वे अपनी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। इस अवसर पर कोऑपरेटिव अध्यक्ष कृष्णमुरारी, मुखिया रीना कुमारी, चितरंजन कुमार ,सुनील कुमार, सतीश कुमार ,मंटू कुमार आदि शामिल रहे।

## खुदाबख्श लाइब्रेरी की पांडुलिपियों एवं शोध कार्यों की राज्यपाल ने की सराहना



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना के निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने लोक भवन, पटना में बिहार के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रो. सिंह ने माननीय राज्यपाल को लाइब्रेरी में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों, उनके संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं चल रही शोध गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लाइब्रेरी की उस महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जिसके माध्यम से भारत की समृद्ध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया जा रहा है। बैठक में पांडुलिपियों के संरक्षण को और सुदृढ़ करने, डिजिटलीकरण को विस्तारित करने तथा शोधार्थियों और विद्वानों के लिए सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, लाइब्रेरी की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच को बढ़ाने पर भी बल दिया गया। माननीय राज्यपाल ने लाइब्रेरी के प्रयासों की सराहना करते हुए वैश्विक सहयोग एवं डिजिटल माध्यमों से ज्ञान के प्रसार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक सकारात्मक वातावरण में सम्पन्न हुई तथा विरासत संरक्षण, शोध उत्कृष्टता एवं ज्ञान प्रसार को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ मां काली ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड के निशियावां पंचायत के उसमानचक गांव में मां काली की प्राण प्रतिष्ठा होना है, जिसको लेकर सात दिवसिय से हवनात्मक शतचंडी महायज्ञ मां काली ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का अनुष्ठान किया जाना है।जिसको लेकर शुक्रवार को भव्य रूप से कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों की संख्या में महिला श्रद्धालुओं के द्वारा सिर पर कलश रखकर उस्मानचक गांव से मसौढ़ी मणिचक तालाब घाट पर पहुंचे, जहां पर कलश में जल भारी करते हुए पुनः उसमानचक यज्ञ स्थल पर पहुंचे, आयोजकों ने बताया इस शनिवार को मंडप प्रवेश किया जाना है उसके बाद रविवार को जलाधिवास, मंडप पूजन, हवन कार्यक्रम होंगे, वहीं 23 मार्च को अधिवास पुष्पाधिवस अनुष्ठान होंगे। 24 मार्च को ग्राम परिक्रमा किया जाएगा ,25 मार्च को विधवत तौर पर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाना है। वही 26 मार्च को ग्राम देवी पूजन होगी और 27 मार्च को पूणार्हुति भंडारा कार्यक्रम किया जाना है। इस मौके पर श्री श्री 1008 श्री गद्याचार्य द्वारा प्रवचन कार्य भी किए जाएंगे।

## बस चालक की बस से खींचकर बेरहमी से पिटाई

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कादिरगंज मार्ग में मेगघनी बीघा गांव के समीप एक बस चालक को बीच रास्ते में रोक कर उसे बस से खींचकर बेरहमी से मारपीट करते हुए उसे ₹8 हजार की छिनतई की और गाड़ी के शिशे फोड़ डालें। पीड़ित जख्मी चालक सज्जन कुमार पिता नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि मसौढ़ी पूर्वी बस स्टैंड से गाड़ी कादिरगंज मार्ग की ओर खुली थी, तभी बारिबिगहा पुल के पास दो युवक शिवम कुमार और शुभम कुमार बस पर चढ़े और दरवाजे पर ही लटके हुए थे, हमारे बस का खलासी ने उसे अंदर जाने को कहा लेकिन वह झगड़ गया और जब मेधनीबिगहा गांव के समीप पहुंचा तो अपने क्रिकेट खेल रहे सभी दोस्तों को बुला लिया और उसके बाद हमें और हमारे खलासी को बेरहमी से मारपीट कर हमारा ₹8 हजार रुपए,और सोने का हनुमान जी का लॉकेट छीन लिया।

# ईद, रामनवमी, चैती छठ को देखते हुए 501 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद रामनवमी और चैती छठ पर्व को देखते हुए मसौढी अनुमंडल प्रशासन के द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को संपन्न करने के लिए धारा 126 के तहत है एसडीएम अभिषेक कुमार की न्यायालय से 501 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई हुई है। इन सभी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 के तहत नोटिस जारी किए गए हैं। अभी निरोधात्मक कार्रवाई जारी है, इसलिए यह संख्या अगले एक दो दिन में और भी बढ़ेगी। मसौढी अनुमंडल क्षेत्र के नौ थाना क्षेत्रों के जिन 501 लोगों के ऊपर निरोधात्मक कार्रवाई हुई है. उनमें से सबसे ज्यादा पुनपुन 105 और मसौढी थाना से 100 लोगों के नाम शामिल हैं. विभिन्न थाना क्षेत्र के थाना प्रभारियों और पुलिस निरीक्षकों से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में बीएनएसएस की धारा 126 के तहत नोटिस जारी किए जाते हैं. जो लोग नोटिस के आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखते हुए बंधनामा नहीं भरते हैं उनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट नियमानुसार जारी किया जाता है।इसी सिलसिले में अब तक कुल 501 लोगों को नोटिस जारी किया जा चुका है। ईद, रामनवमी एवं अन्य त्योहारों को देखते हुए एहतियात के तौर पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है. बताया गया है कि उक्त कार्रवाई जारी रहेगी।ईद, रामनवमी को देखते हुए क्षेत्र की विधि व्यवस्था बेहतर रखने के लिए उक्त निरोधात्मक कार्रवाई की गई है. अभी हाल ही में अनुमंडल क्षेत्र के सभी पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे आदतन अराजक तत्वों व संभावित उपद्रवियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की अनुशंसा करें। बहरहाल बीएनएस 126 के तहत मसौढ़ी थाना में 100, भगवानगंज 65, लहसुना 74, धनरूआ 52, कादिरगंज 40, पुनपुन 105, पिपरा 25, गौरीचक 4 और केवड़ा थाने में 18 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई को लेकर नोटिस जारी की गई है।

## रासलीला महोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की अद्भुत और भावपूर्ण लीला का मंचन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वृन्दावन से पधारे व्यास नन्दकिशोर महाराज के रासमंडली टीम द्वारा गांधी मैदान मसौढ़ी में आयोजित रासलीला महोत्सव के दूसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की अद्भुत और भावपूर्ण लीला का मंचन किया गया। कंस के अत्याचार से सभी संत-भक्त और सज्जनवृंद त्राहिमाम कर रहे थे तब देवी-देवताओं और संत-महात्माओं के प्रार्थना पर भगवान श्रीकृष्ण वसुदेव-देवकी के पुत्र के रूप में मथुरा में कारागार में प्रकट हुए। फिर भगवान की ही प्रेरणा से वसुदेव जी उन्हें गोकुल में नन्दबाबा के यहां पहुंचा दिये और उनकी नवजात पुत्री को ले आए, जो कंस के हाथ से छूटकर उसे चेतावनी देकर अंतर्धान हो गईं। वो वास्तव में योगमाया थी।श्रीकृष्ण के प्राकट्य से डरे कंस के भयंकर अत्याचार, देवकी-वसुदेव की पीड़ा तथा भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण का दृश्य बड़े ही सुंदर और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत राधे राधे नाम-स्मरण, राधा-कृष्ण जी और गोपियों के सुन्दर नृत्य संगीत तथा रास के साथ हुए। बीच-बीच में दर्शकगण तालियों की गड्गडाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज से भी आए लोगों ने इस श्रीकृष्ण लीला का भरपूर आनंद उठाये। कार्यक्रम का शुभारंभ लीड इंडिया अकैडमी के निदेशक प्रणव कुमार सिंह ने ठाकुर जी का पट उठाकर व उनकी आरती वंदना करके किये। इस अवसर पर आयोजन समिति के अनील कुमार मिट्ठू, अनील यादव, डॉक्टर रामजयपाल सिंह, पीयूष कुमार, संजीव कुमार, दीपक कुमार, उमेश कुमार एवं मंच संचालक विश्वरंजन जी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप में जख्मी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया नेशनल हाईवे पर मसौढी थाना क्षेत्र के नौआबाग गांव के समीप शुक्रवार की दोपहर में एक अज्ञात वाहन के चपेट में बाइक सवार ठोकर लगने गंभीर रूप में जख्मी हो गया है। जिसे स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल में इलाज को लेकर भर्ती कराया है। जख्मी युवक का नाम श्रीनिवास कुमार पिता रोहित बिंद ओकरी थाना क्षेत्र का निवासी बताया जाता है। घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि पटना से घर वापसी के दौरान नौआबाग के समीप किसी अज्ञात वाहन चपेट आने में गंभीर रूप में बाइक की ठोकर लगने से जख्मी हो गया है,जहाँ स्थानीय लोगों ने मदद कर डायल 112 पुलिस को कॉल कर अनुमंडल अस्पताल में पहुंचाया है मौके पर परिजनों को सूचना दी गई है जहां मौके पर पहुंचकर बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है।

# अथमलगोला स्टेशन पर बनेगा रेल पुलिस पोस्ट




### असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों की अब खैर नहीं

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर रेल मंडल अंतर्गत अथमलगोला स्टेशन परिसर में सूखा नशा की दुर्गंध फैलाने वाले नशेरियों की अब खैर नहीं है।क्योंकि रेल पुलिस द्वारा इन असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

आसपास के करीब बीस गांव के हजारों लोग प्रतिदिन इस स्टेशन से गंतव्य की यात्रा करते है।प्लेटफॉर्म पर हजारों लोगों के आवागमन और परिसर से सटे ही बाजार होने के कारण सूखा नशा की दुर्गंध फैलाने वाले नशेरियों के साथ ही असामाजिक तत्वों ने भी अपनी पैठ बनानी शुरू कर दी थी।इसको ध्यान में रखते हुए वरीय रेल पुलिस उपाधीक्षक पुर्वी भाष्कर रंजन की अनुशंसा के बाद अनंत कुमार राय रेल पुलिस अधीक्षक पटना के दिशानिर्देश पर बाढ़ राजकीय रेल पुलिस के तीन जवानों की प्रतिनियुक्ति अथमलगोला स्टेशन पर की गई है।इस संबंध में जानकारी देते हुए बाढ़ रेल थानाध्यक्ष मणिकांत पांडेय ने बताया कि रेल पुलिस द्वारा स्टेशन परिसर की हर अवांछित गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

सुरक्षा व्यवस्था को ओर पुख्ता करने के लिए पुलिस पोस्ट बनाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इसके लिए स्टेशन प्रबंधक एवं वरीय अधिकारियों से पत्राचार भी किया गया है। लेकिन जगह उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। जिसके कारण बिलंब हो रहा है।

बहरहाल रेल पुलिस की इस सराहनीय पहल का सभी ने स्वागत किया है।साथ ही यात्रियों ने राहत की सांस भी ली है। इस पहल से भविष्य में होने वाली अप्रिय घटनाओं पर लगाम लगेगा।

# प्रभु श्री राम का आचरण अनुकरणीय : श्री जयराम जी



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एहि विधि सिसु विनोद प्रभु कीन्हा, सकल नगर बासिन्ह सुख दीन्हा।।बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर परिसर ग्राम इंग्लिश में चल रहे संगीत मय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर लोकसंत श्री जयराम जी महाराज ने भगवान श्री राम का जन्मोत्सव तथा उनके बाल लीलाओं के विभिन्न मनोहारी स्वरूपों का बड़े ही भावपूर्ण वर्णन करते हुए अपने सोहर गीत से उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

'प्रातकाल उठिकै रघुनाथा । मातु पिता गुरु नावहिं माथा ।।'

"श्री राम चरित मानस" के इस चौपाई के माध्यम से महराज जी ने तरुणों और बालकों को भगवान श्री राम के आचरणों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी । उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नित्य प्रति अपने माता-पिता और गूरु का आशीर्वाद प्राप्त करता है उसके जीवन में कभी किसी भी प्रकार की कठिनाइयाँ नहीं आती। इस कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि श्री जितेन्द्र चैतन्य ,अवधेश कुमार सिंह, कथा के मुख्य श्रोता हनुमत उपासना मंडल के अध्यक्ष शिक्षाविद् सत्येन्द्र प्रसाद सिंह , कथा आयोजन समिति के मुख्य सदस्य विशुद्धानंदजी , वेद प्रकाश जी, धर्मवीर जी, अशोक जी, डॉक्टर शुभदेव जी ,रवि सिंह चौहान, प्रियव्रत जी सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य ग्रामीण पुरुष - महिला एवम् बच्चों ने भी प्रसन्नता पूर्वक भाग लिया।

## पुनपुन प्रखंड के अंतर्गत 31 सडकों का होना है निर्माण, मुख्यमंत्री ने किया था शिलान्यास

### काम में हो रही देरी को लेकर पूर्व मंत्री सह विधायक श्याम रजक ने की विभागीय समीक्षा बैठक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड में ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा बनाए जा रहे सड़कों के निर्माण मे धीमी गति के कारण हो रही ग्रामीणो की परेशानी को देखते हुए पूर्व मंत्री सह विधायक श्याम रजक ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विस्तृत जानकारी लिए। संबंधित विभाग के पदाधिकारियो के द्वारा बताया कि दो पुल का कार्य निर्माणचक एवं मुहम्मदपुर से मराची तक नवम्बर तक पूर्ण हो जाएगा तथा सुलभ सम्पर्क पथ अकौना लिंक पथ मे कार्य लगा हुआ है जो 15 अगस्त से पूर्व पूर्ण हो जाएगा। नूरीचक से चानेडीह एस एच-78 सड़क निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति के लिए गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा 31 सड़क का शिलान्यास किया गया था, जिसमे 4 सड़क मई तक पूर्ण हो जाएगा। शेष सड़क का कार्य जल्दी शुरू किया जाएगा। पूर्व मंत्री सह विधायक ने पदाधिकारियों से कहा कि तय सीमा तक सभी कार्य को पूर्ण करे ताकि ग्रामीणो को कोई असुविधा न हो।बैठक मे कार्यपालक अभियन्ता मसौढ़ी सुप्रिया कुमारी, एसडीओ महेन्द्र चौधरी, पटना ग्रामीण जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष पुनपुन अनिल सहनी, पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, गुड्डू पटेल, मनीष सिंह सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मसौढ़ी एवं धनरूआ के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन दिवस

### शिशुओं को खीर खिलाकर हुई शुरूआत



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी एवं धनरूआ प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अन्नप्राशन दिवस मनाया गया गया। इस अवसर पर सभी केन्द्रों पर छह माह के बच्चों को पूरक आहार दिया गया एवं शिशु के छह माह पूरे होने के बाद उनके बेहतर पोषण के लिए जरुरी पूरक पोषाहार के विषय में जानकारी भी दी गई। आयोजित कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी। पोषक क्षेत्र की लाभुक के बच्चों को नौ माह के शिशु को खीर खिलाकर इसकी शुरूआत की गयी है। इस दौरान अन्य धात्री माताओं को भी पूरक आहार के विषय में एवं साफ -सफाई के बारे में जानकारी दी गई। धात्री माताओं को उबली हुई सब्जी, दलिया एवं अन्य पूरक आहार भी दिया गया। मसौढी सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया कि बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए छह माह तक सिर्फ स्तनपान एवं इसके बाद स्तन पान के साथ पूरक आहार बहुत जरुरी होता है। छह माह से 23 माह तक के बच्चों के लिए यह अति आवश्यक है। छह से आठ माह के बच्चों को दिन भर में दो से तीन बार एवं नौ से 11 माह के बच्चों को तीन से चार बार पूरक आहार के साथ 12 माह से दो साल तक के बच्चों को घर में पकने वाला भोजन भी देना चाहिए। इस दौरान शरीर एवं दिमाग का विकास तेजी से होना शुरू होता है। स्तनपान के साथ ऊपरी आहार की भी जरूरत होती है। इसके लिए नियमित रूप से धात्री माताओं को इसके विषय में जानकारी दी सीडीपीओ धनरूआ जीनत कौसर ने बताया की।बाल विकास परियोजना विभाग के निदेर्शानुसार, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण की समस्या को समाप्त करना है। इस अवसर पर माताओं को कई महत्वपूर्ण सलाह दी गईं, जिनमें 6 माह के बाद बच्चों को दाल का पानी, मसले हुए फल और दलिया जैसे पौष्टिक आहार देने की बात शामिल थी।

# नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2026- 27 के लिए 208 करोड़ रुपये का बजट पारित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम के सभागार में आयोजित बोर्ड की बैठक महापौर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में उप महापौर लालबाबू प्रसाद, नगर आयुक्त आशीष कुमार, सशक्त स्थायी समिति के सदस्यगण, सभी पार्षदगण, नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा प्रेस - मीडिया के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। बैठक की शुरूआत में सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा नगर के समग्र विकास और प्रगति के प्रति निगम की प्रतिबद्धता दोहराई गई। इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2026 - 27 के लिए मोतिहारी नगर निगम का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसके अंतर्गत 208 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है ' विस्तृत प्रावधान के अनुसार कुल अनुमानित आय 377 करोड़ 49 लाख




रुपये तथा कुल अनुमानित व्यय 208 करोड़ 21 लाख रुपये रखा गया है, जिससे 169 करोड़ 28 लाख रुपये के अधिशेष का अनुमान है। यह बजट नगर के विकासात्मक कार्यों को नई गति प्रदान करेगा। प्रस्तुत बजट में नगर को विकसित, स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं नागरिक हितैषी बनाने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें नई सड़कों एवं नालों के निर्माण हेतु 72 करोड़ रुपये, साफ - सफाई के लिए आधुनिक उपकरणों की खरीद हेतु 17 करोड़ 90 लाख रुपये, जलापूर्ति सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 5 करोड़ रुपये तथा स्ट्रीट लाइट प्रबंधन के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त कचरा निष्पादन के लिए टफ्रफ्रएवं कम्पोस्ट प्लांट स्थापना हेतु 12 करोड़ रुपये तथा पार्कों के निर्माण एवं सौंदर्याकरण के लिए 3 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए मरीजों के लिए एम्बुलेंस सेवा तथा मृत व्यक्तियों को मोक्षधाम तक पहुंचाने हेतु शव वाहन सेवा के लिए 50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए परामर्श केंद्र की स्थापना तथा शिक्षा के क्षेत्र में नए पुस्तकालयों की स्थापना हेतु भी 50 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। मेधावी छात्र - छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए 5 लाख रुपये तथा खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी 5 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है । नगर की स्वच्छ और सुदृढ़ बनाने के लिए लगभग 21 करोड़ रुपये व्यय किए जाने की संभावना जताई गई है, जिससे शहर को साफ, सुंदर और स्वच्छ बनाने के प्रयासों को बल मिलेगा। अंत में, महापौर प्रीति कुमारी एवं सदन में उपस्थित उप महापौर एंव पार्षदगण के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट को सर्व सहमति से पारित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष का मोतिहारी दौरा

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री शहर गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल का शुक्रवार से तीन दिवसीय मोतिहारी दौरा शुरू हुआ । इस दौरान बापूधाम चन्द्रहिया स्थित गाँधी आश्रम में महात्मा



गांधी की प्रतिमा पर विजय गोयल एवं सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने पुष्प अर्पित किया । चंद्रहिया के थीम पार्क का अवलोकन भी किया। गौरतलब है कि श्री गोयल चंद्रहिया का तीन दिनों की अपनी आधिकारिक यात्रा मोतिहारी की शुरूआत किया। आज उन्होंने चंद्रहिया सहित पिपराकोठी, मधुबन और बड़हरवा लाखनसेन का दौरा किया। मौके पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजादा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### रामनवमी यात्रा निकालने को लेकर बैठक

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी यात्रा निकालने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बैठक की आयोजन की गई है, बैठक में बजरंग दल,आर एस एस, विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता पार्टी व सनातन संस्कृति के रक्षक की बैठक संपन्न हुई इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के वरीय पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने श्याम पुर बाजार अवस्थित राम-जानकी मंदिर के प्रांगण में उपस्थित जनसमूहो के बीच बताया कि आगामी रामनवमी यात्रा 27 तारीख को होने वाला है जिसमें हजारों की संख्या में श्यामपुर चौक से जूलुस यात्रा निकाली जाएगी जो बाजार के विभिन्न सड़कों से गुजरकर उक्त स्थल पर पहुंचेगी, जिसमें अधिकांश मोटरसाइकिल रहेगी ,भगवा झंडा, प्रत्येक हाथों में रहेंगी,इस अवसर पर जिला पार्षद प्रत्याशी मणि राज कुमार, अनिल कुमार, सुमित कुमार ठाकुर, सिद्धार्थ कुमार,आरयण कुमार, रितिक राज सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### बाल चोर ने उड़ाए लाखों रुपये

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल अनुमंडल के भेलाही थाना क्षेत्र में चोरी की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक नाबालिग चोर ने चावल व्यवसायी की दुकान से लाखों रुपये पर हाथ साफ कर दिया। घटना भेलाही निवासी हजारी प्रसाद की चावल दुकान की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोर की उम्र लगभग 12 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। दुकान में घुसने के बाद उसने पहले पैसों की गड्डी देखी और कुछ देर तक छाती पर हाथ रखकर इधर-उधर नजरें दौड़ाता रहा, मानो स्थिति का जायजा ले रहा हो। इसके बाद उसने चालाकी से बड़े नोटों की गड्डियां समेट लीं और मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि चोर ने दुकान में रखे खुदरा पैसे को हाथ तक नहीं लगाया और केवल मोटी रकम लेकर भाग निकला। घटना के बाद व्यवसायी हजारी प्रसाद ने भेलाही थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी की पहचान कर जल्द से जल्द उसे पकड़ा जा सके। घटना से इलाके के व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

### जनता के दरबार में 38 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 38 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) मोतिहारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई । जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम अंतर्गत आज वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित होकर प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई की। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता श्री शैलेंद्र कुमार भारती ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा । भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया ।




### अपहरण का केस दर्ज, एक गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरूषोतमपूर थाना क्षेत्र के एक गांव से लड़की की अपहरण कर लेने के मामले में लड़की की पिता ने थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लड़की की पिता ने पुलिस को आवेदन देकर डब्लू कुमार एंव इसके माता फूलमती देवी पिता दीनानाथ महतो सहित छ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर फूलमती देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### चैती छठ महापर्व को लेकर रक्सौल थाना में विशेष बैठक

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 24 मार्च को आयोजित होने वाले चैती छठ महापर्व को लेकर शुक्रवार को रक्सौल थाना परिसर में सूर्य मंदिर समिति के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य महापर्व के दौरान व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए बेहतर और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करना रहा। बैठक में थाना परिसर स्थित पोखरा एवं सूर्य मंदिर की व्यापक साफ-सफाई, दुकानों से कर वसूली में पारदर्शिता बनाए रखने, मंदिर प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा शहर में जाम की समस्या से निपटने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही इन सभी बिंदुओं पर ठोस रणनीति तैयार की गई, ताकि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, थानाध्यक्ष सह आईपीएस हेमंत सिंह, प्रवेक्षी पदाधिकारी निर्भय कुमार राय, भाजपा जिला महामंत्री अजय पटेल, सूर्य मंदिर समिति के सचिव शंभू चौरसिया, भाजपा नेता सह चेयरपर्सन पति राकेश कुशवाहा, रजनीश प्रियदर्शी, नगर प्रबंधक अभिनाश कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी कन्हैया कुमार यादव सहित गणेश धनोठिया, दिनेश धनोठिया, अनिल कुमार, रवि कुमार गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार, कमलेश कुमार एवं गुड्डू खेतान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में रक्सौल विधायक प्रमोद सिन्हा की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और समिति के सदस्यों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि चैती छठ महापर्व शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।



### जिले में स्वास्थ्य सेवाएं संकट में

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। विधान पार्षद सौरभ कुमार द्वारा सिविल सर्जन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मचारियों की भारी कमी है। स्वीकृत पदों की तुलना में स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या आधे से भी कम है, जिसके चलते पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई है।सूत्रों के अनुसार, कई अस्पतालों में आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की भारी कमी है, और जिन अस्पतालों में उपकरण उपलब्ध हैं, वहां उनका संचालन करने के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक और तकनीकी कर्मियों का अभाव है। इस कारण से न केवल मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि इलाज में भी देरी हो रही है। विधान पार्षद सौरभ कुमार ने कहा है कि इस गंभीर स्थिति के बावजूद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था की सुध लेने के बजाय पश्चिम बंगाल में मंगल काल लाने में व्यस्त है।

## नरकटियागंज में ईद और रामनावनी को लेकर प्रशासन अलर्ट

**नरकटियगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में ईद और रामनवमी को लेकर प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। ईद पर्व को देखते हुए विधि व्यवस्था संधारण को लेकर शिकारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 33 दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं सार्वजनिक स्थलों पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। नमाज पढ़ने वाले स्थलों पर आवागमन को लेकर आवश्यक तैयारी की गई है। ताकि किसी तरह की परेशानी न हो। वही जिला प्रशासन के आदेशानुसार क्यूआरटी का गठन भी किया है, जो क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहेगी। एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा ने बताया कि ईद व रामनवमी के पर्व को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि शिकारपुर थाना क्षेत्र में 19 संवेदनशील, 1 सामान्य व 13 अतिसंवेदनशील स्थल चिन्हित किये गए है। उक्त सभी जगहों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी के साथ सुरक्षा बल को तैनात किया गया है।

## अलविदा जुमा पर रक्सौल में अकीदत के साथ अदा की गई नमाज, अमन-चैन की मांगी दुआ

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रमजान माह के आखिरी जुमा, जिसे अलविदा जुमा कहा जाता है, के अवसर पर रक्सौल की मस्जिदों में शुक्रवार की रात बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की। इस दौरान पूरी अकीदत और एहतराम के साथ इबादत की गई तथा देश में अमन-चैन, भाईचारा और खुशहाली के लिए विशेष दुआ मांगी गई। अलविदा जुमा के मौके पर मस्जिदों को खास तौर पर सजाया गया था। नमाज के दौरान नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसके चलते कई स्थानों पर मस्जिदों के बाहर भी लोगों ने सफ बनाकर नमाज अदा की। मौलानाओं ने अपने तकरीर में रमजान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर रमजान के पवित्र महीने की विदाई दी। इस दौरान पूरे शहर में शांतिपूर्ण माहौल बना रहा और प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क दिखा।



## ईद-उल-फितर को लेकर जिला प्रशासन की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी की है। सुरक्षा के लिहाज से 190 संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया है, जहां पुलिस, दंडाधिकारी और अन्य बलों की तैनाती की गई है। सभी एसडीएम, एसडीपीओ और थानाध्यक्षों को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।इसके अलावा, जिला मुख्यालय और अनुमंडल मुख्यालयों में नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम करेगा। कक्ष का नंबर 06254-246144 जारी किया गया है। पहले दिन ही एक पदाधिकारी और एक कर्मी गायब पाए गए, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## भूमि विवाद में एक की मौत, दो गंभीर

### तीन हिरासत में

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैरिया थाना क्षेत्र के भितहा पंचायत अंतर्गत मठिया गांव में शुक्रवार की सुबह पारिवारिक जमीन विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, जहां एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 6 बजे परिवार के ही सदस्यों के बीच जमीन को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते उग्र हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक झड़प के दौरान धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया। इस घटना में विजय पटेल (40 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि अखिलेश पटेल और कमलेश पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। सूत्रों के अनुसार मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सदर एसडीपीओ-2 रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि मामला पारिवारिक जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है। इधर आरोप है कि मृत युवक विजय पटेल सुरेश पटेल का पुत्र है। वह चार भाई है। उसके पिता सुरेश पटेल अपने बड़े बेटे अजय पटेल के साथ रहते है। बाकी तीन पुत्र अलग रहते है। अलग रह रहे तीनों पुत्र एवं पिता व बड़े भाई के बीच जमीन विवद चल रहा है। इस विवाद को लेकर शुक्रवार को मामले ने हिंसक रुप ले लिया। आरोप है कि पिता सुरेश पटेल व अजय पटेल ने हीं हमला कर विजय पटेल को मार डाला। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मृतक विजय पटेल अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा 15 वर्षीय पुत्र हर्षित, 13 वर्षीय पुत्री इशिका और 3 वर्षीय पुत्री मान्यता शामिल हैं। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और आश्वस्त किया है कि मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल पहुंचे मोतिहारी

### चंपारण की भूमि ने महात्मा करमचंद गांधी को महात्मा गांधी बनाया : विजय

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर मोतिहारी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सांसद व पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह के साथ चरखा पार्क का भ्रमण किया।चरखा पार्क पहुंचने पर विजय गोयल ने मीडिया से बातचीत की और चंपारण के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह वही भूमि है जिसने महात्मा गांधी को 'महात्मा' बनने की दिशा दी। गांधी जी ने चंपारण से ही सत्य और अहिंसा का संदेश पूरे देश और विश्व तक पहुंचाया था। गोयल ने राधा मोहन सिंह की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने गांधी जी के विचारों को मोतिहारी में जिस प्रकार आत्मसात किया है, वह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि राधा मोहन सिंह ने न केवल चरखा पार्क का विकास कराया है, बल्कि मोतिहारी को गांधी दर्शन के अध्ययन का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी बनाया है।गोयल ने कहा, "सच्चे अर्थों में राधा मोहन सिंह आज के गांधी हैं।" अपने दौरे के अगले चरण की जानकारी देते हुए विजय गोयल ने बताया कि वे चंद्रहिया, पिपरकोठी, मधुबन और बड़हरवा लाखनसेन का भी दौरा करेंगे। इन स्थानों पर वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।उल्लेखनीय है कि गांधी जी से जुड़े प्रमुख संस्थानों के अध्यक्ष देश के प्रधानमंत्री होते हैं। विजय गोयल समिति के उपाध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। मौके पर विधायक प्रमोद कुमार, मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज और उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।



## नरकटियागंज के प्रखंड प्रमुख पति का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी के पति हीरा साह का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे पूरे 100 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को हड़बोड़ा नदी घाट पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।परिवारजनों के अनुसार, हीरा साह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। प्रमुख प्रतिनिधि व उनके पुत्र चंदन साह ने बताया कि विगत दिनों ब्रेन हेमरेज होने के कारण उनकी स्थिति बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे पत्नी (प्रमुख सुनैना देवी), एक पुत्र और दो पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## ट्रक से भिड़ी तेज रफ्तार बाइक, तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के बैरिया थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों दोस्त नाथबाबा चौक पर लगे महायज्ञ मेले को देखकर एक ही बाइक से घर लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े यूरिया लदे ट्रक से जा टकराई। घटना गुरूवार की देर रात करीब 11.40 बजे बगही बढ़िया टोला के समीप की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक सड़क पर बिना किसी इंडिकेटर या चेतावनी लाइट के खड़ा था। अंधेरे के कारण बाइक सवार युवकों को ट्रक दिखाई नहीं पड़ा और वे सीधे पीछे से उसमें जा भिड़े। हादसा इतना भीषण था कि घुसकपुरा गांव निवासी आलोक कुमार (19 वर्ष) और विकास कुमार (20 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल रौशन कुमार (15 वर्ष) ने इलाज के दौरान जीएमसीएच बेतिया में दम तोड़ दिया।तीनों आपस में घनिष्ठ मित्र थे और साथ ही मेला देखने गए थे।मेला देखकर लौट रहे लोगो ने तत्काल इसकी सूचना बैरिया थाना को दी। सूचना मिलते ही बैरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची, स्थिति को नियंत्रित किया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक नंबर बीआर 1 जी 9904 को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जानकारी के अनुसार आलोक कुमार पटना में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था जबकि रौशन कुमार नौवीं कक्षा का छात्र था एवं विकास कुमार विदेश जाने की तैयारी कर रहा था और इसके लिए पासपोर्ट भी बनवा चुका था। पुलिस ने बताया कि ट्रक को जब्त कर शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ग्रामीण आजीविका सुधार हेतु समेकित मत्स्य पालन पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 20 मार्च, 2026 को मत्स्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा प्रायोजित ह्लग्रामीण आजीविका सुधार हेतु समेकित मत्स्य पालन की तकनीकियाँह्व विषय पर चार दिवसीय (20-23 मार्च, 2026) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में अररिया जिले के कुल 31 किसान भाग ले रहे हैं, जिन्हें समेकित मत्स्य पालन की उन्नत तकनीकों का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि उनकी आय एवं आजीविका के स्तर में वृद्धि हो सके। डॉ. कमल शर्मा, प्रभागाध्यक्ष, पशुधन एवं मात्स्यिकी प्रबंधन ने कहा कि समेकित मत्स्य पालन तकनीक किसानों के लिए आय बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे कम संसाधनों में अधिक उत्पादन संभव है। उन्होंने जोर दिया कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसान अपनी आजीविका को सुदृढ़ एवं स्थायी बना सकते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक निदेशक (मत्स्य) डॉ. टुन टुन सिंह, मत्स्य बीज फार्म, सोनारू, मत्स्य अनुसंधान केंद्र, मीठापुर, पटना ने किसानों को मखाना-सह-मत्स्य पालन की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. सुरेन्द्र कुमार अहिरवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में किसानों को मत्स्य पालन के साथ अन्य कृषि कार्यों को जोड़ने की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर पाठ्यक्रम सह-निदेशक डॉ. बिश्वजीत देबनाथ, डॉ. तारकेश्वर कुमार, डॉ. विवेकानंद भारती एवं डॉ. राकेश कुमार सहित अन्य तकनीकी अधिकारीगण भी उपस्थित रहे । कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकों, तालाब प्रबंधन, बीज उत्पादन, आहार प्रबंधन तथा समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। यह कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।




## नरकटियागंज हरपुर सरेह में दिखा बाघ, ग्रामीणों में दहशत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मनवा परसी पंचायत अंतर्गत हरपुर बढ़निहार गांव के सरेह शुक्रवार की सुबह बाघ दिखने से क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम है। ग्रामीणों ने गेहूं के खेत में बाघ को घूमते हुए देखा और इसकी सूचना शिकारपुर पुलिस और वन विभाग को दी।सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बाघ को रेस्क्यू करने का अभियान शुरू कर दिया है। ग्रामीण सुबह खेत से सुअर को भगाने का प्रयास कर रहे थे इसी दौरान उनलोगों ने गेहूं के खेत में बाघ को विचरण करते हुए देखा। बाघ गेहूं के खेत में डेरा जमाए हुए है। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि बाघ दिखाई देने की सूचना मिलने पर शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह के साथ पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा गया है।

## मारीशस में आयोजित तीन दिवसीय 'बिहार दिवस समारोह' मे डॉ. नीतू कुमारी नूतन आज से करेंगी सुरो की रसवर्षा

### मारीशस के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री होंगे डॉ.नूतन की सुरमई शाम के मुख्य अतिथि

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपनी सुमधुर गायिकी से देश - दुनिया के कलाप्रेमियो की रुह को स्पंदित करने वाली राष्ट्रपति अवार्डी एवं भारत की लोक - संस्कृति की राजदूत व चंपारण की बेटी डॉ. नीतू कुमारी नूतन आज से तीन दिनो तक मारीशस मे सुरो की रसवर्षा कर इस पावन भूमि को गुलजार करेंगी। मारीशस मे बिहार दिवस समारोह के अवसर पर हाई कमीशन मारीशस व भारत तथा बिहार सरकार द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित इस तीन दिवसीय (20 से 22 मार्च तक ) सांस्कृतिक समारोह मे डॉ.नूतन को लोक कला के क्षेत्र मे बिहार से अकेले प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा गया है। डॉ.नूतन अपने दल के साथ आज मारीशस पहुँच गई हैं। बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव प्रणव कुमार भी इस यात्रा मे डॉ.नूतन के साथ मारीशस गए हैं। आज से प्रारंभ इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक सत्र का विधिवत उद्घाटन मारीशस के राष्ट्रपति धर्म गोखूल करेंगे, जहाँ वे डॉ.नूतन द्वारा प्रस्तुत चंपारण, बिहार तथा भारत की विभिन्न पारंपरिक लोक कलाओ के स्वरुपो का दर्शन व रसास्वादन भी करेंगे। वहीं अंतिम दिन के समापन समारोह का उद्घाटन मारीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम करेंगे। जहाँ उस सुरमई शाम मे प्रधानमंत्री के साथ उनकी सरकार के कई कद्दावर मंत्रीगण, मारीशस व भारत के कई राजनयिक एवं मारीशस मे प्रवासी भारतीय तथा मारीशस के सुधी दर्शक-श्रोतागण मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर डॉ.नूतन भारत, बिहार एवं खासकर चंपारण की मिट्टी से जुड़ी पारंपरिक लोक कलाओ के विभिन्न रंगो को अपने सुरो मे पीरोकर अद्भुत साँस्कृतिक छटा बिखेर मारीशस के कलाप्रेमियो के ह्रदय को तृप्त करेंगी। भारत सरकार के संगीत नाटक अकादमी द्वारा नमित 'राज्य कला गुरु' डॉ.नूतन ने अपनी इस यात्रा के लिए मारीशस, भारत एवं खासकर बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मारीशस सरकार ने इस पावन अवसर पर हमें आमंत्रित कर भारतीय कला - संस्कृति के साथ - साथ मुझे भी गौरवान्वित किया है। डॉ.नूतन ने कहा कि मारीशस एवं भारत के बीच वर्षो पुराना अटूट, मधुर व साँस्कृतिक संबंध है। डॉ.नूतन मानती हैं कि बिहार दिवस के अवसर पर मारीशस की इस महान भूमि पर उनके द्वारा भारतीय लोक कलाओ के विभिन्न रंगो से ओतप्रोत झाँकी के प्रदर्शन से दोनों देशो के बीच आत्मीय संबंध मजबूत व और प्रगाढ़ होंगे। डॉ.नूतन ने बताया कि उनके साथ संगत कलाकार के रुप मे भारत से हारमोनियम व की- बोर्ड पर किशोर दास, तबला पर सुमीत कुमार एवं ढोलक पर ज्ञानदेव साथ गए हैं, जबकि शेष संगत कलाकार मारीशस से ही लिए जाऐंगे।




## बिहार रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष पद पर पांच अभ्यर्थियों के बीच होगा मुकाबला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला होमगार्ड कार्यालय में शुक्रवार को बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ के चुनाव के लिए विभिन्न पदों पर नामांकन हुआ। नामांकन को लेकर होमगार्ड कार्यालय में गहमागहमी का माहौल रहा। पटना से आए चुनाव प्रभारी सह पर्यवेक्षक संघ के प्रदेश महासचिव सुदेश्वर प्रसाद, प्रदेश संगठन सचिव भगवान सिंह, प्रदेश कार्यालय सचिव राधेश्याम सिंह की मौजूदगी में अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। दोपहर दो से चार बजे के बीच नाम वापसी का समय निर्धारित किया गया था। पर्यवेक्षक सुदेश्वर प्रसाद ने बताया कि अध्यक्ष पद पर छह लोगों ने नामांकन किया था। जिसमें से अर्जुन कुमार गुप्ता ने नाम वापस ले लिया। इस पद पर संजय कुमार राव, नितेश मिश्र, ओम प्रकाश यादव, सत्यानंद तिवारी, रेखा देवी चुनाव मैदान में है।

# बिहार दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों के तहत जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में बौद्धिक क्षमता, तार्किक चिंतन, सामान्य ज्ञान तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों से बिहार के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, भूगोल, कला-साहित्य, समसामयिक घटनाओं एवं सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनका



उन्होंने आत्मविश्वास एवं दक्षता के साथ उत्तर दिया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान) अमृतेश आर्यन, सहायक साधन सेवी उमेश कुमार, गोविंदा सिंह, विशाल कुमार, संजीत कुमार, भूपेंद्र कुमार सिंह एवं चंदन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि बिहार दिवस राज्य की समृद्ध परंपरा, गौरवशाली इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत को स्मरण करने और उससे प्रेरणा लेने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ आत्मविश्वास, त्वरित निर्णय क्षमता एवं टीम भावना का विकास करती हैं। प्रतियोगिता को प्रारंभिक, सेमीफाइनल एवं फाइनल राउंड में संपन्न कराया गया। प्रत्येक चरण में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। आयोजन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया, जिससे सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षा विभाग, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं जिला प्रशासन के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला प्रशासन ने सभी पदाधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें आगे भी इस प्रकार की ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# मुख्यमंत्री नीतीश की यात्रा सफल डीएम-एसपी ने दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। यात्रा के समापन के बाद शुक्रवार शाम समाहरणालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने इसे जिले के लिए काफी सफल और उपयोगी बताया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूर्व में "प्रगति यात्रा" के दौरान चयनित एवं स्वीकृत कुल चार योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इनमें पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, औरंगाबाद अंतर्गत (1) गया–औरंगाबाद भाया परैया, गुरारू, रफीगंज (पार्ट-बी) पथ के किमी 27.80 से 64.170 तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण (कुल लंबाई 34.37 किमी) कार्य, जिसकी लागत 10407.14 लाख रुपये है, (2) देव सूर्यकुण्ड (एसएच-101) से देव बाईपास (प्रगति पथ) (4-लेन) पथ निर्माण (कुल लंबाई 1.00 किमी) कार्य, जिसकी लागत 5825.965 लाख



रूपये है, तथा (3) देव रिंग रोड के किमी 0.00 से 8.60 तक पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन (एनएच -30 का लेफ्ट आउट भाग) पथ निर्माण (कुल लंबाई 8.60 किमी) कार्य, जिसकी लागत 13492.62 लाख रूपये शामिल हैं। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत औरंगाबाद में ट्रामा सेंटर निर्माण (लागत 964.00 लाख रूपये) का भी शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा कुल 262 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया जिसकी कुल प्राकलित राशि 678 करोड़ है। साथ ही उन्होंने बताया की समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने मुंशी बिगहा में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकासात्मक स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जीविका दीदियों को "दीदी की रसोई एक्सप्रेस फूड ट्रक" के शुभारंभ हेतु सांकेतिक चाभी प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम की सफलता के लिए जिलावासियों के साथ-साथ सभी अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री की इस यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा और आम लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न कंपनियों के अतिरिक्त पुलिस बल के साथ बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारियों को लगाया गया था। कार्यक्रम के दौरान किसी को कोई परेशानी नहीं हुई।

# यज्ञ में परिक्रमा को लेकर उमड़ आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** श्रीसीताराम महायज्ञ सह श्रीराम कथा यज्ञ को लेकर कोईलवां गांव स्थित सती स्थान महिलाओं की जन सैलाब यज्ञ मंडप की परिक्रमा के साथ पूजा-अर्चना के लिए उमड़ गई है। महायज्ञ के लिए आदि गंगे पुनपुन नदी चनहट सूर्य मंदिर घाट से जल भरकर यज्ञ मंडप में कलश स्थापना की गयी है। महिलाएं यज्ञ मंडप का 108 बार परिक्रमा के साथ पूजन किया। परिक्रमा के दौरान वातावरण भक्ति मय हो गया। आचार्य पंडित



लालामोहन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा कराते हुए कहा भगवान श्रीराम प्रभु की जीवन दर्शन अलौकिक है। उन्होंने कहा महायज्ञ में कोईलवां गांव के अलावा पचरूखिया, हैबसपुर, धमनी, चनहट, करणविगहा , रघुनाथविगहा के साथ - साथ आसपास के सभी गावों का सहयोग मिल रहा है। श्री शास्त्री ने कहा पूज्यपाद स्वामी राम प्रपन्नाचार्य, अनिल पाण्डेय, शिवानी दूबे, नीलम गायत्री कथा वाचन हो रहा है। जहां भक्त गण कथा सुन आस्था कि डुबकी लगा रहे हैं।

# पिकअप की ठोकर से बाइक सवार की मौत

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। कुटुंबा थाना क्षेत्र के संडा-टंडवा मुख्य पथ पर तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़े गए और मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जमुआ गांव निवासी मुन्ना पाल के पुत्र नीतीश कुमार(22) के तौर पर हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया। कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष और समिति सदस्यों को मिले प्रमाणपत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूदवां (औरंगाबाद)।** पैक्स चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष और समिति सदस्यों को प्रखंड परिसर स्थित सभागार में प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनिस सलीम ने सभी निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान सदस्यों ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस के प्रति आभार जताया। प्रमाण पत्र मिलने के बाद नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में समिति सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को अंगवस्त्र और पुष्प देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष ने कहा कि पंचायत की जनता ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और समन्वय के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पैक्स के माध्यम से किसानों से जुड़े सभी कार्यों का निष्पादन तत्परता से किया जाएगा और किसी भी प्रकार की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी और निर्धारित समय पर धान अधिप्राप्ति सुनिश्चित कराई जाएगी। बैठक के दौरान प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने भी सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी सदस्यों को दी और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस मौके पर समिति के सदस्य रंजीत कुमार, रंजू कुमारी, देवेंद्र यादव, मनसा देवी, महेंद्र साव, रामपुरी देवी, रोशन कुमार, विद्यावती देवी, शंभू कुमार, सुभम कुमार, हरेंद्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग ने की छापेमारी, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के राजौरा गांव में अवैध रूप से विद्युत उपयोग करने के विरुद्ध सहायक विद्युत अभियंता ने विद्युत आपूर्ति प्रशाखा पौथु के कर्मियों के सहयोग से छापामारी की। राजौरा गांव के सहदेव यादव के पुत्र समरु यादव के गैर घरेलू परिसर में जांच की गई। अभियंता ने बताया कि जिसमें विद्युत कनेक्शन स्थापित है। जिसका विपत्र तीन हजार छह सौ चौदह रुपया है। आदेश स्थापित विद्युत मीटर को एक अतिरिक्त पीवीसी तार से बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही है समरू यादव द्वारा कुल 46,807 साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड को राजस्व की आर्थिक क्षति पहुंचाई गयी है। जो इनके ऊपर भारित किया गया है। इस मामले में जुर्माना के के साथ रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है। इस अभियान में विद्युत प्रशाखा पौथु के मानव बल अजित कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

# व्यवसायी के घर पर अंधाधुंध फायरिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के जनकोप गांव में बीती रात अज्ञात अपराधियों द्वारा एक धान-चावल व्यवसायी के घर पर अंधाधुंध फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित व्यवसायी ने पूर्व में रंगदारी की मांग को लेकर मिली धमकी के बाद इस वारदात को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनकोप निवासी अजय प्रसाद गुप्ता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 14 मार्च को उन्हें फोन कर जान से मारने की धमकी देते हुए पैसों की मांग की गई थी। इसके पांच दिन बाद 19 मार्च की रात करीब 1० से 11 बजे के बीच बाइक सवार चार से पांच अपराधी उनके घर पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग कर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार फायरिंग की आवाज सुनकर वे छत पर पहुंचे, जहां से उन्होंने दो बाइकों पर सवार अपराधियों को भागते हुए देखा। घटना के बाद जांच करने पर घर की दीवार और दुकान के शटर पर गोली लगने के निशान पाए गए। मौके से तीन कारतूस के अवशेष भी बरामद किए गए हैं। सूचना मिलते ही बारुण पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पीड़ित ने आशंका जताई है कि धमकी देने वाले गिरोह के ही लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# पंचदेव धाम में 5 अप्रैल को योग शिविर

## केंद्रीय प्रभारी राकेश मित्तल करेंगे संबोधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 20 मार्च 2026 को औरंगाबाद जिला स्थित पतंजलि कार्यालय में भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी बिनोद आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि कुटुम्बा प्रखंड के पंचदेव धाम में 5 अप्रैल 2026 को विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति हरिद्वार से परम



पूज्य योग ऋषि स्वामी के परम शिष्य एवं केंद्रीय मुख्य प्रभारी राकेश मित्तल योग साधकों एवं पतंजलि प्रभारियों को संबोधित करेंगे। वे योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, प्राकृतिक चिकित्सा एवं भारतीय शिक्षा पद्धति पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। साथ ही औरंगाबाद जिले में गुरुकुलम, गोशाला एवं अन्य निर्माण कार्यों की जानकारी भी साझा करेंगे। जिला प्रभारी ने बताया कि जिले के 33 वार्डों में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक एक साथ योग, प्राणायाम, आसन एवं व्यायाम का लाइव कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बृजमोहन शर्मा, संजय कुमार, सुनील त्रिपाठी, मृत्युंजय मिश्रा सहित कार्यालय सहायक खुशी कुमारी, मुस्कान कुमारी, कोमल कुमारी, नेहा कुमारी एवं स्वीटी कुमारी उपस्थित रही।

# समाज में सांप्रदायिक सौहार्द वर्तमान समय में काफी आवश्यक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर प्रखंड के रसूल बाग कारा स्थित मदरसा इस्लामिया परिसर में श्री कृष्णा स्मृति मंच के उपाध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में दोनों समुदायों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अल्पसंख्यक परिवारों ने संजय शर्मा का स्वागत किया और सभी ने एक साथ इफ्तार में शामिल होकर रमजान की बधाई दी। इफ्तार के दौरान संजय शर्मा ने रोजेदारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रमजान पाक का महीना है, जिसमें की गई हर दुआ कबूल होती है। उन्होंने कहा कि जैसे हिंदू धर्म में नवरात्र का विशेष महत्व है, उसी तरह रमजान मुसलमानों के लिए इबादत और आत्मशुद्धि का पवित्र समय है, जब लोग रोजा रखकर अल्लाह की



इबादत करते हैं और अमन-शांति की दुआ मांगते हैं। कारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद सफी अहमद उर्फ गोल्डन ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महीना रहमतों और बरकतों से भरा होता है, जिसमें रोजा, नमाज, कुरान और इबादत का विशेष महत्व है।इस दौरान उपस्थित लोगों ने आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर जोर दिया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द बढ़ाने का कार्य करते हैं। संजय शर्मा ने कहा कि एक साथ मिलकर इबादत और इफ्तार करना इस बात का प्रमाण है कि एकजुटता से समाज में सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत किया जा सकता है, जिसकी वर्तमान समय में काफी आवश्यकता है। कार्यक्रम में मास्टर नसीम अंसारी, मोहम्मद अख्तर हुसैन, मिस्टर असरफ अली, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद सादिक, असरफ अली, मिस्टर राजू सहित दोनों समुदायों के कई लोग मौजूद रहे।

# जिला उपभोक्ता अदालत ने दिलवाया बकाया एमएसीपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्री नारायण सिंह ने शिकायत वाद के आवेदिका राजकीय कन्या मध्य विद्यालय दाउदनगर के सेवानिवृत्त शिक्षिका प्रतिमा कुमारी को एमएसीपी का बकाया रूपये दिलवाएं। आवेदिका ने अपने अधिवक्ता जिला विधिज्ञ संघ के उपाध्यक्ष क्षितिज रंजन के द्वारा 14 मई 2025 को जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी के विरुद्ध वाद प्रस्तुत किया था जिसमें आवेदिका ने बताया एमएसीपी के तहत अंतर वेतन भुगतान संबधी 332983 रूपये शिक्षा विभाग द्वारा 12 दिसंबर 2023 को स्वीकृति के बाद भी बिल भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस संबध में वकालतन नोटिस भेजकर कर भी एमएसीपी राशि भुगतान की मांग की गई थी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अपने जवाब में विपक्षी ने कहा कि यह मामला जिला उपभोक्ता अदालत में चलने योग्य नहीं है परंतु जिला उपभोक्ता अदालत के आवेदिका के मांग जायज मानते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के नियम के तहत प्रोसेस आगे बढ़या तब आवेदिका को बकाया एमएसीपी राशि भुगतान उनके खाते में हुई। इस तरह से जिला उपभोक्ता अदालत कई तरह से मनुष्य जीवन के जुड़े वस्तु और सेवा के दैनिक मामले में सफलता पूर्वक लाभ दिलाकर काफी प्रसिद्ध पा रही है और न्याय के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म साबित हो रही है।

## जदयू विधायक विभा देवी के छोटे पुत्र का सड़क दुर्घटना में निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजवल्लभ प्रसाद यादव व नवादा की विधायक विभा देवी के छोटे पुत्र अखिलेश यादव का सड़क दुर्घटना में निधन की खबर मिलते ही संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों का तांता लगा रहा। इस घटना से परिवार समेत पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। यह हृदयविदारक घटना को सुनकर जहां सभी आवक हैं, निःशब्द हैं, वही सभी की आंखें भी नम है। लोग उनके पैतृक गांव नवादा सदर प्रखंड के इंग्लिश पर पहुंचकर संवेदना प्रगट कर रहे हैं। इस दुःखद वेला में ओड़ो पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी अरविन्द मिश्रा, पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह,भाजपा नेता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, राजाराम सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार,नारदीगंज के पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरज पासवान, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार उर्फ बबलू सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा, जदयू जिला महासचिव प्रियरंजन सिंह, विनय कुमार साव, दीपक कुमार बाला जी,शंभु मालाकार समेत अन्य लोगों ने नम आंखों से दुःख व्यक्त करते हुए कहा यह काफी दुःखदायी घटना घटी है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# आशा और वैक्सीन कुरियर का धरना - प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** आशा एवं आशा फैसिलिटेटर तथा वैक्सीन कुरियर संघ ने शुक्रवार को रेफरल अस्पताल, कुटुंबा परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही बिहार राज्य आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ की महामंत्री सुधा सुमन ने बताया कि विगत आठ माह से हमें प्रोत्साहन राशि एवं पारितोषिक राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जिसके कारण हम लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। राज्य कमेटी के निर्देश पर आज बिहार के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल और सीएससी में प्रदर्शन किया जा रहा है। अगर सरकार हमारी मांगों को 31 मार्च तक पूरा नहीं करती है तो बिहार की सारी आशा कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि सरकार हमारे साथ हमेशा सौतेला व्यवहार करती आई है। केंद्रीय बजट में घोषणा की गई थी की आशा कार्यकर्ताओं का प्रोत्साहन राशि पंद्रह सौ रुपए बढ़ाकर पैंतीस सौ रुपए कर दिया जाएगा। परंतु अभी तक कैबिनेट में यह बिल पास नहीं किया गया। इसके



विरोध में हम लोग एक अप्रैल को घोषणा पत्र की प्रति जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन में लालमुनी देवी, नीलम कुमारी, सुषमा कुमारी, कंचन कुमारी, सौभाग्यवती देवी, विंदा कुमारी राजेश कुमार उर्फ राजु सोनी, कन्हैया कुमार एवं सैंकड़ों आशा, ममता कार्यकर्ता शामिल थी।

**आशा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिए जाने पर जताया विरोध**

मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिए जाने पर संघ की महामंत्री सुधा सुमन ने विरोध जताते हुए कहा कि हम लोगों ने 16 मार्च को बिहार के मुख्यमंत्री, कार्यपालक निदेशक, मुख्य सचिव, स्वास्थ्य मंत्री और सभी प्रखंडों में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को धरना प्रदर्शन के संबंध में आवेदन दिया गया था। समृद्धि यात्रा के दौरान बारूण प्रखंड की आशा कार्यकर्ता शांतिपूर्वक मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपने पहुंची तो जिला प्रशासन द्वारा उन्हें रोक दिया। जब वे अपनी मांगों पर अड़ी रही तब प्रशासन ने दस आशा कार्यकर्ता को हिरासत में ले लिया। जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि अगर शाम तक आशा कार्यकर्ताओं को सुरक्षित घर तक नहीं छोड़ा गया तो शनिवार को हम लोग जिले में बड़ा आंदोलन करेंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
mail-rdsdgumla123@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/25/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः (DMFT मद)

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of School Building, At-Upgarded Primary School, Bijapath (Janawal), Chainpur Dist- Gumla | 24,63,700.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 04 माह |
| 2 | Renovation of School Building, At- Upgarded Middle School, Maheshpur (Chhichhwani), Chainpur Dist-Gumla | 44,97,100.00 | 90,000.00 | 5000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 30.03.2026 से दिनांक 08.04.2026. को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 10.04.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

PR.NO.375755 Rural Development(25-26):D



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

1. भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:–

**ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः COM-PARK-DDU-2**

**AA/1, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधीः** रफीगंज रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **ई– नीलामी लॉट संख्याः** PARKING-DDU-RFJ-MX-45-23-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 01.04.2026. को 12:00 बजे 1 शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**AB/1, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधीः** गढ़हनी स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थति तीन पहिया स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **ई– नीलामी लॉट संख्याः** PARKING-DDU-GQN-RW-50-22-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** दिनांक 01.04.2026. को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।

**AB/2, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधीः** अन्कोहरा रेलवे स्टेशन पर स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **ई– नीलामी लॉट संख्याः** PARKING-DDU-ANH-RW-36-22-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 01.04.2026. को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी। **वेबसाइट का पता जहाँ ई– नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in** (E-auction Leasin)

कृते मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1962/डीडीयू/सीओएमएमएल/ईएन/25–26/44

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों से वसूले गए हैं करोड़ों रुपए

## बेगूसराय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** कारगिल विजय सभा भवन में जिला सड़क सुरक्षा समिति की जिला पदाधिकारी श्रीकंात शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जनवरी 2026 में कुल 1,07,75,105 (एक करोड़ सात लाख पचहत्तर हजार एक सौ पाँच) रुपये की शमन राशि वसूली गई। वहीं फरवरी 2026 में परिवहन विभाग द्वारा 1,01,65,620 (एक करोड़ एक लाख पैंसठ हजार छः सौ बीस) रुपये तथा पुलिस प्रशासन द्वारा 44,47,500 (चौवालीस लाख सैंतालीस हजार पाँच सौ) रुपये की वसूली की गई। फरवरी माह में विशेष अभियान के तहत बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट तथा प्रदूषण मानकों के उल्लंघन के मामलों में कुल 1,115 वाहनों से 11,46,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में 36 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 21 स्थलों पर आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। जबकि 10 स्थलों पर अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं। जिला पदाधिकारी ने इन क्षेत्रों में साइनेज, रम्बल स्ट्रिप, रिफ्लेक्टर एवं हाई मास्ट लाइट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए एसएच-55 (बेगूसराय-रोसड़ा पथ) पर रजौड़ा चौक पुल के समीप अतिक्रमण हटाने तथा रामधारी सिंह दिनकर अभियंत्रण महाविद्यालय के पास सर्विस लेन में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बरौनी जीरो माइल से रिफाइनरी गेट तक अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई जारी रखने को कहा गया। बैठक में हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा की गई, जिसमें 1 अप्रैल 2022 से अब तक 731 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 386 मामलों में मुआवजा का भुगतान किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता करने वाले 'गुड सेमेरिटन' को 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। जिसके तहत जिले से 5 व्यक्तियों की सूची विभाग को भेजी गई है। नई सुविधाओं के तहत मंझौल में ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक के निर्माण के लिए 1 एकड़ भूमि चिह्नित करने की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही नगर निगम क्षेत्र में सड़कों के किनारे स्थित बिजली के खंभों को स्थानांतरित करने का कार्य भी प्रगति पर है। बैठक के अंत में सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# प्राप्त आवेदनों की प्रगति की नियमित करें समीक्षा : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी श्रीकंात शास्त्री की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कुल 60 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित रहे। इसके अतिरिक्त अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन, पर्चा निर्गमन, विद्युत बिल में त्रुटि सुधार, विद्यालय में नामांकन, सड़क/रास्ता विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से संबंधित प्रकरणों सहित अन्य प्रशासनिक विषयों पर भी आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की त्वरित, निष्पक्ष एवं तथ्यपरक जांच सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है, जिसके माध्यम से शिकायतों के त्वरित समाधान के साथ-साथ शासन के प्रति लोगों का विश्वास भी सुदृढ़ होता है। यह पहल सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पात्र लाभुकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध करायी जाए, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से मिल सके।

समस्त देशवासियों को ईद मुबारक
मो. शाहनवाज रहमान
उर्फ सल्लू खान
कांग्रेस नेता, औरंगाबाद
-सह-बिहार प्रदेश अध्यक्ष
राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड



औरंगाबाद जिलावासियों को ईद मुबारक
मो. एकलाख खान
प्रदेश महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
-सह-जिला पार्षद प्रतिनिधि
हसपुरा (औरंगाबाद)



आप सभी को ईद पर्व की मुबारकबाद
श्रीकांत सर
निदेशक
एस मिशन क्लासेज
मदनपुर (औरंगाबाद)



रमजान के पवित्र माह
ईद-उल-फितर की तहे दिल से
मसौढीवासियों को मुबारकबाद
मो. नेयाज अहमद
वरीय शिक्षक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
भैसवां (मसौढी) पटना



# जिले में पीएम किसान निधि योजना का ईकेवाइसी का कार्य पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में डीएम श्रीकंात शास्त्री ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के प्रगति की विस्तृत समीक्षा के लिए शुक्रवार को अनुश्रवण एवं शिकायत निवारण समिति' की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के विभिन्न घटकों जैसे ईकेवाईसी, एनपीसीएल लिंकिंग, स्व-पंजीकरण तथा भौतिक सत्यापन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई एवं लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रस्तुत अद्यतन आंकड़ों के अनुसार जिले में ईकेवाईसी का कार्य लगभग पूर्ण की स्थिति में है। गुरुवार तक कुल 1,14,370 (एक लाख चौदह हजार तीन सौ सत्तर) पंजीकृत किसानों में से 1,13,889 (एक लाख तेरह हजार आठ सौ नवासी) किसानों (99.58 प्रतिशत) का ईकेवाईसी सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। जबकि केवल 481 किसानों का ईकेवाईसी शेष है। छौराही प्रखंड ने इस दिशा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। एनपीसीएल एवं आधार सीडिंग के संदर्भ में बताया गया कि जिले में अब तक 1,14,199 किसानों का आधार प्रमाणीकरण किया जा चुका है। जिनमें से 1,12,429 किसानों के बैंक खाते आधार से लिंक किए जा चुके हैं। शेष 1,913 खातों को शीघ्र आधार से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है, ताकि लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण सुनिश्चित की जा सके। स्व-पंजीकरण की समीक्षा के क्रम में जानकारी दी गई कि राज्यस्तर पर जिला के 2,627 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। जिला स्तर पर 4,033 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं तथा वर्तमान में कोई भी आवेदन लंबित नहीं है। वहीं प्रखंड स्तर पर 2,404 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं और मात्र 15 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। भौतिक सत्यापन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्धारित 5,354 के लक्ष्य के विरुद्ध 3,947 सत्यापन पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5,257 के लक्ष्य के विरुद्ध 3,727 सत्यापन पूरे किए गए हैं। इस प्रक्रिया के दौरान कुल 670 किसान अपात्र पाए गए हैं। किसान रजिस्ट्री के अंतर्गत जिले के कुल 1,07,062 सक्रिय लाभार्थियों में से 48,333 किसानों का पंजीकरण पूर्ण किया जा चुका है।

रमजान के पवित्र माह
ईद-उल-फितर की तहे दिल से
मसौढीवासियों को मुबारकबाद
मो. अशरफ परवेज
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय
मालिकाना (मसौढी) पटना



सभी बांका वासियों को
ईद की हार्दिक
शुभकामनाएं
जिब्राइल अंसारी
सदर
गरीबों का मसीहा
बांका (बिहार)




# उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी करें सुनिश्चित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** शुक्रवार को जिला पदाधिकारी श्रीकंात शास्त्री ने कार्यालय प्रकोष्ठ में गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में एलपीजी सिलेंडरों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधाओं को दूर करना था। बैठक में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) महेश्वर प्रसाद सिंह सहित आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा एलपीजी वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं जन-उपयोगी बनाने के उद्देश्य से स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं के घर तक अनिवार्य रूप से होम डिलीवरी सुनिश्चित करें। और किसी भी परिस्थिति में उपभोक्ताओं को गोदाम से सीधे गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि वितरण कार्य में लगे ठेला वेंडरों पर सतत निगरानी रखी जाए। यदि कोई वेंडर निर्धारित उपभोक्ता के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराते हुए पाया जाता है, तो संबंधित एजेंसी द्वारा उसे तत्काल प्रभाव से सेवा से हटा दिया जाए। इसके साथ ही उपभोक्ताओं से निर्धारित दर से अधिक राशि की वसूली के मामलों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में शून्य सहनशीलता अपनाई जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित वेंडर को तत्काल सेवामुक्त किया जाएगा। अपर समाहर्ता विभागीय जांच द्वारा बताया गया कि पिछले तीन दिनों में कंट्रोल रूम में 90 कॉल आए है। जिसपर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।जिलाधिकारी श्रीकंात शास्त्री ने कहा कि उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा चेतावनी दी कि उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** लोहिया नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बोलेरो गाड़ी से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहिया नगर थाना क्षेत्र के बाघा गांधी चौक के पास पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बोलेरो वाहन के जरिए गांजा की बड़ी खेप की सप्लाई की जाने वाली है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल इलाके में घेराबंदी कर सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया।तलाशी के दौरान एक संदिग्ध बोलेरो गाड़ी को रोका गया। तलाशी लेने पर गाड़ी से करीब 42 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से तस्कर राहुल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। बरामद गांजा को जब्त कर लिया गया है और बोलेरो वाहन को भी सीज कर दिया गया है। इस संबंध में सदर हेडक्वार्टर डीएसपी निखिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गांजा की डिलीवरी के लिए जा रहा था। लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक पूछताछ में कुछ अहम जानकारी मिली है। जिसके आधार पर इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

# सभी विद्यालयों में होगी अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में दिनांक 28 मार्च को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (पीटीएम) आयोजित करने का निर्देश जारी किया है। यह संगोष्ठी प्रवेश से प्रगति तक, विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ थीम पर आयोजित की जाएगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, पटना द्वारा जारी पत्र के अनुसार इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को अभिभावकों के साथ साझा करना, शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के समग्र विकास में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए संगोष्ठी में अधिक से अधिक अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई, नियमित उपस्थिति, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी।

# बिहार दिवस पर आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

## निकाली जाएगी प्रभात फेरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जिले भर में विविध सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा बिहार दिवस में कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। जिसका उद्देश्य आमजन में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता, गर्व एवं सहभागिता को बढ़ावा देना है। बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ 19 मार्च से हो चुका है जो 23 मार्च तक जारी रहेगा। 19 से 21 मार्च तक कंकौल स्थित प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी में विभिन्न कलात्मक विधाओं पर आधारित त्रिदिवसीय कला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय कलाकारों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। 22 मार्च की सुबह 6:15 बजे गांधी स्टेडियम से नवाब चौक एवं नगर निगम चौक होते हुए भव्य प्रभात फ़ेरी निकाली जाएगी जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन एवं आमजन भाग लेंगे। इसी दिन प्रातः 7 बजे गांधी स्टेडियम परिसर में एकजुटता एवं सामाजिक समरसता का संदेश देने हेतु मानव श्रृंखला का निर्माण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। 22 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से कंकौल स्थित आर्ट गैलरी में भव्य प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। जिसमें क्विज, पेंटिंग, रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। जिससे युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच मिलेगा। सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत 22 मार्च को ही पूर्वाह्न 10 बजे से सदर अस्पताल, बेगूसराय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रमों का समापन 23 मार्च को सायं 5 बजे कंकौल स्थित प्रेक्षागृह में भव्य सांस्कृतिक संध्या के साथ होगा। जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक एवं आधुनिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिला पदाधिकारी श्रीकंात शास्त्री ने जिले के सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं युवाओं से इन कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर बिहार दिवस को उत्सव के रूप में मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने का अवसर है।

अंतर्राष्ट्रीय वानिकी दिवस

अंतर्राष्ट्रीय वानिकी दिवस 2026 का विषय "वन और अर्थव्यवस्था" है, जो हमें यह स्मरण कराता है कि वन पर्यावरणीय संतुलन के साथ-साथ सतत् आर्थिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। झारखंड की धरती पर अवस्थित वन हमारी सांस्कृतिक धरोहर, आर्थिक समृद्धि और पर्यावरणीय स्थिरता का प्रतीक है।

वन हमें स्वच्छ वायु, शुद्ध जल, औषधियाँ, भोजन और आजीविका के कई साधन प्रदान करते हैं। साथ ही, ये जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से भी हमारी रक्षा करते हुए मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हैं और जैव विविधता को सुरक्षित रखते हैं। वनों से प्राप्त संसाधन न केवल ग्रामीण और आदिवासी समुदायों की आजीविका का आधार है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ करते हैं। लकड़ी, लघु वनोपज, औषधीय पौधे और अन्य प्राकृतिक उत्पाद हमारे उद्योगों और बाजारों को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

झारखंड के आदिवासी समाज ने वनों को सदैव पूज्य माना है। उनकी परंपराएं हमें यह शिक्षा देती हैं कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना ही सतत् विकास का मार्ग है। इस ज्ञान को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ जोड़कर हमें पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि वन संसाधनों का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से किया जाए एवं विकास की योजनाएं पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखकर बनाई जाएं. ताकि प्रगति और प्रकृति दोनों का सामंजस्य बना रहे।

झारखंड के वन हमारी अस्मिता और गौरव हैं। आइए, हम सब मिलकर इन्हें सुरक्षित रखें और अपने राज्य को हरियाली, समृद्धि तथा जीवन से परिपूर्ण बनाएं।

जोहार !



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड
PR -375791 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26

# घरेलू गैस की कालाबाजारी की सूचना पर छापेमारी

## दर्जनों होटलों में छापेमारी, रेस्टोरेंट से चार सिलेंडर जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शाहपुर (भोजपुर)।** घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन ने शुक्रवार को शाहपुर नगर पंचायत क्षेत्र में सख्ती दिखाई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शंभु शरण कुमार के नेतृत्व में बाजार स्थित विभिन्न दुकानों में छापेमारी की गई। इस दौरान प्रभारी सीओ सह चकबंदी पदाधिकारी राकेश कुमार, थानाध्यक्ष राजेश मालाकार एवं बीपीआरओ भी मौजूद रहे। छापेमारी के दौरान शाहपुर के रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों, लाइन होटलों समेत करीब दर्जनों प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इसी क्रम में सरना-भरौली रोड स्थित वैष्णवी फैमिली रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलिंडर का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। टीम ने मौके से चार भरे हुए घरेलू सिलेंडर बरामद कर जब्त कर लिया। इस मामले में रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। सूत्रों के अनुसार एक दिन पूर्व बिहिया और जगदीशपुर में हुई कार्रवाई की जानकारी मिलते ही शाहपुर के कई दुकानदारों ने पहले ही अपने प्रतिष्ठानों से घरेलू सिलिंडर हटा लिए थे। जिसके कारण कई जगहों पर अनियमितता पकड़ में नहीं आ सकी।

### कालाबाजारी के विरोध में सड़क पर उतरेंगे जनप्रतिनिधि

**जमालपुर (मुंगेर)।** गैस की कालाबाजारी के रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी के लाख प्रयास के बावजूद जमालपुर में गैस की कालाबाजारी शुरू हो गयी है। गैस की कालाबाजारी होने से जनता जनप्रतिनिधि परेशान है। गैस के निर्धारित मूल्य से 400 से 500 रुपए अधिक गैस एजेंसी के द्वारा लिए जाने पर जनता जनप्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक केशोपुर जमालपुर में हुई। अध्यक्षता करते हुए वार्ड पार्षद राकेश तिवारी ने कहा कि इंडियन गैस एजेंसी के द्वारा शहर में गैस की कालाबाजारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशियाई देश में युद्ध होने के बावजूद भारत में गैस की कालाबाजारी को रोकने को लेकर सरकार गंभीर है और मुंगेर में जिलाधिकारी भी। बाजार में 1300 से 1500 सौ रुपए में गैस की कालाबाजारी कर रहे हैं। सरकार एवं प्रशासन को बदनाम करने वाले ऐसे गैस एजेंसी मलिक के खिलाफ अभिलंब कार्रवाई की जानी चाहिए नहीं तो जनता किसी भी वक्त सड़क पर उतर सकती है। बैठक में पूर्व पार्षद गौतम आजाद, प्रतिनिधि दीपक कुमार, प्रतिनिधि दिलीप, हीरालाल मंडल, रमेश केसरी, कारू, नवल सहित कई मौजूद थे। इधर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मितेश कुमार ने बताया गैस की कालाबाजारी होने की सूचना अगर कोई लाभुक के द्वारा या जनता के द्वारा दी जाती है तो उसे पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। बरहाल जनता जनप्रतिनिधि की बैठक गैस की कालाबाजारी को लेकर हो रही है इसकी जानकारी तो नहीं है पर कालाबाजारी की शिकायत सही मिली तो निश्चित रूप से एजेंसी मालिक पर कार्रवाई होगी।

## 7 साल की नाजिया ने रोजा रख मांगी अमन-चैन व शांति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बौंसी/बांका।** रमजान के पवित्र महीने में इबादत और अनुशासन की मिसाल पेश करने वाली एक नन्ही बच्ची इन दिनों बौंसी नगर पंचायत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। महज 7 साल की उम्र में उसने ऐसा संकल्प लिया, जो बड़ों के लिए भी प्रेरणादायक है। बौंसी नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 12 के ग्राम गज्जर की रहने वाली 7 वर्षीय नाजिया प्रवीण ने रमजान के पहले और आखिरी रोजा रखकर अमन और भाईचारे का संदेश दिया है। नाजिया, तौहीद राजा की पुत्री और समशेर राज की पोती हैं। कम उम्र के बावजूद नाजिया ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ रोजा रखा। परिवार के लोगों ने बताया कि नाजिया ने खुद ही रोजा रखने की इच्छा जताई थी और पूरे दिन धैर्य और अनुशासन के साथ इबादत में समय बिताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाजिया का यह कदम समाज में सौहार्द और एकता का प्रतीक है। इतनी छोटी उम्र में धार्मिक मूल्यों के प्रति उसकी निष्ठा अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा है। नाजिया प्रवीण की यह पहल न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे वार्ड के लिए गर्व की बात है, जो अमन और शांति का खूबसूरत संदेश दे रही है।

## अलविदा नमाज के बाद ईद की तैयारियां तेज, वलीपुर मस्जिद में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर (मुंगेर)।** रमजान के आखिरी शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा होते ही पूरे शहर में ईद की तैयारियां तेज हो गईं। वलीपुर मस्जिद में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने नमाज अदा की, जहां कारी मोहम्मद फैयाज आलम राशिद ने इमामत करते हुए अपनी तकरीर में फितरा और जकात की अहमियत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज से पहले हर मुसलमान के लिए फितरा अदा करना जरूरी है, ताकि समाज के गरीब और जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि चांद नजर आने से पहले घर में किसी बच्चे का जन्म होता है, तो उसका भी फितरा देना अनिवार्य है। इधर अलविदा की नमाज के बाद शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल



रही है। कपड़े, टोपी, इत्र, सेवइयां और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग अपने घरों की साफ-सफाई, सजावट और ईद की तैयारियों में जुट गए हैं। चांद का दीदार होते ही उत्साह और बढ़ गया है। ईद की नमाज को लेकर भी सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। वलीपुर मस्जिद और ईदगाह में सुबह 7:30 बजे नमाज अदा की जाएगी, जिसके लिए कमेटियों द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि ईद के दिन विशेष टास्क फोर्स तैनात की जाएगी। सभी प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों और मुख्य सड़कों पर पुलिस बल की तैनाती कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### कुर्मा के शाही कर्बला में अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज

**धोरैया (बांका)।** प्रखंड क्षेत्र के कुर्मा स्थित ऐतिहासिक शाही कर्बला में शुक्रवार को रमजानुल मुबारक के आखिरी जुमे की नमाज शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस विशेष नमाज में बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। नमाज की रस्म मोहम्मद फैयाज द्वारा अदा कराई गई। उन्होंने खुतबा पेश करते हुए मौजूद नमाजियों को रमजान के महत्व और इस्लाम की शिक्षाओं के बारे में बताया। नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआएं मांगी गईं। चिलचिलाती धूप और गर्मी के बावजूद अकीदतमंदों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी।

## दीक्षांत समारोह में शिक्षार्थियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** एजुकेट गर्ल्स ने बिहार के मुंगेर में 200 से अधिक प्रगति शिक्षार्थियों (प्रेरकों) के दीक्षांत समारोह के साथ अपना 18वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में समुदाय के सदस्य, सरकारी अधिकारी और शिक्षा के समर्थक एकत्र हुए, ताकि बालिका शिक्षा और सामूहिक प्रयास की परिवर्तनकारी शक्ति को सम्मानित किया जा सके। समारोह में भीमबांध सहित कुछ सबसे वंचित और नक्सल-प्रभावित क्षेत्रों के शिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अपनी शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की। प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि, जिला मजिस्ट्रेट निखिल धनराज निप्पाणिकार (आईएएस) की उपस्थिति में, सीईओ गायत्री नायर लोबो और निदेशक संचालन, विक्रम सिंह सोलंकी द्वारा प्रदान किए गए। संबोधित करते हुए, जिला मजिस्ट्रेट निखिल धनराज निप्पाणिकार (आईएएस) ने दीर्घकालिक विकास को आगे बढ़ाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एजुकेट गर्ल्स जैसी पहलें दूरस्थ क्षेत्रों में नामांकन और सीखने के परिणामों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आगे प्रशासन, जीविका, शिक्षा विभाग और नागरिक समाज के बीच सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर लड़की को शिक्षा तक पहुँच मिले। एजुकेट गर्ल्स की सीईओ गायत्री नायर लोबो ने कहा, शिक्षा जीवन और समुदायों को बदलने की सबसे शक्तिशाली ताकत है। उन्होंने बिहार बोर्ड ऑफ ओपन स्कूलिंग एंड एग्जामिनेशन के माध्यम से कक्षा 10 की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले सभी शिक्षार्थियों को भी बधाई दी। कार्यक्रम दृढ़ता और संकल्प की प्रेरणादायक कहानियों से भरपूर रहा। 18 वर्षीय लर्नर्स साब्या परवीन ने विवाह और मातृत्व के बाद भी अपनी माध्यमिक शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की।अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि एजुकेट गर्ल्स के सहयोग ने उन्हें अपनी शिक्षा जारी रखने और आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दिया। रीना कुमारी, जो एजुकेट गर्ल्स से जुड़ी एक सामुदायिक मेंटर (प्रेरक) हैं, एक सामुदायिक नेता के रूप में उभरी हैं, जो स्कूल से बाहर लड़कियों को जोड़ने और उन्हें पुनः शिक्षा में लाने में सहयोग कर रही हैं।

## नेफ्रोप्लस ने दरभंगा में दूसरे सेंटर का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** नेफ्रोप्लस ने बिहार में डायलिसिस सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए दरभंगा में अपना दूसरा डायलिसिस सेंटर शुरू किया है। अद्वैत मेडिकल सेंटर स्थित यह नई सुविधा मरीजों को सुलभ, उन्नत और सुरक्षित डायलिसिस सेवाएं प्रदान करेगी। इस सेंटर में 6 हाई-डेफिनिशन डायलिसिस मशीनें और 11 बेड की व्यवस्था है, जहां प्रतिदिन 18 मरीजों का इलाज किया जा सकता है। यह सेंटर क्षेत्र में भरोसेमंद 'रीनल केयर' की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सोच-समझकर तैयार किया गया है। मरीजों को हाई-फ्लक्स हीमोडायलिसिस, सस्टेन्ड लो-एफिशिएंसी डायलिसिस और आईसीयू डायलिसिस की सुविधा मिलेगी, जो नेफ्रोलॉजी के प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. आत्मा प्रकाश नायक के क्लिनिकल मार्गदर्शन में प्रदान की जाएगी। मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सेंटर में सख्त संक्रमण नियंत्रण और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन किया जाएगा। साथ ही, नेफ्रोलॉजी कंसल्टेशन, पोषण परामर्श और मरीज जागरूकता कार्यक्रम जैसी समग्र सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सभी विकास योजनाओं ...

चांद बिगहा ग्राम में केशहर नदी पर चेकडैम का निर्माण, नगर पंचायत देव में अवस्थित सूर्य मंदिर के समीप सूर्य कुंड एवं रूद्र कुंड परिसर से एचएच-101 तक ग्रीन फिल्ड संपर्क पथ का निर्माण, औरंगाबाद जिले के मदनपुर, औरंगाबाद, नवीनगर, असपुरा, गोह, ओबरा एवं दाउदनगर सहित कुल 7 प्रखंडों में नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण, औरंगाबाद जिले में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स एवं स्टेडियम का निर्माण कार्य, 2 लेन रफीगंज बाजार पथ का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी विकास योजनाओं का काम समय सीमा के अंदर ठीक ढंग से पूरा कराएं। इन सभी योजनाओं के पूरा हो जाने के बाद इलाके की और अधिक तरक्की होगी, जिसका फायदा लोगों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बारून के मुंशी बिगहा में औरंगाबाद जिला अंतर्गत 678 करोड़ रुपये की लागत से 262 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 123 करोड़ रुपये की लागत से 142 योजनाओं का उद्घाटन तथा 555 करोड़ रुपये की लागत से 120 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने 6,754 जीविका स्वयं सहायता समूह के खाते में 100 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, समग्र भैंस पालन योजना-समग्र गव्य विकास योजना का सांकेतिक चेक, कुशल युवा कार्यक्रम का प्रमाण पत्र, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाभी लाभुकों को प्रदान किया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि आपके द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक काम कराए गए हैं। इसके लिए हम सभी आपके आभारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी जीविका दीदियों को बधाई है। आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। आगे भी पूरे बुलंदी के साथ काम करते रहिए, राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, लघु जल संसाधन सह औरंगाबाद जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, विधायक चेतन आनंद, विधायक प्रमोद कुमार सिंह, विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, विधायक ललन राम, विधायक प्रकाश चंद्र, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पीरो में जनगणना कार्य में लगेंगे 73 पर्यवेक्षक व 438 प्रगणक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीरो (भोजपुर)।** जनगणना-2027 के लिए पीरो प्रखंड में कुल 6 फील्ड ट्रेनर, 73 पर्यवेक्षक व 438 प्रगणकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इन पर्यवेक्षक व प्रगणकों को अगामी 06 अप्रैल से 16 अप्रैल के बीच जनगणना संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया निर्धारित पोर्टल पर आन लाइन होगी। इसके लिए मास्टर ट्रेनर व फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण जिला स्तर पर जारी है। जनगणना कार्य के लिए पीरो में गठित प्रखंडस्तरीय कोषांग के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार को चार्ज अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में कोषांग के अधिकारियों को क्षेत्र का नजरी नक्शा तैयार करने तथा चौहदी चिह्नित करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जनगणना से संबंधित आवश्यक निर्देशों व प्रत्येक जन गणना कर्मी के कार्य दायित्व के बारे में बताया गया। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य होना है। इसलिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मकान सूचीकरण व मकानों की गणना से संबंधित प्रश्नों का पूरी तरह अध्ययन करें। जनगणना अधिनियम के तहत गोपनीयता बनाए रखने व जनगणना से संबंधित कोई भी जानकारी अनाधिकृत व्यक्ति या संस्था को साझा नहीं करने का निर्देश दिया गया। बैठक मे चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, फिल्ड ट्रेनर गोविन्द प्रसाद, विनय कुमार, सुजीत कुमार, सुमित कुमार भास्कर, आई टी सहायक अरविन्द कुमार मिश्रा, कार्यपालक सहायक विकास कुमार, चंदन कुमार, रवि कुमार यादव, धनेश कुमार आदि थे।

## शिवपुर बाल पर 750 बेड का बनेगा हॉस्टल : श्री भगवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डू के आवास पर आगामी 30 मार्च को होने वाले चैता कार्यक्रम को लेकर एक बैठक की गई थी, जिसमें पूर्व मंत्री सह विधायक श्री भगवान सिंह कुशवाहा मौजूद रहे। विधायक कुशवाहा ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि 25 मार्च को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भोजपुर की धरती पर आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, जो जीरो माइल पर बना है, उसका निरीक्षण करेंगे और उसका उद्घाटन भी करेंगे। दूसरी बात कि कई योजनाओं का, लगभग 100 से ज्यादा योजनाओं का शिलान्यास है। उसमें मेरी भी एक योजना है, जो मेरी चिर-परिचित मांग थी दलितों के लिए। दलितों के बच्चों को पढ़ने के लिए पर्याप्त संख्या में हॉस्टल नहीं हैं। तो ऐसी स्थिति में शिवपुर बाल पर साढ़े सात सौ (750) बेड का हॉस्टल बनवा रहे हैं 'अम्बेडकर हॉस्टल'। जहां दलितों के बेटा-बेटी पढ़ेंगे, रहेंगे, खाएंगे और सोएंगे। सारा चीज की व्यवस्था हो रही है, उसका भी शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री करने जा रहे हैं। यह लगभग 80 करोड़ की योजना है, जिस पर काम हो रहा है। दूसरी बात कि समय? पर यहाँ से जो प्रस्ताव जा रहा है, कुंवर सिंह संग्रहालय को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने वाला, इस काम में पर्यटन वाला तो हो गया। साढ़े सत्रह (17.5) करोड़ का प्रस्ताव भेज दिया गया है और अब कला संस्कृति वाला जो ऊपर का हिस्सा है, वह भेजा जा रहा है।

## पिकअप से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के सनोखर थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने शुक्रवार को यहां बताया कि झारखंड से अवैध विदेशी शराब की एक बड़ी खेप के सड़क मार्ग के जरिए भागलपुर होते हुए सहरसा जाने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी और कहलगांव के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी -वन के नेतृत्व में गठित एक विशेष टीम ने शुक्रवार की शाम सनोखर क्षेत्र में वाहन तलाशी अभियान चलाया।

उन्होंने बताया कि इस दौरान विशेष टीम ने शक के आधार पर एक पिकअप वाहन की तलाशी के क्रम में कई बंद बोरे में छिपाए गए कुल 846.720 लीटर अवैध विदेशी शराब को जब्त किया। मौके पर से एक तस्कर संजीव कुमार को गिरफ्तार किया गया है, जो मुजफ्फरपुर जिले के सकरी क्षेत्र का रहने वाला है।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस सिलसिले में पुलिस ने उक्त पिकअप वाहन को अपने कब्जे में लेने के बाद पकड़े गए तस्कर के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इधर जिले के सभी थानाध्यक्षों को विभिन्न मार्गो पर तलाशी अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थों की जब्ती का निर्देश दिया गया है।

## एक नजर

### मारपीट की घटना में एक घायल, रेफर

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरीपुर पंचायत के गोबिन्दपुर (कुबी) गांव में आज शुक्रवार दोपहर को जमीनी विवाद में जमकर हुई मारपीट हुई घटना में एक आदमी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजनों ने घायल प्रकाश चौधरी को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन पहुंचाया। जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशिकांत कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 आशिष कुमार ने प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया। जख्मी प्रकाश चौधरी ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि उसके गांव के भुल्लक चौधरी, किसुन चौधरी, टिंकू चौधरी सहित 6 लोगों ने मेरे गिरे हुए मिट्टी की घर पर जबरन निर्माण कार्य कर रहा था। निर्माण कार्य करने की सूचना पर पहुंचकर विरोध किया तो आरोपित सभी लोगों ने लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष की भुल्लक चौधरी का कहना है जमीन हम लोगों की है। जबरन प्रकाश चौधरी के द्वारा निर्माण कार्य करने से रोका जा रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने बताया दोनों पक्षों की और से आवेदन आया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने सुनी जनता की समस्याएं

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी भोजपुर द्वारा ईज ऑफ लिविंग के तहत जनता दरबार आयोजित, 41 आवेदकों की समस्याएँ सुनी गईं। आज दिनांक 20 मार्च 2026 को जिला पदाधिकारी भोजपुर, तनय सुल्तानिया के द्वारा ईज ऑफ लिविंग के तहत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 41 कुल लोगों की समस्याओं को जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरता से सुना गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी एवं अविलंब निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके।

### सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय का एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय जमालपुर का निरीक्षण करने शुक्रवार को एसडीपीओ अभिषेक आनंद कार्यालय पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने पहले सर्कल के तमाम थाना के फाइलों का अवलोकन कर उनकी समीक्षा किए। उसके बाद संबंधित थाना के लंबित कांडों के निष्पादन को लेकर इंस्पेक्टर एसएन मंडल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस निरीक्षक कार्यालय से संबंधित सभी तरह के मामले का निष्पादन मैं तेजी लाने की बात कही। जबकि कार्यालय के सभी रिकॉर्ड के अलावे साफ सफाई व्यवस्था पर जोड़ देते हुए अनुशासन बनाए रखने की बात कही। एसडीपीओ ने यह भी कहा कि आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर तुरुत कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए थाना आने वाले लोगों के के साथ अच्छा संवाद स्थापित कर उनके भरोसे को जीतने का हमेशा सकारात्मक प्रयास होना चाहिए जिससे कि वर्दी की गरिमा बनी रहे। वहीं क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिए। मौके पर कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### सियालदह में 70वां रेलवे सप्ताह समारोह संपन्न

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व रेलवे के सियालदह स्थित बीसीरॉय ऑडिटोरियम में 70वें रेलवे सप्ताह समारोह के तहत महा प्रबंधक मिलिंद देवुस्कर प्रतिष्ठित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से जमालपुर कारखाने के पांच सीनियर सेक्शन इंजीनियर को पुरस्कृत किया है। रेलवे में अधिकारी एवं कर्मचारियों को यह सम्मान उनके रेलवे सेवा में उत्कृष्ट समर्पण दक्षता एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है जी कड़ी में जमालपुर कारखाने के सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुरेंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार तिवारी, रजनीश कुमार, नवीन कुमार एवं चंद्र देव सोरेन का नाम शामिल है। इधर महाप्रबंधक के हाथों सम्मानित होने पर सभी एसएससी ने आभार अधिकारियों के प्रति आभार जताया है। जबकि प्रबंधक के हाथों सम्मानित होने पर कारखाने के सभी एसएससी को विशेष तौर पर मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल ने भी बधाई दिए हैं। उन्होंने कहा है कि महाप्रबंधक का यह सम्मान रेल कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत रहेगा और उनके कामकाज में सेवा समर्पण त्याग एवं ईमानदारी का बोध कराएगा। विदित हो कि महाप्रबंधक के हाथों या सम्मान जमालपुर कारखाना के अलावा 100 से अधिक अधिकारी कर्मचारी को दिया गया।

### रास्ते अलग-अलग हैं, मंजिल एक है : के.एन. सिन्हा

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के रमना पकड़ी रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल में भोजपुर जिला शतरंज समिति के सचिव मोहम्मद सैफ के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन फिजिशियन एवं पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. के. एन. सिन्हा ने किया। मौके पर डॉ. सिन्हा ने कहा कि इफ्तार पार्टी इबादत एवं सौहार्द मिलन की पार्टी है। रास्ते अलग-अलग है। मंजिल सभी की एक है। सभी धर्म संप्रदाय के लोग मिलकर देश के प्रगति, उन्नति एवं अमन-चैन के लिए दुआ करें। इस पार्टी में हर धर्म संप्रदाय के सैकड़ो लोगों ने शिरकत किए। इफ्तार पार्टी में शामिल लोगों में डॉ. ए. अहमद, जय प्रकाश नारायण, सरदार गुरु चरण सिंह, रमना मैदान स्थित चर्च के फादर अनिल जीउत, मो.सैफ, मो. फैयाज, प्रसिद्ध गायक मो. मंसूर, समाजसेवी एवं पत्रकार डॉ. दिनेश सिन्हा, विनय सिन्हा, पूर्व पार्षद दिनेश मुन्ना, सत्येंद्र स्नेही, डॉ. सुधीर कुमार सिन्हा, मो. बेलाल, मो. चुनू, मो. समीर, संजय श्रीवास्तव, पत्रकार कंचन सिन्हा, अरुण, डॉ. संदीप सिन्हा, शशि जी, अनिल सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, शशि कांत, राजू कुमार आदि कई थे।

### बीडीओ ने गैस एजेंसी गोदाम का किया निरीक्षण

**उदवंतनगर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्पूरी ठाकुर, उदवंतनगर, थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश तथा आपूर्ति पदाधिकारी विश्वजीत ने संयुक्त रूप से वचन इंडियन गैस एजेंसी का उदवंतनगर स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने गैस सिलेंडर के उपलब्ध स्टाक, वितरण व्यवस्था एवं लाभुकों को समय पर गैस उपलब्ध कराने की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने संबंधित एजेंसी संचालक को निर्देश दिया कि आम लोगों को गैस की निर्वाध एवं सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वितरण प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी हो तथा किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति में त्वरित कार्यवाही की जाए ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बीडीओ ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि उदवंतनगर के गैस एजेंसी में पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है। अनावश्यक रूप से घबराकर बुकिंग नहीं करें और सामान्य तरीके से ही गैस का उठाव करें ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। बीडीओ के निरीक्षण के समय 319 सिलिंडर लदा ट्रक गैस एजेंसी पहुंचा। गोदाम में कार्यरत धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गैस सिलेंडर का वितरण आवश्यक दिशा-निर्देश के अनुसार किया जा रहा है।

### हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बरांव नये भवन में स्थानांतरित

**पीरो (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरांव पंचायत में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का नये भवन में स्थानांतरण के पश्चात शुक्रवार को इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। सिविल सर्जन भोजपुर डा. शिवेन्द्र कुमार ने स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का विधिवत शुरुआत की। मौके पर अपने संबोधन में सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकारी अस्पतालों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अब ग्रामीण क्षेत्र के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को भी सुविधा संपन्न करने की प्रक्रिया शुरु की है और इसके तहत उन्हें विकसित किया जा रहा है।

### समृद्धि यात्रा के दौरान औरंगाबाद में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, लोगों को किया संबोधित

# औरंगाबाद में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना कर लगाये जाएंगे नये उद्योग : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के क्रम में औरंगाबाद जिला अंतर्गत बारून के मुंशी बिगहा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पहली बार 24 नवंबर, 2005 को एनडीए की सरकार बनी तब से राज्य में कानून का राज कायम है और हमलोग निरंतर बिहार के विकास में लगे हुए हैं। वर्ष 2005 से पहले बिहार का बहुत बुरा हाल था। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने शिक्षा के क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया। शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। हमलोगों ने नियोजित शिक्षकों की बहाली की। बड़ी संख्या में नये स्कूल खोले गये और सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले लड़के-लड़कियों के लिए पोशाक एवं साइकिल योजना चलायी गई। वर्ष 2023 से बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 2 लाख 58 हजार सरकारी शिक्षकों की बहाली की गयी है। वर्ष 2006 से 3 लाख 68 हजार नियोजित शिक्षक बने थे जिसमें से बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 28,976 सरकारी शिक्षक बन गये। अब कुल मिलाकर सरकारी शिक्षकों की संख्या 5 लाख 24 हजार हो गयी है। इसके अलावा बीपीएससी द्वारा 45 हजार नये पदों पर शिक्षकों की बहाली शुरू की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत खराब थी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज के लिए प्रतिमाह मात्र 39 मरीज ही आते थे यानी प्रतिदिन 1 या 2 मरीज आते थे। वर्ष 2006 से सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा और इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी है। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हर महीने औसतन 11,600 मरीज आते हैं। पहले बिहार में मात्र 6 मेडिकल कॉलेज थे जिनकी संख्या अब 12 हो गयी है। इस वर्ष 6 मेडिकल कॉलेज और बन जायेंगे तथा शेष 21 जिलों में मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी शीघ्र पूरा किया जायेगा। पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को 5400 बेड तथा अन्य 5 पुराने मेडिकल कॉलेज को ढाई हजार बेड का किया जा रहा है। आईजीआईएमएस को 3 हजार बेड का बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। राज्य के सुदूर क्षेत्रों से 6 घंटे में पटना पहुंचने के लक्ष्य को वर्ष 2016 में पूरा कर लिया गया है। अब राज्य में बड़ी संख्या में सड़कों, पुल-पुलियों, रेल ओवरब्रिज, बाईपास एवं एलिवेटेड रोड के निर्माण से लगभग 5 घंटे में सुदूर क्षेत्रों से पटना पहुंचना संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि औरंगाबाद में विकास के कई कार्य कराये गये हैं। हमलोग पिछले दो दशक से लगातार बिहार के विकास में लगे हैं। वर्ष 2005 से पहले की सरकार ने कुछ नहीं किया। पहले औरंगाबाद की हालत काफी खराब थी। पटना से औरंगाबाद के बीच की सड़कें भी जर्जर थी जिसके कारण आवागमन काफी कठिन था। पहले पटना से औरंगाबाद पहुंचने में काफी समय लगता था। जिले के अंदर वाले क्षेत्रों में तथा आसपास के जिलों में आना-जाना बहुत कठिन था। पूरे जिले में बिजली की स्थिति बहुत दयनीय थी। हमलोगों ने शुरू से ही औरंगाबाद के विकास के लिए भी कई महत्वपूर्ण कार्य कराया है। पटना से औरंगाबाद तक अच्छी सड़क का निर्माण करा दिया गया है, इससे आवागमन सुगम हो गया है। औरंगाबाद में अनेक पुलों एवं पथों का निर्माण कराया गया है। सोन नदी पर दाउदनगर और नासरीगंज के बीच पुल का निर्माण कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक संस्थान की स्थापना की गयी है। महिला आईटीआई एवं सभी अनुमंडलों में आईटीआई की स्थापना की गयी है। जीएनएम संस्थान, पारा मेडिकल संस्थान की स्थापना की गयी है। यहां मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है। इस जिले में कर्पूरी छात्रावास एवं 2 आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया गया है। नवीनगर में थर्मल पावर प्लांट स्थापित कराया गया है। औरंगाबाद में पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। वर्ष 2024 के दिसम्बर एवं 2025 के जनवरी-फरवरी माह में मैंने प्रगति यात्रा के दौरान सभी जिलों में जाकर विकास कार्यों को देखा। यहां भी हम आकर विकास कार्यों का निरीक्षण एवं लोगों से बातचीत कर समस्याओं से अवगत हुए थे। उन समस्याओं के समाधान के लिए 8 योजनाओं की स्वीकृति दी गयी जिन पर काम चल रहा है, जिसे शीघ्र पूरा किया जायेगा। इन योजनाओं में देव नगर पंचायत में रिंग रोड का निर्माण, विशुनपुर कैनाल का निर्माण, राष्ट्रीय उच्च पथ पर ट्रामा सेंटर का निर्माण, औरंगाबाद शहर में अदरी नदी पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कार्य, मदनपुर प्रखंड के चांद बिगहा ग्राम में केशहर नदी पर चेकडैम का निर्माण, नगर पंचायत देव में अवस्थित सूर्य मंदिर के समीप सूर्य कुंड एवं रूद्र कुंड परिसर से एच0एच0- 101 तक ग्रीनफील्ड संपर्क पथ का निर्माण, औरंगाबाद जिले के मदनपुर, औरंगाबाद, नवीनगर, हसपुरा, गोह, ओबरा एवं दाउदनगर सहित कुल 7 प्रखंडों में नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण, औरंगाबाद में नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य आदि शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय 3 के तहत अगले 5 वर्षों 2025 से 2030 के बीच औरंगाबाद में अनेक काम कराये जायेंगे। रोजगार के लिए जिले की 3 लाख 51 हजार महिलाओं को 10 हजार रुपये के हिसाब से राशि दी जा चुकी है। इन्हें रोजगार आगे बढ़ाने के लिए 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जायेगी। औरंगाबाद में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना कर नये उद्योग लगाये जाएंगे। डेयरी को बढ़ावा देने के लिए शेष 752 गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन तथा सभी 202 पंचायतों में सुधा दूध बिक्री केन्द्र खोला जायेगा। सभी 11 प्रखंडों में आदर्श विद्यालय तथा डिग्री कॉलेज की स्थापना की जायेगी। सभी 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को विशिष्ट अस्पताल तथा औरंगाबाद सदर अस्पताल को अति विशिष्ट अस्पताल के रूप में विकसित किया जायेगा। यहां खेलों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जायेगी। सबका सम्मान-जीवन आसान निश्चय के तहत कठिनाइयों को दूर कर लोगों के लिए सरकारी सुविधाएं प्राप्त करना आसान बनाया जायेगा। इन कामों से जिले का पूरे तौर पर विकास होगा। केन्द्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। अब बिहार बहुत आगे बढ़ेगा और देश के विकसित राज्यों में शामिल हो जायेगा। जन संवाद कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी एवं लघु जल संसाधन सह औरंगाबाद जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, लघु जल संसाधन सह औरंगाबाद जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, विधायक चेतन आनंद, विधायक प्रमोद कुमार सिंह, विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, विधायक ललन राम, विधायक प्रकाश चंद्र, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व विधायकगण, पूर्व विधान पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।



# दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में 45 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 18 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार दुष्कर्म के मामले में 3, हत्या के प्रयास में 5, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 8 तथा अन्य मामलों में 29 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 60 लीटर देसी, 251.250 लीटर विदेशी, एक कार बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1112 वाहनों की जांच की गई जिसमें 88500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 28 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## प्रखंडस्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित के केशव सिंह उच्च विद्यालय के सभागार में प्रखंड संसाधन केंद्र के तत्वाधान में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार का आह्वान पर प्रखंड स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग 6 से 8 एवं सीनियर वर्ग 9 से 12 के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। लेखा सहायक कुश कुमार, प्रतीक कुमार, पीयूष कुमार के संयोजकत्व में क्विज प्रतियोगिता में नोडल शिक्षक आलोक कुमार, अमित कुमार, प्रमिला कुमारी ने सहभागिता निभाते हुए प्रतिभागी बच्चों से लिखित प्रश्नोत्तरी के माध्यम से प्रतियोगिता को समायोजित किया गया।

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर की विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

# तत्परता से योजनाओं को करें क्रियान्वित : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के क्रम में आज औरंगाबाद जिला अंतर्गत बारून के मुंशी बिगहा में आयोजित कार्यक्रम में जिले से संबंधित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। समीक्षा बैठक के दौरान औरंगाबाद के जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं, सात निश्चय-2 की योजनाओं तथा सात निश्चय 3 की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने जिले में किए जा रहे अन्य विकास कार्यों की भी जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनका क्रियान्वयन तेजी से करें। सात निश्चय-2 के तहत जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत जो योजनाएं निर्धारित की गई हैं, उस पर बेहतर ढंग से कार्य शुरू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सबको मालूम है कि 20 नवंबर, 2025 को राज्य में नई सरकार के गठन के कुछ ही दिनों बाद हमलोगों ने राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने हेतु सात निश्चय-3 के कार्यक्रमों को लागू किया है। सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान का मुख्य मकसद राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को और भी आसान बनाना है। इसे लेकर हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि सभी लोगों का सम्मान हो एवं उनका जीवन यापन आसान हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं को क्रियान्वित करें ताकि बिहार देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। राज्य में उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुविधायें देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। बिहार में उद्योग लगाने के लिये उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जा रहा है, जिससे राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को काफी मदद मिलेगी। उद्योग लगाने के लिये सभी जिलों में सुविधायें दी जा रही हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें अधिक से अधिक रोजगार मिल सके एवं उनका भविष्य सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप नीति बनाई गई है ताकि युवा अपना रोजगार शुरू कर सकें। हमारे राज्य के युवा दक्ष और सक्षम हों इसके लिए हमलोग कार्य कर रहे हैं। समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, लघु जल संसाधन सह औरंगाबाद जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव / सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : डॉ निर्मल कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के तहत गया और औरंगाबाद दौरे का जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता एवं औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के पूर्व प्रभारी डॉ निर्मल कुशवाहा ने जोरदार स्वागत करते हुए इसे विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। डॉ निर्मल कुशवाहा ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान विभिन्न जिलों के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की थी। अब समृद्धि यात्रा के माध्यम से वे न केवल उन घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे हैं, बल्कि योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी कर रहे हैं। यह दर्शाता है कि वे अपने वादों और घोषणाओं के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब राजनीति में वादों को लेकर अक्सर सवाल उठते हैं, ऐसे समय में मुख्यमंत्री का यह रवैया उन्हें एक दूरदर्शी और जिम्मेदार नेता के रूप में स्थापित करता है। उनके नेतृत्व में बिहार ने विकास के नए आयाम हासिल किए हैं और राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। डॉ कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा यह घोषणा कि आने वाले पांच वर्षों में बिहार विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा, कोई आश्चर्य की बात नहीं है। यह पिछले करीब दो दशकों से उनके नेतृत्व में किए जा रहे सतत विकास कार्यों का ही परिणाम है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि गया और औरंगाबाद में करोड़ों की योजनाओं की सौगात से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी और इसका लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचेगा।

